वर्ष-07 - अंक 286
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार ,23 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित


इलेक्ट्रॉनिक्स व मोबाइल विनिर्माण में यूपी ने रचा .......................... 3
हर गरीब का पक्का घर, सम्मानजनक जीवन की मजबूत नींव.................. 4
राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली जाने की तैयारी ........ 11

# भ्रष्टाचार रोकने के लिए मृत्युदंड पर भी हो विचारःहाईकोर्ट

## चढ़ावे की चोरी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की तीखी टिप्पणी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार और अवैध निर्माण से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान ऐसी सख्त टिप्पणियां की हैं, जिन्होंने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के विवाद का उल्लेख करते हुए न्यायालय ने कहा कि यदि भगवान के नाम पर चढ़ाए गए दान की चोरी भी समाज को शर्मिंदा नहीं कर पा रही है, तो यह ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के गंभीर पतन का संकेत है। अदालत ने केंद्र सरकार से यह तक कह दिया कि यदि भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण करना है, तो गंभीर मामलों में मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक कानून, 1988 में संशोधन पर विचार किया जाना चाहिए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ में न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंद हमीरपुर निवासी कैफुद्दीन एवं अन्य याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाओं में बुलडोजर कार्रवाई पर रोक और




संरक्षण की मांग की गई थी। 51 पृष्ठों के विस्तृत फैसले में न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने भ्रष्टाचार, प्रशासनिक जवाबदेही, अवैध निर्माण और समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता पर विस्तार से अपनी चिंता व्यक्त की। हालांकि, फैसले के कुछ बिंदुओं, विशेषकर बुलडोजर कार्रवाई से संबंधित समय-सीमा के सुझाव पर न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंद ने अलग राय दर्ज की।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी ने तोड़ दिया सब्र का बांध'

न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी का विवाद उस स्थिति का प्रतीक है, जहां भ्रष्टाचार समाज में इतनी गहराई तक पहुंच चुका है कि लोग अब ऐसे मामलों से भी विचलित नहीं हो रहे हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि यह घटना 'ऊंट की पीठ पर आखिरी तिनका' साबित हुई, जिसने यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि यदि धार्मिक आस्था से जुड़े दान की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो समाज में नैतिकता का स्तर कितना गिर चुका है। न्यायमूर्ति श्रीधरन ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी संदेश देने के लिए अब केवल कठोर दंड ही नहीं, बल्कि कानून में ऐसे संशोधनों पर भी विचार किया जाना चाहिए, जिनमें गंभीर भ्रष्टाचार के मामलों में मृत्युदंड जैसी सजा का विकल्प उपलब्ध हो।

### 'रिश्वत लेकर आंखें बंद कर लेते हैं अधिकारी'

अदालत ने नगर निगमों और विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि अनेक मामलों में भ्रष्ट अधिकारी रिश्वत लेकर अवैध निर्माण को संरक्षण देते हैं। जब वर्षों बाद कार्रवाई होती है, तब उसका सबसे बड़ा नुकसान उन आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जिन्होंने अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी लगाकर मकान खरीदे होते हैं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट कहा कि अवैध निर्माण कराने वाले बिल्डरों के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को भी कानून के तहत समान रूप से कठोर दंड मिलना चाहिए। केवल बिल्डरों पर कार्रवाई कर देने से भ्रष्टाचार की जड़ समाप्त नहीं होगी।

### भ्रष्टाचार बढ़ा रहा आर्थिक असमानता

फैसले में न्यायालय ने भ्रष्टाचार को सामाजिक और आर्थिक असमानता का बड़ा कारण बताते हुए कहा कि अवैध तरीकों से अर्जित संपत्ति कुछ लोगों के हाथों में लगातार केंद्रित हो रही है। इससे अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में सामाजिक असंतोष और गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

### ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट का हवाला

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की वर्ष 2025 की भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (Corruption Perceptions Index) रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि 182 देशों में भारत का स्थान 91वां है। अदालत ने चिंता व्यक्त की कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद भ्रष्टाचार के प्रति समाज में अपेक्षित संवेदनशीलता दिखाई नहीं देती।

### भ्रष्टाचार पर न्यायालय का कड़ा संदेश

**इलाहाबाद हाईकोर्ट की इन टिप्पणियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध न्यायपालिका के अब तक के सबसे कड़े संदेशों में से एक माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासनिक तंत्र, सरकारी अधिकारी और समाज भ्रष्टाचार के प्रति गंभीर नहीं हुए, तो इसका दुष्परिणाम केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक व्यवस्था, कानून के शासन और नागरिकों के न्याय व्यवस्था पर विश्वास को भी गहरा आघात पहुंचेगा। न्यायालय ने सरकार और प्रशासन को यह संकेत दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रभावी, कठोर और व्यापक कदम उठाना अब समय की आवश्यकता बन चुका है।**

### बुलडोजर कार्रवाई पर भी महत्वपूर्ण सुझाव

फैसले में न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बाद कम से कम दो वर्ष तक उसके मकान को ध्वस्त नहीं किया जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति किसी मकान में तीन वर्ष या उससे अधिक समय से रह रहा है, तो ध्वस्तीकरण से कम से कम एक वर्ष पूर्व नोटिस देकर उसे वैकल्पिक व्यवस्था का अवसर दिया जाना चाहिए। हालांकि, न्यायमूर्ति सिद्धार्थनंद ने इस सुझाव से असहमति जताते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट किसी निश्चित समय-सीमा का निर्धारण नहीं कर सकता। उनके अनुसार ऐसा प्रावधान भविष्य में आरोपियों द्वारा केवल बुलडोजर कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से एफआईआर का दुरुपयोग करने का माध्यम बन सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 16 साल बाद भारत लौटने की तैयारी में ललित मोदी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष ललित मोदी ने 16 वर्ष बाद भारत लौटने की इच्छा जताई है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (एफईएमए) से जुड़े वर्ष 2009 के आईपीएल दक्षिण अफ्रीका मामले में अपीलीय न्यायाधिकरण से राहत मिलने के बाद उन्होंने कहा कि वह इस वर्ष के अंत या अगले वर्ष की शुरुआत में भारत लौटने की योजना बना रहे हैं। ललित मोदी ने कहा कि 16 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई के बाद उन्हें न्याय मिला है। उनके अनुसार, उन्होंने हमेशा यह कहा था कि उन्होंने आईपीएल के हित में कार्य किया था और अब न्यायाधिकरण के फैसले ने उनके पक्ष को सही ठहराया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फैसले से बेहद खुश हूं। 16 साल तक मैंने कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार सच सामने आ गया। अब यह अध्याय समाप्त हो चुका है और मैं अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं भारत लौटने का इंतजार कर रहा हूं। '

### अनंतनाग में आतंकियों ने पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी। यह हमला अनंतनाग के लाल चौक (कोकरनाग रोड) क्षेत्र में उस समय हुआ, जब पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात थे। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान हेड कांस्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां हमलावरों की तलाश में जुटी हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), जिसे लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी संगठन माना जाता है, ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां इस दावे की भी जांच कर रही हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात और विशेष पुलिस महानिदेशक एस.जे.एम. गिलानी मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। डीजीपी ने दिवंगत पुलिसकर्मी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा तथा हमले में शामिल आतंकियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार से आश्वासन मिलने पर अनशन खत्म करूंगा: सोनम वांगचुक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** पर्यावरणविद एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को पत्र लिखकर कहा कि यदि सरकार आंदोलन में शामिल किसी भी युवा प्रदर्शनकारी के खिलाफ दंडात्मक या प्रतिशोधात्मक कानूनी कार्रवाई नहीं करने का स्पष्ट आश्वासन देती है, तो वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त करने को तैयार हैं। अन्यथा उन्हें अपना अनशन जारी रखना पड़ेगा। पत्र में वांगचुक ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों का अस्पताल पहुंचकर उनसे मुलाकात करने और अनशन समाप्त करने की अपील करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान मंत्रियों ने आंदोलन से जुड़ी विभिन्न मांगों पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा दिया। वांगचुक ने सरकार से परीक्षा प्रश्नपत्र



लीक की घटनाओं के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग दोहराई। साथ ही उन्होंने संसद में इस मुद्दे पर सार्थक चर्चा कराने, जिम्मेदारी तय करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर भी विचार किए जाने की बात कही। उन्होंने अपने पत्र में 20 जुलाई को निकाले गए 'संसद चलो' मार्च का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस की सख्ती और बल प्रयोग के बावजूद प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया ने प्रदर्शनकारियों के धैर्य और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने की भावना को देखा है। ऐसे में प्रतिभागियों के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई या प्रतिशोध लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों के विश्वास को कमजोर करेगा। वांगचुक ने बताया कि केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग 65 सांसदों ने उन्हें पत्र लिखकर या व्यक्तिगत रूप से मिलकर अनशन समाप्त करने का आग्रह किया है। सांसदों ने उनसे कहा कि देश की सेवा के लिए उन्हें अभी बहुत कार्य करना है। पत्र के अंत में सोनम वांगचुक ने भावुक शब्दों में लिखा, 'मैं जीना चाहता हूं। मैं अपने छात्रों, शिक्षा और उस कार्य में लौटना चाहता हूं जिसने मेरे जीवन को दिशा दी है। लेकिन मैं ऐसा उन युवाओं की कीमत पर नहीं कर सकता, जिनके लिए यह आंदोलन शुरू हुआ। ' उन्होंने दोहराया कि यदि सरकार आंदोलन में शामिल युवाओं के खिलाफ किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का भरोसा देती है, तो वह अपना अनशन समाप्त करने पर विचार करेंगे।

## राम मंदिर ट्रस्ट के कार्यवाहक महासचिव बने डॉ. कृष्ण मोहन

**अयोध्या(एजेंसी)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मंगलवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. कृष्ण मोहन को अगले आदेश तक ट्रस्ट के महासचिव का कार्यभार सौंपने का निर्णय लिया गया। करीब ढाई घंटे तक चली बैठक में ट्रस्ट के प्रशासनिक एवं संगठनात्मक कार्यों के साथ मंदिर निर्माण और अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। बैठक के बाद ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि डॉ. कृष्ण मोहन फिलहाल महासचिव के रूप में कार्य करेंगे। ट्रस्ट का मानना है कि इस निर्णय से प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी। बैठक में अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई, जिनकी विस्तृत जानकारी ट्रस्ट की ओर से बाद में जारी किए जाने की संभावना है। डॉ. कृष्ण मोहन उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के निवासी हैं



**डॉ. कृष्ण मोहन को अगले आदेश तक ट्रस्ट के महासचिव का कार्यभार सौंपने का निर्णय लिया गया।**

और वर्तमान में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। हाल ही में राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में पुलिस को सबसे पहले तहरीर भी उन्होंने ही दी थी। सितंबर 1952 में बरेली में जन्मे डॉ. कृष्ण मोहन का पैतृक निवास हरदोई जिले के शाहाबाद क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार में है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद लगभग पांच वर्षों तक परमाणु ऊर्जा विभाग में वैज्ञानिक के रूप में कार्य किया।

## 25 जुलाई को मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियां तेज

**इटावा(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 25 जुलाई को प्रस्तावित इटावा दौरे को लेकर जिला प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने नुमाइश पंडाल स्थित सभा स्थल तथा पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभा स्थल, मंच, वीआईपी आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, आमजन के प्रवेश एवं निकास मार्ग, आपातकालीन निकासी, अग्निशमन, चिकित्सा सुविधा और विद्युत व्यवस्था सहित सभी तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूरी की जाएं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## रांची में 1 सितंबर से अग्निवीर भर्ती रैली, तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

### डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सुरक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं पर रहेगा विशेष फोकस

**रांची(एजेंसी)।** राजधानी रांची में 1 सितंबर से प्रस्तावित अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियां तेज हो गई हैं। भर्ती रैली के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों और सेना के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेना के



अधिकारी एम.के. शर्मा ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली 1 सितंबर से शुरू होकर लगभग 12 से 13 दिनों तक चलेगी। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रवेश प्रक्रिया प्रतिदिन रात 12 बजे से शुरू की जाएगी, ताकि भीड़ का बेहतर प्रबंधन किया जा सके और अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भर्ती स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। उन्होंने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, जेनरेटर बैकअप, एलईडी स्क्रीन, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, निर्बाध इंटरनेट सुविधा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और सैनिटेशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एंबुलेंस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने तथा पुलिस प्रशासन को सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के प्रभावी इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए भर्ती स्थल पर सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य भर्ती रैली को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और सुचारु रूप से संपन्न कराना है, ताकि दूर-दराज से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना से 488 महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता

**देहरादून(एजेंसी)।** उत्तराखंड सरकार की मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत बुधवार को राज्य की 488 महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्य सेवक सदन, कैंट रोड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योजना के दूसरे चरण की 212 नई लाभार्थी महिलाओं को पहली किस्त तथा पहले चरण की 276 महिलाओं को दूसरी किस्त की सहायता राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार एकल, निराश्रित, परित्यक्ता और विधवा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से



सशक्त बनाकर उन्हें अपने ही गांव और क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह योजना महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के साथ-साथ उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेगी। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि योजना के दूसरे चरण में आठ जिलों की 212 महिलाओं को पहली किस्त के रूप में 1.55 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की गई है। वहीं, पहले चरण में योजना का लाभ ले रही देहरादून, नैनीताल और टिहरी की 276 महिलाओं को दूसरी किस्त के रूप में 1.20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत महिलाओं को कृषि, पशुपालन, डेयरी, ब्यूटी पार्लर, सिलाई-कढ़ाई, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य लघु उद्यम स्थापित करने के लिए अधिकतम दो लाख रुपये तक की परियोजना पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। शेष 25 प्रतिशत राशि लाभार्थी महिला द्वारा वहन की जाती है। रेखा आर्या ने बताया कि योजना के पहले चरण में 10 फरवरी 2026 को राज्य के छह जिलों की 484 महिलाओं को 3.45 करोड़ रुपये से अधिक की पहली किस्त प्रदान की गई थी। दूसरे चरण में अल्मोड़ा, चंपावत, चमोली, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी और देहरादून की 212 नई महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। देहरादून के कांवली रोड निवासी नीलू जैन ने बताया कि वर्ष 2022 में कैंसर से उनके पति के निधन के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया था।

## भारत ने दोहराई स्वतंत्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता : जयशंकर

**मनीला(एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत की ओर से स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) की केंद्रीय भूमिका को मान्यता देना भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के अलावा अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी शामिल हुए। बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, क्षेत्रीय सुरक्षा, सहयोग और हाल के घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि



मनीला में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा की गई और नई दिल्ली में हुई पिछली बैठक के निर्णयों पर आगे की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि भारत स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है तथा आसियान की केंद्रीय भूमिका का पूर्ण समर्थन करता है। क्वाड देशों के विदेश मंत्री मनीला में आसियान से संबंधित बैठकों में भी भाग लेने पहुंचे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फुरसतगंज पुलिस द्वारा 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर का सूचना पर 03 अभियुक्तों राकेश पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम बन्झोलिया थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी, अनिल उर्फ कचूमर पुत्र संतलाल, 3.बाबूलाल पुत्र टैंगन निवासीगण सोनारगांव मजरे तेन्दुआ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे कुल 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जामिया नईमिया अरबी कॉलेज समिति चुनाव हुआ शांतिपूर्ण सम्पन्न




**बलरामपुर** जामिया नईमिया अरबी कॉलेज समिति मोहल्ला अतीकनगर इटवा रोड पोस्ट व तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में डिप्टी रजिस्ट्रार फॉर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स 145 रीडगंज अयोध्या मंडल अयोध्या के आदेश दिनांक 07/07/2026 के क्रम में आज दिनांक 22/07/2026 को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी बलरामपुर को चुनाव संपन्न कराने का आदेश दिया निर्गत किया गया था जिसके क्रम में आज चुनाव अल्पसंख्यक अधिकारी की उपस्थित और मार्गदर्शन में कराया गया जिसमें 11 सदस्यो का मतदान के सूची में नाम होने की सूचना मिली जिसमें 7 पर्चे खरीदे गये और सातों लोग निर्विरोध निर्वाचित हुए। क्रमशः 1 अध्यक्ष बरकात उल्लाह निवासी जरवा रोड शीतलपुर तुलसीपुर 2. प्रबंधक मेराजुद्दीन खां ग्राम ओडाझार खुर्द तुलसीपुर 3, उप प्रबन्धक अब्दुल सलाम क़ादरी नई बाजार वार्ड नं 4 तुलसीपुर 4, संरक्षक अब्दुल हलीम ग्राम नचौरा पोस्ट लक्ष्मीनगर तुलसीपुर 5, सह संरक्षक मेंहदी हसन निवासी ग्राम मद्रहवा पोस्ट भगवानपुर 6. कोषाध्यक्ष अतीकुरहमान नई बाजार पुरवा तुलसीपुर 7. सचिव नुरूल हुदा निवासी बढ़ई पूरवा पोस्ट गोदहना जनपद बलरामपुर के रूप में दर्ज की गई और सभी लोग निर्विरोध निर्वाचित हुए। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में चुनाव को संपन्न कराया गया।

### बाइक सवार को बचाने में बेकाबू कार खंती में घुसी चालक घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** सरेनी रोड पर मलपुरा गांव के पास बुधवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा घुसी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि चालक घायल हो गया। चालक नगर निवासी सूरज गौतम ने बताया कि किसी जरूरी काम से लौटते समय अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार का संतुलन बिगड़ गया। इससे कार सड़क से उतरकर खंती में जा गिरी और पलट गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने कार में फंसे चालक को बाहर निकाला। घायल को उपचार के लिए भेजा गया।

### जमीनी विवाद में मारपीट का लगाया आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर गांव में मंगलवार की देर शाम को जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासिनी पुष्पा देवी ने बताया कि वह अपने घर के बगल की जमीन पर पुरानी दीवार पर काम कर रही थी। तभी गांव के ही छह लोग उसके घर मे घुसकर गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए बेटे अंश पर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। इससे उसके सिर पर गहरे जख्म हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 6 वर्षों से मरम्मत के इंतजार में गन्ना क्रय केंद्र मार्ग जर्जर, दर्जनों गांवों के लोग परेशान

**» सड़क बनी मुसीबत, 5-6 वर्षों से मरम्मत का इंतजार; बारिश में पैदल चलना भी दूभर जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर ध्यान देने की जरूरत है**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के ग्रामीण क्षेत्र की कुछ सडके जर्जर हो गई हैं जगह-जगह गढ्ढे में पानी भर गया है ग्रामीणों को आने-जाने में हो रही है भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्र की सड़क पर ध्यान नहीं दे रहे हैं पिछले 10 वर्षों से सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है जिसके कारण गड्ढे में तब्दील हो गई है विश्वास सूत्रों से पता चला की हर तीसरे साल सड़कों की मरम्मत में लाखों रुपए खर्च हो जा रहे हैं जबकि धरातल पर सच्चाई कुछ और बयां कर रही है जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं। ताजा मामलाकलवारी थाना क्षेत्र के चकदहा से तुरकौलिया, मनौआ सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले राम-जानकी मार्ग पर स्थित बदहाल सड़क स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ और जलभराव में तब्दील हो जाती है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहन चालक और साइकिल सवार अक्सर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि राहगीरों का बिना कीचड़ से सने इस रास्ते से निकल पाना लगभग असंभव हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है। गन्ना पेराई सत्र शुरू होने पर इसी मार्ग से बड़ी संख्या में गन्ने से लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां चीनी मिलों की ओर जाती हैं। सड़क से करीब 500 मीटर आगे गन्ने की तौल के लिए कांटा भी स्थित है, जिससे भारी वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है। ऐसे में जर्जर सड़क और जलभराव के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। आसपास के ग्रामीण इसी चिंता में रहते हैं कि कहीं कोई गंभीर दुर्घटना न हो जाए।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार विधायक, सांसद और संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी गई तथा मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि पहले जो सड़क बनी हुई थी, उसे भी नई सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार ने उखाड़ दिया। बाद में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि इस हिस्से की सड़क स्वीकृत नहीं थी और दूसरी सड़क स्वीकृत होने के कारण गलती से इसे उखाड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पिछले पांच से छह वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी है। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कई बार इस मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। तुरकौलिया के पूर्व ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश उर्फ पिंटू का ने बताया कि सड़क की मरम्मत को लेकर उन्होंने कई बार सांसद, विधायक और जिलाधिकारी तक से मौखिक तथा लिखित रूप से कहा लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए सड़क जीवन रेखा है जिससे होकर रोजाना हजारों की तादाद में स्कूली बच्चे तथा अन्य लोग पैदल से लेकर चार पहिया वाहन से आया -जाया करते हैं, गन्ना क्रय केंद्र का कांटा होने की वजह से बड़े ट्रक भी आते हैं जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से राम-जानकी मार्ग की तत्काल मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु करने तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री से 09 माह के बकाया मानदेय की भुगतान करने की मांग

**» बकाये मानदेय का भुगतान समय से न होने कारण रक्षा बंधन का त्योहार पड़ सकता है फीका- संविदाकर्मी महिलाएं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन कैम्प कार्यालय गोरखनाथ मंदिर परिसर के माध्यम से संविदाकर्मियों ने मुख्यमंत्री को लखनऊ भेजा और 09 महीने से बकाया मानदेय का भुगतान करने की तत्काल मांग की है। आपको बता दें कि बस्ती जनपद के अंतर्गत समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अवनि परिधि एजेंसी के माध्यम से स्वास्थ विभाग में तैनात वार्ड बॉय व वार्ड आया/स्वीपर काम चौकीदार को विगत वित्तीय वर्ष नवम्बर 2024 से फरवरी 2025 तक मानदेय न मिलने से सभी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है जिसके कारण संविदाकर्मियों के समस्त परिवार भूखमरी के कगार पर है और परिवारों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सभी संविदाकर्मियों ने अपने बकाया मानदेय के भुगतान के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती डा0 राजीव निगम से शिकायत किया था और मुलाकात भी किया था तो सीएमओ कार्यालय में बकाया मानदेय भुगतान की मांग करने पर डराया धमकाया जाता है और कहा जाता है कि अगर ज्यादा मनमानी करोंगे तो कम्पनी से निकाल देंगे। संविदाकर्मियों ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि हम सभी कर्मचारियों के बकाये मानदेय का भुगतान कराने का आदेश दिया जाएं जिससे सभी संविदाकर्मियों के परिवार का भरण पोषण हो सके। मीडिया टीम से बातचीत में कुछ महिला कर्मचारियों ने कहा कि अगामी महीने अर्थात् अगस्त में रक्षा बंधन का त्योहार है यदि समय रहते बकाया मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो भाई - बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन फीका पड़ सकता है।

### सिहाभार में दर्दनाक हादसा: बच्चों को बचाने उतरे जगदीश गौतम डूबे, गांव में शोक

ठूठीबारी, महाराजगंज। मानवता की मिसाल पेश करते हुए नौतनवा ब्लॉक के ग्राम सभा सिहाभार निवासी जगदीश गौतम ने दो बच्चों की जान बचाने के लिए अपनी जान दे दी। गुरुवार को गांव के घोला में डूब रहे दो मासूमों को बचाने के प्रयास में वह स्वयं गहरे पानी में समा गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरगदवा थाना क्षेत्र के सिहाभार गांव स्थित घोला में दो बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे जगदीश गौतम बिना एक पल गंवाए पानी में कूद गए। उन्होंने किसी तरह दोनों बच्चों को बाहर निकालकर किनारे पहुंचाया, लेकिन खुद गहरे पानी में फंस गए और डूब गए। घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने जगदीश को पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों ने जगदीश के साहस को सलाम करते हुए उन्हें 'सच्चा बहादुर' और 'मानवता का प्रतीक' बताया। बरगदवा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने कहा 'जगदीश ने अपने प्राण देकर दो घर बसा दिए।

### बलरामपुर में एफएमडी टीकाकरण अभियान शुरू,1.97 लाख पशुओं को लगेगा नि: शुल्क टीका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय पशुधन नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में बुधवार से एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजीज) निःशुल्क टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हो गया। तहसील तुलसीपुर में आयोजित कार्यक्रम में देवीपाटन मंदिर के महंत श्री मिथिलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने टीकाकरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। 22 जुलाई से 7 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान जनपद के करीब 1 लाख 97 हजार गोवंश एवं महिषवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पशुओं को फुट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखना, पशुधन की उत्पादकता बढ़ाना तथा पशुपालकों की आय और आजीविका को सुदृढ़ करना है।

अभियान के शुभारंभ के बाद जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों और कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान पशुधन संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद का कोई भी पात्र पशु टीकाकरण से वंचित न रहे। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक टीकाकरण की जियो-टैग्ड फोटो लेकर उसे पशुधन ऐप पर तत्काल अपलोड किया जाएगा, जिससे ऑनलाइन मॉनिटरिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सकेगी। डीएम ने



सभी टीकाकरण टीमों के लिए क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित करने, समय से गांवों में पहुंचकर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने तथा पशुपालकों को एफएमडी रोग से बचाव और समय पर टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### भाजपा ने चारों विधानसभाओं में आयोजित किया बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

**» संगठन सशक्तीकरण का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी,जनपद अमेठी द्वारा बुधवार को जनपद की चारों विधानसभाओं में 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया गया। 178 तिलोई विधानसभा में मुख्य अतिथि डॉ. आर्य वर्मा, 184 जगदीशपुर विधानसभा में पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, 185 गौरीगंज विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष सीता शरण त्रिपाठी तथा 186 अमेठी विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह 'छंगू' ने सम्मेलन को संबोधित किया।मुख्य अतिथियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन बूथ की मजबूती पर आधारित है। बूथ अध्यक्ष संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उनकी सक्रियता ही पार्टी की विजय का आधार बनती है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने




तथा संगठन के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया।सम्मेलन में उपस्थित बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण निष्ठा, समर्पण और उत्साह के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। चारों विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं का जोश, अनुशासन और व्यापक सहभागिता देखने को मिली। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और बूथ स्तर पर सशक्त संगठन ही भारतीय जनता पार्टी की सफलता का आधार है।सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने वाले युवक को सजा

**भदोही।** थाना दुर्गागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत एवं अश्लील शब्द बोलने के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए न्यायालय उठने तक की सजा और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में थाना दुर्गागंज पुलिस द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप यह कार्रवाई हुई। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2025 में दर्ज मुकदमा संख्या 147/2025, धारा 296 बीएनएस के तहत अभियुक्त धीरज कुमार सरोज पुत्र जवाहर लाल सरोज, निवासी महाराजपुर, थाना सरायममरेज, जनपद प्रयागराज के विरुद्ध न्यायालय में सुनवाई चल रही थी। सुनवाई के दौरान अभियुक्त ने न्यायालय के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके आधार पर न्यायालय ने उसे दोषी मानते हुए न्यायालय उठने तक की सजा तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने आदेश दिया कि यदि अभियुक्त अर्थदंड जमा नहीं करता है तो उसे सात दिन का साधारण कारावास भुगतना होगा।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर आम से लदा डीसीएम पलटा, चालक व कंडक्टर घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर सेमरी गांव के पास मंगलवार को आम से लदा एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक डीसीएम लखनऊ से आम लेकर प्रयागराज जा रहा था। सेमरी गांव के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक संतोष यादव पुत्र मुन्नालाल, निवासी राजा तालाब, महाराजगंज (वाराणसी) और परिचालक नसरुद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन, निवासी बदरपुर, गाजीपुर घायल हो गए। सूचना मिलते ही पीआरवी-112 के कमांडर मुन्ना सिंह एसआई और चालक मनीष सिंह मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। इसके बाद क्रेन की मदद से पलटे हुए डीसीएम को एक्सप्रेसवे से हटाया गया। वाहन हटने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

## पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज के कार्यवाही पर टिकी हुई हैं सबकी निगाहें

**कोटेदार संजय कुमार पर घटतौली की जांच में हो चुकी है पुष्टि, कार्यवाही की लटक रही तलवार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्तीजिले केकोटेदार संजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई करना पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज पर किसी चुनौती से कम नहीं है और पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज के द्वारा कोटेदार संजय कुमार के खिलाफ कार्यवाही को लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई है। ग्राम पंचायत नरहरपुर के उचित दर विक्रेता (कोटेदार) संजय कुमार के विरुद्ध राशन वितरण में अनियमितता एवं घटतौली की शिकायतों के बाद कार्रवाई की प्रक्रिया तेज हो गई है। उप जिलाधिकारी हर्रैया उमाकांत तिवारी ने पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज को निर्देश दिया है कि कोटेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 07 कार्य दिवस के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल सहित अन्य उच्च अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद 12 जुलाई को गठित जांच टीम ने उचित दर की दुकान की जांच की थी। जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होने पर रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी कप्तानगंज कृष्ण कुमार सिंह को सौंपी गई। इसके बाद बीडीओ ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उप जिलाधिकारी हर्रैया को भेज दी थी। उप जिलाधिकारी के निर्देश के बाद अब पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। एसडीएम उमाकांत तिवारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोटेदार संजय कुमार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं तथा सात कार्य दिवस के भीतर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा गया है। उक्त प्रकरण में पूर्ति निरीक्षक कप्तानगंज से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो पूर्ति निरीक्षक का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर निकला।

## ग्राम पंचायत परसपुरा में कोटेदार चयन को लेकर विवाद शुरू

**» उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की तैयारी**
**» कोटेदार चयन में ग्रामीणों ने बिना सूचना के प्रक्रिया पूरी करने का लगाया आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केविकास खण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसपुरा में दिनांक - 20-07-2026 को कोटेदार के चयन के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कौशिल्या देवी ने की। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि रामउगाह चौधरी, सचिव प्रिया सिंह, बीएमएम पीयूष चौधरी, बीएमएम उपेंद्र गुप्ता तथा पुलिस विभाग से दिनेश प्रताप एवं सौरभ वर्मा सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में शासनादेश के अनुसार मतदाता सूची में मतदाता संख्या के1/5 सदस्यों का होना आवश्यक होता है तब कोरम पूरा माना जाता है और चयन प्रक्रिया शुरू होती है लेकिन बैठक में मात्र 35 - 40 ग्रामीण उपस्थित थे फिर भी बैठक के दौरान दीपक स्वयं सहायता समूह से रजना देवी का कोटेदार पद हेतु चयन किया गया जिसको लेकर बैठक में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों पर सवाल खड़ा हो रहा है। आपको बता दें कि 23 जून 2026 को कोरम पूरा न होने के कारण कोटेदार चयन की प्रक्रिया संपन्न नहीं हो सकी थी। इसके बाद 06 जुलाई 2026 को तीन समूहों द्वारा आवेदन प्राप्त किए गए थे लेकिन उस दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न होने के कारण चयन प्रक्रिया एक बार फिर अधूरी रह गई थी।

ग्रामीणों ने बिना सूचना के प्रक्रिया पूरी करने का आरोप लगाया है। चयन प्रक्रिया को लेकर कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्हें बिना पूर्व सूचना दिए ही पूरी प्रक्रिया संपन्न कर दी गई जो पूरी तरह गलत है । ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें बैठक की जानकारी समय से नहीं दी गई थी जिसके कारण वे इसमें भाग नहीं ले सके। अधिकारियों ने बताया कि सभी संबंधित पक्षों को सूचना दी गई थी और उपस्थित सदस्यों की सहमति से ही रजना देवी का चयन किया गया। फिलहाल इस मामले को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच मतभेद की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और गलत तरीके से की गई कोटेदार की चयन प्रक्रिया को निरस्त करते हुए चयन प्रक्रिया की नई तिथि घोषित की जाएं। उक्त प्रकरण में सचिव प्रिया सिंह ने कहा कि एडीओ पंचायत समेत अन्य लोग मौजूद थे सबको ने कहा कि पहली बार कोरम पूरा नहीं हुआ था जिसके कारण चयन प्रक्रिया पूरी नही हुई थी इसीलिए अबकी बार कोरम न पूरा होने पर भी कोटेदार की चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अब देखना यह है कि उक्त प्रकरण में आगे क्या कार्यवाही होती है?

### बलरामपुर सीएमओ के निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य विभाग की पोल

**» दो सीएचसी से 22 कर्मचारी गायब, गंदगी पर फटकार; वेतन रोकने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के निरीक्षण में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में कमियां मिली। बुधवार दोपहर करीब दो बजे सीएचसी उतरौला और सीएचसी गैण्डास बुजुर्ग का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ को दोनों अस्पतालों में कुल 22 अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले। कई वार्डों में गंदगी, बिना चादरों वाले बेड और बायो-मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में भी लापरवाही सामने आई। सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।सीएचसी उतरौला में उपस्थिति पंजिका की जांच के दौरान नौ अधिकारी-कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। इनमें चार चिकित्सकों समेत लैब टेक्नीशियन, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, कंप्यूटर ऑपरेटर और स्वीपर शामिल हैं।निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी और हीट वेव वार्ड में गंदी चादरें मिलीं, जबकि बायो-मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में भी गंभीर अनियमितताएं मिलीं। सीएमओ ने सभी मरीजों के पर्चे आभा आईडी (ABHA ID) के माध्यम से ऑनलाइन बनाने, वार्डों में प्रतिदिन साफ चादरें बिछाने और मरीजों का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएमओ ने सीएचसी गैण्डास बुजुर्ग का निरीक्षण किया, जहां स्थिति और भी खराब मिली। यहां 13 अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कई कर्मचारियों ने उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन अस्पताल में मौजूद नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक भी अनुपस्थित थे। वार्डों में कई बेड बिना चादरों के मिले, कुछ पर गंदी बेडशीट बिछी थी और इमरजेंसी वार्ड की साफ-सफाई भी बेहद खराब मिली। तकियों पर कवर तक नहीं थे। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया।सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने दोनों अस्पतालों के अधीक्षकों को निर्देश दिए कि निरीक्षण में मिली सभी कमियों को तत्काल दूर किया जाए। साथ ही अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेकर टिप्पणी सहित अनुपालन रिपोर्ट शीघ्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

सिहाभार में दर्दनाक हादसा: बच्चों को बचाने उतरे जगदीश गौतम डूबे, गांव में शोक

**ठूठीबारी, महाराजगंज।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए नौतनवा ब्लॉक के ग्राम सभा सिहाभार निवासी जगदीश गौतम ने दो बच्चों की जान बचाने के लिए अपनी जान दे दी। गुरुवार को गांव के घोला में डूब रहे दो मासूमों को बचाने के प्रयास में वह स्वयं गहरे पानी में समा गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरगदवा थाना क्षेत्र के सिहाभार गांव स्थित घोला में दो बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे जगदीश गौतम बिना एक पल गंवाए पानी में कूद गए। उन्होंने किसी तरह दोनों बच्चों को बाहर निकालकर किनारे पहुंचाया, लेकिन खुद गहरे पानी में फंस गए और डूब गए। घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने जगदीश को पानी से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों ने जगदीश के साहस को सलाम करते हुए उन्हें 'सच्चा बहादुर' और 'मानवता का प्रतीक' बताया। बरगदवा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने कहा 'जगदीश ने अपने प्राण देकर दो घर बसा दिए। ऐसे लोग सदियों में एक बार पैदा होते हैं।'

## महराजगंज में चुनाव से पहले सियासी भूचाल: नरसिंह पाण्डेय का बड़ा बयान

**» 'बाहरी दलों से आए नेता करेंगे घर वापसी, कार्यकर्ताओं की अनदेखी पड़ेगी भारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवा , महाराजगंज।** विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही जिले की राजनीति में भूचाल आ गया है। हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सत्ताधारी खेमे पर सीधा हमला बोल दिया। पाण्डेय ने कहा कि पिछले पांच साल में सत्ता का सुख भोगने के लिए कई लोग बाहरी दलों से आकर चुनाव लड़े और जीत गए। ये लोग कुछ जनप्रतिनिधियों के 'चहेते' बन गए। निजी स्वार्थ में अंधे जनप्रतिनिधियों ने इन्हें सिर-आंखों पर बैठाया और पुराने, जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को अपमानित कर दरकिनार कर दिया।

**'दलालों और चाटुकारों से घिरे रहे नेता '**

नरसिंह पाण्डेय ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधियों ने अपनी पूरी ऊर्जा दलालों और चाटुकारों को पालने में लगा दी। नतीजा ये हुआ कि पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले कार्यकर्ता हाशिए पर चले गए। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा- 'विधानसभा चुनाव से पहले ये बाहरी दलों से आए सभी जनप्रतिनिधि अपने पुराने घरों में वापस लौट जाएंगे। इसका एहसास अब खुद उन नेताओं को भी हो चुका है। '

**कार्यकर्ताओं में गुस्सा, सीटों पर पड़ेगा असर**

पाण्डेय ने कहा कि पांच साल तक पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दूसरे दलों से आए लोगों का गुणगान किया गया। इससे जमीनी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी है। इसका असर महाराजगंज जिले की कई विधानसभा सीटों पर साफ दिखाई देगा।



'गालीबाज विधायकों' को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि छोटे कार्यकर्ताओं के गुस्से का सामना करने के लिए तैयार रहें। साथ ही शीर्ष नेतृत्व को भी चेताया कि अगर इस बार भी कार्यकर्ताओं पर बाहरी प्रत्याशी थोपे गए तो उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। नरसिंह पाण्डेय के इस बयान के बाद जिले की सियासत में हलचल तेज हो गई है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि चुनाव से पहले समीकरण कितने बदलते हैं।

# इलेक्ट्रॉनिक्स व मोबाइल विनिर्माण में यूपी ने रचा नया इतिहास

## नोएडा बना हाई-टेक मैन्युफैचरिंग हब, सेमीकंडटर और इलेट्रॉनिस निवेश से मिली नई रतार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल विनिर्माण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। औद्योगिक विकास विभाग के अनुसार, देश में बनने वाले लगभग 65 प्रतिशत मोबाइल फोन का निर्माण अब उत्तर प्रदेश में हो रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा को केंद्र बनाकर विकसित हुए औद्योगिक इकोसिस्टम ने राज्य को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हब के रूप में नई पहचान दिलाई है। राज्य में सैमसंग, ओप्पो, वीवो, एलजी, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, ऑप्टीमस, पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स, ज़ेटवर्क तथा भगवती प्रोडक्ट्स (माइक्रोमैक्स) जैसी प्रमुख कंपनियां मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण कर रही हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट उत्पादन में लगभग 55 प्रतिशत का योगदान भी दे रहा है। सैमक्वांग, होलीटेक, केएचवाई, मिंडा कॉरपोरेशन, सनवोडा और ड्रीमटेक सहित कई कंपनियां पीसीबीए, डिस्प्ले और अन्य महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट का निर्माण कर रही हैं। राज्य सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों का असर निवेश के आंकड़ों में भी दिखाई दे रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग नीति-2017 तथा उसके संशोधित प्रावधानों के तहत 75 से अधिक कंपनियों ने 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। वहीं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 32,146 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी मिली है, जिसमें जेवर के निकट प्रस्तावित एचसीएल-फॉक्सकॉन डिस्प्ले ड्राइवर चिप संयंत्र प्रमुख परियोजनाओं में शामिल है। औद्योगिक विकास विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़कर 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया, जो देश के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का 16.65 प्रतिशत है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल स्मार्टफोन निर्यात 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र में राज्य की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को दर्शाता है। प्रदेश में 1.85 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर संचालित हैं, जो 314 से अधिक ई-गवर्नेंस सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। 24 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपभोक्ताओं, मजबूत आधारभूत संरचना, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और कुशल मानव संसाधन के कारण नोएडा आज मोबाइल फोन, एलईडी टीवी, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और लिथियम-आयन बैटरी निर्माण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। राज्य सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग नीति-2025 और सेमीकंडक्टर नीति-2024 के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ड्रोन, ऑटोमेशन और एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे इंडस्ट्री 4.0 क्षेत्रों में भी निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक हाई-टेक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करना और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करना है।

# दरगाह हज़रत हाफ़िज़ असलम मियां में 181वां उर्स चरागा सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर।** स्थानीय दरगाह हाफ़िज़िया असलम मियां में हज़रत हाफ़िज़ मोहम्मद असलम मियां के द्वारा स्थापित किया गया 181 वा उर्स चरागा सम्पन्न हो गया। उर्स के दूसरे दिन प्रातः क़ुरआन ख़्वानी का आयोजन किया गया इसके बाद महफिले समा क़व्वाली प्रारम्भ हुई और लगभग 11 बजे क़ुल शरीफ सम्पन्न हुआ।क़ुल के समापन अवसर पर सज्जादानशींन हाजी सैय्यद फुरक़ान वहीद हाशमी ने ज़ायरीन श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी सूफी सन्तों ऋषि मुनियों ने सदैव आपस मे मेल मिलाप और मोहब्बत का संदेश दिया और अपने किरदार को सुधारने का संदेश दिया और यह भी शिक्षा दी कि सब एक रहो और नेक बने रहो तथा अपने धर्मो के अनुसार अपनी इबादतों को करते रहो, इसके बाद हज़रत असलम मियां के गुरु और उनसे सम्बंधित अन्य बुजुर्गों के वस्त्रों का दर्शन भी सभी को करवाया गया। इससे पूर्व मंगलवार को सांय काल दरगाह के सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान मियां हाशमी ने चराग़ जला कर रोशनी के कार्य को पूर्ण किया और मुल्क में शांति और अमन बना रहे इसके लिए दुआ भी की जिस पर सभी ने आमीन कहा। इसके उपरांत महिलाओं ने और ईशा की नमाज़ के बाद पुरुषों ने चराग रोशन करके दुआएं की तत्पश्चात महफिले समा क़व्वाली का आयोजन किया गया। उर्स चरागाँ में इस बार न कोई मेला लगा और न ही कोई भीड़ थी केवल उर्स की औपचारिकता पूर्ण की गई।इस अवसर पर हजरत शाह मजा कलंदर लहरपुर के सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां , एजाज़ हसन खां 1लमौलाना सैय्यद अज़हर मियां चिश्ती, हाजी मुफ्ती अंफासुल हसन चिश्ती, डॉक्टर नफीस अहमद, सैय्यद हमीद अली महबूबी मदनी,सज्जाद अली बावा, क़ारी इस्लाम अहमद आरफी, वक़ार मियां,सैय्यद फरजान मियां ,सैय्यद फरहान मियां,सैय्यद फरमान मियां चिश्ती,इमरान सिद्दीकी, सैय्यद अफ़ज़ाल किरमानी इमरान किरमानी,क़ारी फय्याज चिश्ती, हाफिज आकिब, हाफिज आरिफ, हमज़ा सिद्दीकी, अवसाफ अहमद, मुन्ना गाज़ी, इस्लाम अहमद, डॉक्टर जफर याब बेग सभासद,दानियाल आरफी,आदि मौजूद थे अंत में दरगाह मुतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी सलमी मियां ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर हुआ मोटिवेशनल लेक्चर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एस आर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट, बक्शी का तालाब, लखनऊ के रविराज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी की प्रतिमा एवं श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर प्रारंभ की गई। मुख्य वक्ता रविराज सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्तव्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा संस्था के लिए समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और अनुशासन जरूरी है सभी को मिलकर काम करना चाहिए संस्थाएं हमारी अन्नदाता होती हैं । यदि सभी शिक्षक एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहें तो जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। अंत में महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. टी. पी. सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय सिंह भदोरिया, चीफ प्रॉक्टर डॉ. सुधीर कुमार रघुवंशी सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महमूदाबाद में सपा का हल्लाबोल: पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा के नेतृत्व में निकला मार्च

## समस्याओं का अंबार गिनाते हुए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-सीतापुर।** क्षेत्र में जनसमस्याओं के लगातार गहराते संकट और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ समाजवादी पार्टी का विरोध प्रदर्शन बुधवार को मुखर रूप ले लिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ सपा नेता नरेंद्र सिंह वर्मा की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय आवास से तहसील मुख्यालय तक रोष मार्च निकाला। इस दौरान सरकार विरोधी नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने जनता के हक की आवाज बुलंद की और उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन प्रेषित किया। तहसील परिसर पहुंचे सपाइयों ने शासन-प्रशासन की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। प्रदर्शन के दौरान महंगाई के मोर्चे पर विफलताओं से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल व्यवस्था तक हर एक मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज आम आदमी मंहगाई की मार झेल रहा है, जबकि युवा वर्ग रोजगार के अभाव में ठगा सा महसूस कर रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। इसके अलावा, दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिसिया कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की गई। उपभोक्ताओं पर थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर और बिना पूर्व सूचना के बिजली कनेक्शन का लोड बढ़ाए जाने से आ रहे भारी-भरकम बिलों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही ग्रामीण इलाकों में जर्जर तारों और फुंके ट्रांसफॉर्मर की समस्या को उठाया गया। किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने, तथा जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग रखी गई, महमूदाबाद-सिधौली मार्ग पर स्थित जर्जर सर्विस रोड के निर्माण, राजकीय अस्पतालों और विद्यालयों में रिक्त पड़े पदों को भरने, बंद पड़े प्राथमिक विद्यालयों को फिर से शुरू करने तथा खराब हैंडपंप व राजकीय नलकूपों को तत्काल प्रभाव से चालू कराने पर जोर दिया गया। पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने सरकार को चेताते हुए कुल 21 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा और कहा कि यदि जनता, किसान, छात्र और कर्मचारियों से जुड़े इन गंभीर मामलों का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होगी। इस विरोध प्रदर्शन और मार्च में नगर पालिका चेयरमैन आमिर अराफात, मेराज, आजाद राइन, हिमांशु गुप्ता, लतीफ अहमद, एजाज राइन, बबलू प्रधान, गणेश प्रधान, अमर शुक्ला, विनीत यादव, परवीन यादव और सकेत यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व स्थानीय समर्थक उपस्थित रहे।

# रोजगार मिशन के तहत लाखों युवाओं को मिल रहा रोजगार : अनिल राजभर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं श्रमिकों को देश-विदेश में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' का गठन किया गया है। मिशन के उद्देश्यों में देश व विदेश में रोजगार की मांग का सर्वेक्षण, प्रतिष्ठित कम्पनियों को सूचीबद्ध करना, अभ्यर्थियों के स्किल गैप का पता लगाना एवं दूर करना, अभ्यर्थियों को विदेश में रोजगार प्रदान करने हेतु भाषा प्रशिक्षण आदि प्रदान किये जाने के कार्य किये जाने हैं।

इसी कड़ी में दिनांक 20 जुलाई, 2026 को मा0 मंत्री जी, श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय विभाग श्री अनिल राजभर एवं माननीय राज्यमंत्री जी श्री मनोहर लाल मन्नू कोरी की गरिमामयी उपस्थिति में सेवायोजन विभाग एवं अडानी स्किल्स एण्ड एजुकेशन के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किये जाने का कार्यक्रम बापू भवन, सचिवालय, उ0प्र0 के सभाकक्ष में संपादित किया गया। एम0ओ0यू0 का मुख्य उद्देश्य अडानी स्किल्स एण्ड एजुकेशन के माध्यम से सेवायोजन विभाग में पंजीकृत अभ्यर्थियों के स्किल गैप को दूर करते हुए उनको स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। एम0ओ0यू0 हस्ताक्षर की कार्यवाही निदेशक, सेवायोजन श्रीमती, नेहा प्रकाश एवं अडानी स्किल्स एण्ड एजुकेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री सुधान्वा किमाने के मध्य संपादित की गयी। मंत्री श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय विभाग अनिल राजभर द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 रोजगार मिशन के अंतर्गत प्रदेश के अभ्यर्थियों को देश विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मिशन का उद्देश्य देश एवं विदेशों में रोजगार की मॉग का सर्वेक्षण करना, प्रतिष्ठित कम्पनियों को सूचिबद्ध करना तथा उनसे रोजगार की मॉग प्राप्त करने के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली विकसित करना, बेरोजगार एवं अल्प रोजगार अभ्यर्थियों के कौशल अन्तराल का अध्ययन करना तथा उक्त अन्तराल को भरना, अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए भाशा प्रशिक्षण एवं प्रस्थान-पूर्व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करना, नियोजित अभ्यर्थियों को नियोजन के पश्चात् सहायता प्रदान करना आदि कुछ प्रमुख गतिविधियाँ है जिन्हें किये जाने की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत में लगे पांच पेड़ काट ले गये चोर

**बिसवां (सीतापुर)।** रेउसा थाना क्षेत्र में बीते 20/21 जुलाई की रात किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा खेत की मेड़ पर लगे पांच सेमल के पेड़ काटकर उसकी लकड़ी चोरी कर ली गई। पेड़ मालिक के अनुसार काटे गये पेड़ों का वजन लगभग सत्तर कुन्तल होगा। पीड़ित ने रेउसा थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुट गई है। रेउसा थाना क्षेत्र के पल्हरी मजरा अमिरती गांव निवासी कैलाश कुमार के खेत की मेड़ पर काफी पुराने सेमल के पेड़ लगे हुये हैं। खेत गांव से पश्चिम दूरी पर स्थित है।बीती 20/21 जुलाई की रात अज्ञात चोर उनमें से पांच पेड़ चोरी से काटकर लकड़ी उठा ले गये। सुबह खेत पहुंचने पर जानकारी हुई। पीड़ित कैलाश ने रेउसा थाना जाकर घटना की लिखित सूचना दी है।

### पशु जैविक औषधि संस्थान के सुदृढ़ीकरण के लिए 60.70 लाख रुपये मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पशु जैविक औषधि संस्थान के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 60.70 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। जारी शासनादेश के अनुसार, स्वीकृत धनराशि का उपयोग अनुमोदित कार्ययोजना और निर्धारित मदों के अनुरूप किया जाएगा। इसके लिए निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शासन ने निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत राशि का आहरण एवं व्यय निर्धारित गाइडलाइंस का पूर्ण पालन करते हुए किया जाए। साथ ही व्यय का विवरण एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र समयबद्ध तरीके से शासन को उपलब्ध कराया जाए, ताकि धनराशि के उपयोग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। सरकार का मानना है कि इस वित्तीय सहायता से पशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के साथ-साथ पशुधन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण जैविक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# फतेहपुर में खुरपका-मुंहपका टीकाकरण अभियान शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश की पशुधन एवं दुग्ध विकास राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा पासवान ने बुधवार को फतेहपुर में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण जनजागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को पूरी गंभीरता, गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संचालित करते हुए शत-प्रतिशत पात्र पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एफएमडी टीकाकरण अभियान का आठवां चरण 22 जुलाई से शुरू होकर 8 सितंबर 2026 तक चलेगा। जनपद के 13 विकास खंडों में 46 टीकाकरण टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम की निगरानी के लिए उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सुपरवाइजर बनाया गया है। अभियान के तहत चार माह से अधिक आयु के सभी गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही सभी पशुओं की ईयर टैगिंग भी अनिवार्य रूप से की जाएगी। जनपद के लिए 5,95,720 एफएमडी वैक्सीन की डोज उपलब्ध कराई गई हैं। टीकाकरण की पूरी प्रक्रिया भारत पशुधन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसमें पशु का टैग नंबर, पशुपालक का आधार और मोबाइल नंबर सहित अन्य विवरण अपलोड किए जाएंगे। सत्यापन के लिए पशुपालकों के मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसे टीकाकरण टीम के साथ साझा करना होगा। विभाग ने बताया कि जिन पशुओं को पहली बार टीका लगाया जाएगा, उन्हें एक माह बाद बूस्टर डोज भी दी जाएगी। अभियान के दौरान गोशालाओं सहित सभी गांवों और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण कराया जाएगा। कोल्ड चेन व्यवस्था की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि खुरपका-मुंहपका रोग पशुओं में बुखार, मुंह और पैरों में छाले, दुग्ध उत्पादन में कमी तथा गंभीर स्थिति में मृत्यु का कारण बन सकता है। इस बीमारी के उन्मूलन से पशुधन की सुरक्षा के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन और पशुधन उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# उत्तराखंड के प्रतिनिधिमंडल ने जाना लखनऊ का स्वच्छता व स्मार्ट सिटी मॉडल

## महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम की उपलब्धियों से कराया अवगत, स्वच्छ सर्वेक्षण में तीसरे स्थान की रणनीति साझा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले नगर निगम लखनऊ के स्वच्छता एवं स्मार्ट सिटी मॉडल का अध्ययन करने के लिए उत्तराखंड के शहरी विकास विभाग का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लखनऊ पहुंचा। 22 से 24 जुलाई तक चलने वाले अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम की विभिन्न परियोजनाओं और नवाचारों का अवलोकन किया। स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नगर निगम की उपलब्धियों, स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा शहरी विकास की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। महापौर ने कहा कि जनसहभागिता, आधुनिक तकनीक और प्रभावी प्रबंधन के बल पर लखनऊ को स्वच्छ एवं स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न नगर निकायों के बीच ऐसे अध्ययन भ्रमण बेहतर कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान का प्रभावी माध्यम हैं। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार और अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने भी प्रतिनिधिमंडल को नगर निगम की नवाचार आधारित कार्यप्रणाली, कचरा प्रबंधन, नागरिक सुविधाओं के विस्तार और शहरी विकास की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने घर-घर कचरा संग्रहण, स्रोत स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, पुराने कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण, अपशिष्ट एवं जल प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं का अध्ययन किया। साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनाई गई रणनीतियों और जनसहभागिता आधारित अभियानों की भी जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने यूपी दर्शन पार्क, भरवारा स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), विभूति खंड स्थित सीएम ग्रिड सड़क परियोजना, स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं तथा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का भी भ्रमण किया। इस दौरान तकनीक आधारित शहरी सेवाओं, जल संरक्षण और पर्यावरणीय प्रबंधन से जुड़े कार्यों का अवलोकन कराया गया। अध्ययन भ्रमण में उत्तराखंड के विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधि, शहरी विकास विभाग के अधिकारी तथा स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन डेवलपमेंट (एसआईयूडी) के प्रतिनिधियों सहित कई अधिकारी एवं विशेषज्ञ शामिल रहे।

# कारागार प्रशासन और यूपीएसआईएफएस के बीच एमओयू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं तथा उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान , लखनऊ के बीच बुधवार को शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। करागर भवन स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक कारागार पी.सी. मीना और यूपीएस आई एफएस के निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की शुरुआत यूपीएसआईएफएस के अधिकारियों के स्वागत एवं सम्मान से हुई। इस दौरान महानिदेशक पी.सी. मीना ने डॉ. जी.के. गोस्वामी को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली वर्तमान में व्यापक बदलाव के दौर से गुजर रही है। नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद न्याय व्यवस्था में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक विज्ञान निर्दोषों को गलत दोषसिद्धि से बचाने और दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार फॉरेंसिक क्षमताओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से यूपीएसआईएफएस की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच प्रशिक्षण, अनुसंधान, कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यान, इंटर्नशिप, पाठ्यक्रम विकास और संयुक्त शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कारागार विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को यूपीएसआईएफएस की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं विशेषज्ञता का लाभ मिलेगा। महानिदेशक कारागार पी.सी. मीना ने कहा कि यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे कारागार प्रशासन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान आधारित निर्णय प्रक्रिया और आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सहयोग अधिकारियों और कर्मचारियों के कौशल विकास, क्षमता निर्माण तथा नवाचार को गति देगा और राज्य की न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने में सहायक होगा। कार्यक्रम के अंत में उप महानिरीक्षक एस.सी. शाक्य ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर महानिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, हेमराज मीणा, डीआईजी प्रदीप गुप्ता, सुभाष शाक्य, पी.एन. पाण्डेय, वित्त नियंत्रक आबिद अंसारी, वरिष्ठ अधीक्षक रंगबहादुर पटेल, डॉ. हबीब, पीआरओ अंकित कुमार, संतोष तिवारी सहित कारागार एवं यूपीएसआईएफएस के अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 'मन के मौसम' काव्य संग्रह का किया विमोचन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को पर्यटन भवन के सभागार में लेखिका रुचि चौहान द्वारा रचित काव्य संग्रह 'मन के मौसम' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने लेखिका को बधाई देते हुए कहा कि यह काव्य संग्रह नारी मन की कोमल भावनाओं और संवेदनाओं का प्रभावी एवं मार्मिक चित्रण प्रस्तुत करता है। जयवीर सिंह ने कहा कि पुस्तक में नारी जीवन के विविध पक्षों, प्रेम, मिलन, विरह, संघर्ष, शोषण और संवेदनाओं को सरल एवं प्रभावशाली भाषा में अभिव्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि लेखिका का शब्द चयन सराहनीय है और उनकी रचनाएं पाठकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने में सक्षम हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह काव्य संग्रह समाज में महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा तथा लेखिका भविष्य में भी अपनी लेखनी से सामाजिक सरोकारों को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करेंगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री स्वाति सिंह ने कहा कि नारी सृजन की शक्ति का प्रतीक है और समाज के निर्माण में उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पुस्तक की सराहना करते हुए लेखिका को शुभकामनाएं दीं। प्रख्यात कवि पंकज प्रसून ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'मन के मौसम' में प्रेम, विरह, संघर्ष और मानवीय संवेदनाओं को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने लेखिका की रचनात्मक क्षमता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की कामना की।

# संपादकीय

## छात्रों के आंदोलन को विपक्ष का समर्थन

दिल्ली के जंतर-मंतर पर शुरू हुआ छात्रों का आंदोलन अब केवल शिक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रह गया है। कथित परीक्षा अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बन चुका है। विपक्षी दलों के खुलकर समर्थन, संसद से सड़क तक विरोध और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित कई विपक्षी नेताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की घटनाओं ने इस आंदोलन को एक नए राजनीतिक मोड़ पर ला खड़ा किया है। छात्रों की प्रमुख मांग है कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका आरोप है कि लगातार सामने आ रही परीक्षा संबंधी अनियमितताओं ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। इसी मुद्दे को लेकर हजारों छात्र जंतर-मंतर पर एकत्र हुए और सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की। विपक्ष का खुला समर्थन- छात्र आंदोलन को राजनीतिक समर्थन तब मिला जब कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के नेता प्रदर्शनकारियों के समर्थन में उतर आए। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव सहित कई नेताओं ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया। इसके बाद प्रधानमंत्री आवास के निकट हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कई नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया, जिन्हें बाद में रिहा कर दिया गया। सरकार का पक्ष- सरकार का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सरकारी पक्ष का दावा है कि परीक्षा संबंधी मामलों में पहले से जांच चल रही है, कई गिरफ्तारियां की गई हैं और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का यह भी कहना है कि विरोध प्रदर्शन संवैधानिक दायरे में होना चाहिए और सुरक्षा व्यवस्था से समझौता नहीं किया जा सकता। **क्या छात्र आंदोलन का राजनीतिकरण हो गया ?** -यही सबसे बड़ा सवाल है। विपक्ष का कहना है कि जब छात्रों की आवाज नहीं सुनी गई तो लोकतांत्रिक विपक्ष का उनके साथ खड़ा होना स्वाभाविक है। दूसरी ओर भाजपा और सरकार का आरोप है कि विपक्ष छात्रों के मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहा है। वास्तविकता शायद इन दोनों के बीच कहीं है। किसी भी लोकतंत्र में विपक्ष का आंदोलन का समर्थन करना असामान्य नहीं है, लेकिन यह भी जरूरी है कि मूल मुद्दा—यानी छात्रों का भविष्य—राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में पीछे न छूट जाए। भारतीय संविधान नागरिकों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार देता है। साथ ही प्रशासन पर यह जिम्मेदारी भी होती है कि वह सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखे। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच संतुलन आवश्यक है। यदि छात्रों की मांगें वास्तविक हैं तो उन पर गंभीरता से संवाद होना चाहिए, वहीं आंदोलन भी पूरी तरह शांतिपूर्ण और कानून के दायरे में रहना चाहिए। भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले करोड़ों युवाओं के लिए निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि उनके भविष्य का प्रश्न है। यदि बार-बार परीक्षा विवाद सामने आते हैं, तो सरकार के प्रति युवाओं का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल दिल्ली तक सीमित न रहकर देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। सरकार और आंदोलनकारियों के बीच संवाद ही इस विवाद का सबसे प्रभावी समाधान हो सकता है। यदि सरकार पारदर्शी जांच, समयबद्ध कार्रवाई और परीक्षा सुधारों का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करती है तो तनाव कम हो सकता है। दूसरी ओर विपक्ष की जिम्मेदारी भी है कि वह छात्रों की वास्तविक समस्याओं को प्राथमिकता दे और आंदोलन को केवल राजनीतिक संघर्ष का माध्यम न बनाए। जंतर-मंतर का यह आंदोलन केवल छात्रों का प्रदर्शन नहीं रहा, बल्कि यह सरकार, विपक्ष और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यशैली की भी परीक्षा बन गया है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी ने इस मुद्दे को और अधिक राजनीतिक बना दिया है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न अब भी वही है—क्या इस पूरे घटनाक्रम के बाद देश के छात्रों को निष्पक्ष और भरोसेमंद परीक्षा व्यवस्था मिल पाएगी? यदि इस आंदोलन से शिक्षा व्यवस्था में ठोस सुधार होते हैं, तो यह केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं बल्कि सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत भी साबित हो सकता है।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष**-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन अत्यंत मंगलकारी रहेगा। पारिवारिक वातावरण पूरी तरह अनुशासित रहेगा और गृहणियां आज घर के बजट तथा बचत पर विशेष ध्यान देंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी बौद्धिक सलाह से दूसरों को बड़ा लाभ पहुंचेगा।

**वृषभ**-वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन पूरी तरह अनुकूल रहने वाला है। आपकी सोची हुई कार्य योजनाएं सफल होंगी और किसी करीबी रिश्तेदार से शुभ समाचार प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से व्यापार में कुछ बड़े अनुबंध हासिल हो सकते हैं। घर में किसी मांगलिक या धार्मिक कार्य का आयोजन होने से प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**मिथुन** -मिथुन राशि के जातकों को आज अपनी संतान की उन्नति से अत्यंत हर्ष होगा। सामाजिक कार्यों में सहभागिता करने से मानसिक शांति का अनुभव होगा। कार्यक्षेत्र में अपने अधूरे कार्यों को शांत दिमाग से निपटाने का प्रयास करें। किसी पुराने मित्र से अचानक हुई मुलाकात कोई सुखद संदेश ला सकती है।

**कर्क** -कर्क राशि के लोगों के जीवन में आज का दिन कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किए गए जरूरी बदलाव भविष्य में बड़ा आर्थिक लाभ प्रदान करेंगे। वैवाहिक जीवन में आपसी विश्वास और मधुरता बनी रहेगी।

**सिंह** -सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिले-जुले परिणाम देने वाला रहेगा। सुबह से ही अपने कार्यों की रूपरेखा बनाने से आपके सभी काम व्यवस्थित रूप से पूरे होंगे। परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में आपको अपनी राय रखने का पूरा अवसर मिलेगा।

**कन्या**-कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन पूरी तरह उनके पक्ष में रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामले थोड़े समय के लिए अटक सकते हैं, परंतु अंत में विजय आपकी होगी। आज आप जिस भी नए व्यापार की शुरुआत करेंगे, उसमें निश्चित सफलता मिलेगी।

**तुला** -तुला राशि के लोगों के जीवन में आज का दिन नई उम्मीदें लेकर आएगा। किसी भी नए काम को शुरू करने से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। सरकारी नियमों का पालन करने से आपके कार्य सुगमता से पूरे होंगे।

**वृश्चिक** -वृश्चिक राशि के जातकों को आज दूसरों के आंतरिक मामलों और विवादों से पूरी तरह दूर रहना चाहिए। यदि आप किसी बड़ी योजना में धन निवेश करने का विचार बना रहे हैं, तो अनुभवी व्यक्ति से परामर्श अवश्य करें। परिवार की नई जिम्मेदारियां आपको मिल सकती हैं, जिन्हें आप बखूबी निभाएंगे।

**धनु** -धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन आध्यात्मिक और उन्नति प्रदायक रहेगा। किसी पेचीदा मामले में वरिष्ठ व्यक्ति की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होगी। व्यापार के क्षेत्र में कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पूर्व उसके सभी पक्षों का बारीकी से मूल्यांकन करें।

**मकर** -मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य और संतुलित रहेगा। व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय लेने के लिए समय पूरी तरह अनुकूल है। कारोबार में धन निवेश करने से पूर्व घर के बुजुर्गों की राय लेना व्यावसायिक भविष्य के लिए बेहतर होगा।

**कुम्भ** -कुम्भ राशि के लोगों के लिए आज का दिन प्रगतिशील रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वह निर्धारित समय सीमा के भीतर सफलतापूर्वक संपन्न हो जाएगा।

**मीन** -मीन राशि के जातकों का मन आज सुबह से ही नई उमंग और सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने से कार्यालय में आपका रुतबा और प्रभाव बढ़ेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा और धन प्राप्ति के नए स्रोत विकसित होंगे।

# हर गरीब का पक्का घर, सम्मानजनक जीवन की मजबूत नींव

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र परिवार कच्चे, जर्जर अथवा बेघर अवस्था में रहने के लिए विवश न रहे। इसी लक्ष्य के साथ मार्च 2029 तक सभी पात्र परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युत पका आवास उपलध कराने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। उर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में पूरे देश के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। प्रदेश को स्वीकृत 36.56 लाख आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष 36.39 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो लगभग 99.53 प्रतिशत उपलधि है। यह उपलधि इसलिए भी महत्वपूर्ण है योंकि राष्ट्रीय स्तर पर आवास पूर्णता का औसत लगभग 76.73 प्रतिशत है। इस प्रकार उर प्रदेश न केवल लक्ष्य प्राप्ति में अग्रणी है, बल्कि प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन का भी उदाहरण बनकर उभरा है। इस योजना की एक और उल्लेखनीय उपलधि निर्माण की गति रही है। प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत आवास मात्र 10 माह के भीतर पूर्ण किए गए हैं।**

एक सुरक्षित और सम्मानजनक आवास केवल चार दीवारों और छत का नाम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सुरक्षा, आत्मसम्मान और बेहतर भविष्य का आधार होता है। जब किसी परिवार को पक्का घर मिलता है तो उसके जीवन में केवल रहने की सुविधा नहीं बढ़ती, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी खुलते हैं। इसी सोच को साकार करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण गरीबों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र परिवार कच्चे, जर्जर अथवा बेघर अवस्था में रहने के लिए विवश न रहे। इसी लक्ष्य के साथ मार्च 2029 तक सभी पात्र परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में पूरे देश के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। प्रदेश को स्वीकृत 36.56 लाख आवासों के लक्ष्य के सापेक्ष 36.39 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो लगभग 99.53 प्रतिशत उपलब्धि है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर आवास पूर्णता का औसत लगभग 76.73 प्रतिशत है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश न केवल लक्ष्य प्राप्ति में अग्रणी है, बल्कि प्रभावी और समयबद्ध कार्यान्वयन का भी उदाहरण बनकर उभरा है। इस योजना की एक और उल्लेखनीय उपलब्धि निर्माण की गति रही है। प्रदेश में लगभग 90 प्रतिशत आवास मात्र 10 माह के भीतर पूर्ण किए गए हैं। प्रशासनिक दक्षता, प्रभावी निगरानी और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजनाओं को समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा गया। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे तेजी से ग्रामीण आवास निर्माण करने वाला राज्य बन गया है। प्रदेश सरकार की सक्रिय कार्यशैली का परिणाम यह भी रहा कि वर्ष 2023–24 में अन्य राज्यों से 1.44 लाख अतिरिक्त आवास उत्तर प्रदेश को आवंटित किए गए। यह केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय तथा प्रदेश की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का प्रमाण है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) केवल मकान निर्माण तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना भी है। इसी दृष्टिकोण के तहत योजना का विभिन्न सरकारी योजनाओं से समन्वय (कन्वर्जेन्स) किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 99.54 प्रतिशत आवासों में शौचालय, 93.52 प्रतिशत में विद्युत कनेक्शन, 94.62 प्रतिशत में एलपीजी गैस कनेक्शन, 80.80 प्रतिशत में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। साथ ही बड़ी संख्या में लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनकी आर्थिक सशक्तता भी सुनिश्चित की जा रही है। प्रदेश सरकार ने आवास निर्माण को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए 45,542 राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें 7,127 महिला राजमिस्त्री (रानी मिस्त्री) भी शामिल हैं। इससे न केवल निर्माण गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और सम्मानजनक आजीविका का नया अवसर भी मिला है। योजना में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्वीकृति पत्र वितरण, भूमि पूजन, गृह प्रवेश तथा पूर्ण आवासों की चाबी वितरण जैसे कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण समुदाय की उपस्थिति में आयोजित किए जा रहे हैं। इससे योजना के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है और सामाजिक सहभागिता को भी मजबूती मिली है। प्रदेश के 771 विकास खण्डों में मॉडल आवास विकसित किए जा चुके हैं, जबकि 41 विकास खण्डों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। कई जनपदों में क्लस्टर आधारित आवास निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में नियोजित विकास को बढ़ावा मिला है। साथ ही भूमिहीन पात्र लाभार्थियों को भूमि का पट्टा उपलब्ध कराकर उनके आवास निर्माण का कार्य भी पूरा कराया गया है। योजना के प्रभावी संचालन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग भी किया जा रहा है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से नियमित निरीक्षण, सोशल ऑडिट, पात्रता सूची का सत्यापन तथा आवास प्लस सर्वे–2024 के जरिए पात्र लाभार्थियों की पहचान जैसी व्यवस्थाओं ने योजना को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। वर्तमान में स्थायी पात्रता सूची के अंतिम सत्यापन हेतु ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि कोई भी पात्र परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए लगातार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। राजमिस्त्री प्रशिक्षण, सोशल ऑडिट, निरीक्षण प्रणाली, आवास पूर्णता और भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराने जैसे अनेक क्षेत्रों में प्रदेश आज देश में अग्रणी स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आज केवल आवास निर्माण की योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी प्रगति का मजबूत आधार बन चुकी है। यह योजना लाखों परिवारों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास का नया अध्याय लिख रही है। आने वाले वर्षों में यह अभियान प्रत्येक पात्र परिवार तक पक्का घर पहुंचाकर आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**-बीएल यादव, सहा0 निदेशक (से0नि0)/केवल चौधरी, उपनिदेशक (से0नि0)**

# कच्चे घर से निकलकर 'सम्मान के आशियाने' में पहुंचीं अमेठी की दुर्गा देवी

प्रधानमंत्री के ''सबको पक्का मकान'' के ऐतिहासिक संकल्प को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' के सुदृढ़ क्रियान्वयन में देश भर में एक नया मानदंड स्थापित किया है। प्रदेश सरकार की प्रभावी कार्यप्रणाली, जीरो-टॉलरेंस नीति और भ्रष्टाचार-मुक्त पारदर्शी व्यवस्था के फलस्वरूप राज्य के लाखों बेघर और कच्चे मकानों में रह रहे ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित आशियाना सुलभ हुआ है। यह योजना ग्रामीण भारत के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने और 'अंत्योदय' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक युगांतकारी पहल साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मूल उद्देश्य निर्धन एवं वंचित वर्ग को एक गरिमापूर्ण जीवन, सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। प्रदेश सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों और पारदर्शी प्रशासनिक तंत्र के चलते यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और आमजन के विश्वास को सुदृढ़ करने का प्रमुख माध्यम बन गई है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रदेश सरकार ने आवासों का स्वामित्व महिलाओं को अथवा परिवार के साथ संयुक्त रूप से प्रदान करने की नीति अपनाई है। योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण अमेठी जनपद के विकास खंड अमेठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलोकपुर की निवासी दुर्गा देवी को मिला पक्का घर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है। सीमित आय और बुनियादी साधनों के अभाव में दुर्गा देवी का परिवार दशकों से एक जर्जर कच्चे मकान में लगातार समस्याओं का सामना कर रहा था । बरसात के मौसम में घर की छत टपकने और दीवारों में नमी से परिवार की सुरक्षा पर खतरा बना रहता था। परिवार को भारी बारिश के दौरान घर में जलभराव का सामना करना पड़ता था। इसके अतिरिक्त, भीषण गर्मी और कड़ाके की ठंड जैसी प्रतिकूल मौसमी स्थितियों से बचाव का कोई समुचित और सुरक्षित साधन परिवार के पास उपलब्ध नहीं था। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे अपने सीमित संसाधनों से एक पक्के आवास का निर्माण कर सकें। अभाव और अनिश्चितता के इस कठिन दौर में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) उनके जीवन में एक सुरक्षा कवच और नई आशा बनकर आई। इस योजना ने उनके जीवन को आर्थिक स्वावलंबन और सामाजिक सम्मान की दिशा में अग्रसर किया है। प्रदेश सरकार की स्पष्ट और पारदर्शी नीति के अनुरूप ग्राम पंचायत स्तर पर पात्र लाभार्थियों के निष्पक्ष चयन की प्रक्रिया के तहत दुर्गा देवी को योजना में शामिल किया गया। चयन से लेकर स्वीकृति तक की संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता के उच्च मानदंडों का सख्ती से पालन किया गया, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सरकारी सहायता का लाभ बिना किसी बिचौलिये या बाधा के वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचे। आवास स्वीकृति के उपरांत, प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से वित्तीय सहायता राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में समयबद्ध किश्तों में हस्तांतरित की गई। जिला प्रशासन और विकास खंड प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, नियमित स्थलीय निरीक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन के कारण आवास का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संपन्न हुआ। इस योजना की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि विभिन्न जन- कल्याणकारी योजनाओं के साथ इसका प्रभावी अभिसरण (कन्वर्जेंस) है, जिसने दुर्गा देवी जैसे लाखों लाभार्थियों के जीवन में व्यापक बदलाव किया है। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना को मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और सौभाग्य योजना के साथ एकीकृत कर लाभार्थियों को बहुआयामी सहायता उपलब्ध कराई गई है। योजना के इस अभिसरण मॉडल के तहत दुर्गा देवी को न केवल एक मजबूत पक्का मकान प्राप्त हुआ, बल्कि आवास निर्माण के दौरान मनरेगा के अंतर्गत 90 से 95 मानव दिवसों का रोजगार एवं समय पर मजदूरी का पूर्ण भुगतान भी सुनिश्चित कराया गया। यह व्यवस्था निर्माण अवधि के दौरान लाभार्थी परिवार को महत्वपूर्ण आर्थिक संबल प्रदान करने में सहायक सिद्ध हुई है। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नए आवास में निःशुल्क शौचालय का निर्माण कराया गया, जिससे परिवार को स्वच्छता, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन की गारंटी मिली है। सौभाग्य योजना के माध्यम से घर में निःशुल्क और सुरक्षित विद्युत कनेक्शन तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराकर परिवार के जीवन स्तर को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवासों का स्वामित्व अनिवार्य रूप से महिलाओं के नाम अथवा परिवार के साथ संयुक्त रूप से प्रदान किया जा रहा है। दुर्गा देवी को आवंटित आवास इसी महिला सशक्तिकरण नीति का जीवंत उदाहरण है, जिसने समाज में महिलाओं की निर्णय क्षमता और संपत्ति में उनके अधिकार को मजबूत किया है। अब दुर्गा देवी और उनका परिवार एक सुविधायुक्त, सुरक्षित और पक्के मकान में निडर होकर निवास कर रहा है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं से कच्चे मकान के क्षतिग्रस्त होने का भय अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है। घर में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से पारिवारिक माहौल में सकारात्मक बदलाव आया है और बच्चों की शिक्षा के लिए एक अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है। योजना की इस जमीनी सफलता के पीछे प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता एवं सतत कार्ययोजना की प्रमुख भूमिका रही है। निरंतर समीक्षा बैठकों, जियो-टैगिंग तकनीक और उच्च गुणवत्ता मानकों की मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुंचे। दुर्गा देवी को मिला यह पक्का घर दरअसल प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गरीब परिवारों को उनके कच्चे घर से पक्के आशियाने तक पहुँचाने की सरकार की योजना का सफल क्रियान्वयन ही है। सरकार की नीतियां जब जन-संवेदनशीलता, शुचिता और दृढ़ प्रशासनिक इच्छाशक्ति के साथ धरातल पर क्रियान्वित होती हैं, तो वे समाज में वास्तविक सामाजिक-आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती हैं। आज यह परिवार अपने सुरक्षित भविष्य के प्रति पूर्णतः आशान्वित और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीबों को मिल रहे पक्के आशियाने मात्र ईंट और सीमेंट की संरचना नहीं हैं, बल्कि यह निर्धन परिवारों के आत्म-सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और समृद्धि के प्रतीक हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की इस जन-केंद्रित पहल ने ग्रामीण विकास की नींव को सुदृढ़ किया है और 'नए उत्तर प्रदेश' के सर्वांगीण विकास और अंत्योदय के प्रण को एक गति प्रदान की है।

**जनपद-अमेठी**

# देश की युवा पीढ़ी के महान आदर्श हैं : अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद

भारत की आज़ादी के अमर सेनानी, महान क्रांतिकारी और अदम्य राष्ट्रभक्त शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद की आज 120वीं जयंती है। यह अवसर केवल उनके जन्म का स्मरण करने का नहीं, बल्कि उनके जीवन-दर्शन, राष्ट्रभक्ति, त्याग और स्वाभिमान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का भी है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अत्याधुनिक तकनीक के युग में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि देश की युवा पीढ़ी में कितने ऐसे युवा हैं, जिन्होंने अपनी पाठ्य पुस्तकों से आगे बढ़कर चन्द्रशेखर आज़ाद के जीवन और उनके आदर्शों का गंभीर अध्ययन किया है। निस्संदेह, जिसने भी आज़ाद के जीवन को पढ़ा और समझा है, उसने जाना है कि उनका संपूर्ण जीवन परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, आत्मसम्मान, त्याग और बलिदान का अनुपम उदाहरण था। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत माता की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को तत्कालीन अलीराजपुर रियासत (वर्तमान मध्य प्रदेश) के भाबरा गांव में हुआ था। उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी तथा माता जगरानी देवी थीं। भाबरा की पावन धरती पर ही उनका बचपन बीता। बाल्यकाल से ही उनमें स्वाभिमान, निर्भीकता और राष्ट्रप्रेम के संस्कार स्पष्ट दिखाई देते थे। यही कारण था कि मात्र दस-बारह वर्ष की आयु में उन्होंने घर-परिवार का मोह त्याग कर मातृभूमि की स्वतंत्रता को अपना जीवन-ध्येय बना लिया। आज जब पचास वर्ष के व्यक्ति को भी युवा कहा जाता है, तब यह कल्पना करना कठिन है कि एक दस बारह वर्ष का बालक अपनी जन्मभूमि की गलियों, माता पिता के स्नेह और बचपन की निश्छल दुनिया को छोड़कर केवल इसलिए निकल पड़े कि उसकी भारत माता पराधीन है। यह केवल साहस नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति अद्वितीय समर्पण और असाधारण चरित्रबल का परिचायक था। देश की स्वतंत्रता का अलख जगाने का संकल्प लेकर निकले बालक आज़ाद ने वर्ष 1921 में महात्मा गांधी द्वारा संचालित असहयोग आंदोलन में भाग लिया। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्वर बुलंद करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जब अंग्रेज न्यायाधीश ने उनका नाम पूछा, तो उन्होंने निर्भीक स्वर में उत्तर दिया "नाम — आज़ाद, पिता का नाम — स्वतंत्र और निवास — जेल।" यह उत्तर सुनकर न्यायाधीश क्रोधित हो उठा और उन्हें पंद्रह बेंतों की सजा सुनाई। किन्तु प्रत्येक बेंत के साथ बालक आज़ाद के मुख से 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' का घोष गूँजता रहा। अंग्रेजी सत्ता की क्रूरता उनके साहस को डिगा नहीं सकी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया और चन्द्रशेखर आज़ाद एक निर्भीक क्रांतिकारी के रूप में राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बन गए। इसके बाद उनका संपर्क महान क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल से हुआ। वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बने और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। आज़ाद का स्पष्ट विश्वास था कि 'दासता मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप है।' यही विचार उनके जीवन का मूल मंत्र बन गया और अंतिम क्षण तक वे इसी अभिशाप के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। स्वाभिमान आज़ाद के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी। वे जो संकल्प कर लेते थे, उसे हर परिस्थिति में पूरा करते थे। कठिनाइयाँ, अभाव, भूख, प्यास और मृत्यु का भय भी उन्हें अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं कर सका। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि राष्ट्रभक्ति केवल शब्दों से नहीं, बल्कि त्याग, साहस और बलिदान से सिद्ध होती है! आज, जब देश की नई पीढ़ी आधुनिकता और तकनीकी सुविधाओं के बीच अपना भविष्य गढ़ रही है, तब उसे यह भी जानना चाहिए कि स्वतंत्र भारत की यह खुली हवा किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि चन्द्रशेखर आज़ाद जैसे असंख्य अमर बलिदानियों के रक्त से सिंचित विरासत है। यदि नई पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ग्रहण करेगी, तभी राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व, कर्तव्यबोध और स्वाभिमान की भावना और अधिक सशक्त होगी। स्वतंत्रता संग्राम का वह दौर, विशेषकर 1920 से 1930 के बीच का दशक, अंग्रेजी शासन के लिए सबसे कठिन समय था। क्रांतिकारियों की बढ़ती गतिविधियों ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींद उड़ा दी थी। यदि उस समय स्वतंत्रता आंदोलन की समस्त धाराएँ एकजुट हो जातीं, तो संभव था कि भारत को स्वतंत्रता बहुत पहले ही मिल जाती। क्रांतिकारी संगठन को संचालित करने और हथियारों की व्यवस्था के लिए धन की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में काकोरी कांड की योजना बनाई गई। सरकारी खजाना लूटकर अंग्रेजी शासन को यह संदेश दिया गया कि भारत के क्रांतिकारी अब केवल विरोध तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अन्याय का उत्तर उसी की भाषा में देंगे। काकोरी कांड के बाद अंग्रेजी शासन बुरी तरह बौखला गया। देशभर में क्रांतिकारियों की धरपकड़ शुरू हुई। विडंबना यह रही कि जिन हजारों क्रांतिकारियों तक अंग्रेज नहीं पहुँच सके, उनमें से अनेक अपने ही लोगों की विश्वासघात पूर्ण सूचनाओं के कारण गिरफ्तार हुए और फांसी के फंदे तक पहुँच गए। यह भारतीय इतिहास का सबसे पीड़ादायक अध्याय भी है कि विदेशी शासन से अधिक नुकसान अपनों की गद्दारी ने पहुँचाया। पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की शहादत के बाद हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन बिखरने लगी, किंतु चन्द्रशेखर आज़ाद ने परिस्थितियों के सामने घुटने नहीं टेके। उन्होंने संगठन की कमान अपने हाथों में ली और निराश साथियों में नया उत्साह भरते हुए क्रांतिकारी आंदोलन को पुनः संगठित किया। बाद में इसी संगठन को नए स्वरूप में आगे बढ़ाते हुए हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के रूप में विकसित किया गया। इसी काल में आज़ाद और भगत सिंह की जोड़ी अंग्रेजी शासन के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बन गई। दोनों ने देशभर के युवाओं में स्वतंत्रता की नई चेतना का संचार किया। भेष बदलकर, स्थान बदलते हुए और गुप्त रूप से संगठन का विस्तार करते हुए उन्होंने अंग्रेजी शासन की जड़ों को लगातार चुनौती दी। जहाँ भी आज़ाद जाते, वहाँ ऐसे युवाओं की सेना की टोली तैयार कर देते, जो राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने को तत्पर रहती। संसाधनों का घोर अभाव होने के बावजूद आज़ाद का आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ। उनके सामने उस ब्रिटिश साम्राज्य की शक्ति थी, जिसके बारे में कहा जाता था कि उसके साम्राज्य में कभी सूर्यास्त नहीं होता। फिर भी यह अकेला क्रांतिकारी अंग्रेजी शासन के लिए इतना बड़ा खतरा बन चुका था कि उसकी गिरफ्तारी के लिए पूरे देश में जाल बिछा दिया गया। उसकी सूचना देने वालों के लिए इनाम घोषित किए गए, किंतु आज़ाद हर बार अंग्रेजों को चकमा देकर निकल जाते थे। उनका प्रिय उद्घोष आज भी हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रभक्ति का संचार करता है—

**'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे,**
**आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।'**

यह केवल कविता की पंक्ति नहीं थी, बल्कि उनके जीवन का अटल संकल्प था। उन्होंने कभी जीवित अंग्रेजों के हाथों बंदी न बनने की प्रतिज्ञा की थी और जीवन के अंतिम क्षण तक उस प्रतिज्ञा का अक्षरशः पालन किया। जब भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव गिरफ्तार कर लिए गए, तब भी चन्द्रशेखर आज़ाद ने उनके साथियों को छुड़ाने के अनेक प्रयास किए। वे चाहते थे कि देश के सभी बड़े नेता वैचारिक मतभेदों से ऊपर उठकर स्वतंत्रता के इस निर्णायक संघर्ष में एकजुट हों, किंतु परिस्थितियाँ उनके अनुकूल नहीं बन सकीं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला, मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## व्यापार मंडल ने नवागत एसडीएम का किया स्वागत

**रुद्रपुर-देवरिया।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने एक शिष्टाचार भेंट कर नवागत एसडीएम राजकुमार गुप्ता का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर उनको शुभकामना दिया। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के लोगों से यह उम्मीद करता हूं कि प्रशासनिक और सार्वजनिक कार्यों में सहयोग अपेक्षित है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रदेश मंत्री महेश वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोज भाटिया, नरेंद्र मद्धेशिया और रवि गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मामले में पति और ससुर गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले की भटनी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और विवाहिता की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लक्ष्मीपुर (भैरोपुर-जगर्नाथ छपरा मार्ग) से सिंहपुर निवासी अमित चौरसिया (25) और उसके पिता राजेंद्र चौरसिया (60) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, बरियारपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी संजय चौरसिया ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री की शादी 25 अप्रैल 2024 को अमित चौरसिया से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। 15 जुलाई की रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई, जिसके बाद पुलिस ने दहेज हत्या और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय भेज दिया है। मामले की विवेचना जारी है।

## ट्रक से 69 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले के खुखुंदू थाना पुलिस ने बिहार तस्करी के लिए ले जाई जा रही 69 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब से लदे एक ट्रक को पकड़कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की कीमत करीब चार लाख रुपये और ट्रक की कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील सिंह और क्षेत्राधिकारी सलेमपुर गौरव सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रहमान पेट्रोल पंप, परसिया भंडारी के पास कार्रवाई की। ट्रक (यूपी-52 टी-6906) की सीट के नीचे छिपाकर रखी गई 58 पेटी 8 पीएम शराब, नौ पेटी किंगफिशर एक्स्ट्रा स्ट्रॉन्ग बीयर और दो पेटी टुबोर्ग बीयर बरामद की गई। मौके से सलेमपुर क्षेत्र के सुगही निवासी 27 वर्षीय अंकित मद्देशिया को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जय प्रकाश सिंह, ज्ञान सिंह पटेल तथा थाना खुखुंदू के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**देवरिया।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ नई दिल्ली में पुलिस कार्रवाई के विरोध में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छात्रों, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को उठाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने केंद्र सरकार से इन मुद्दों पर जवाबदेही तय करने और युवाओं की समस्याओं के समाधान की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की भी मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने, खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने तथा स्मार्ट मीटर से जुड़ी उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश' सहित जिला कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरसात से पहले नगर पालिका का विशेष स्वच्छता अभियान

» 200 से अधिक सफाई मित्रों ने संभाली कमान
» नगर अध्यक्ष विनय जायसवाल ने स्वयं झाड़ू उठाकर किया श्रमदान, कहा, स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पडरौना।** बरसात के मौसम में नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं जलभराव मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद पडरौना द्वारा बुधवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में 200 से अधिक सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नगर के प्रमुख मार्गों, मोहल्लों, गलियों तथा नालों और नालियों की व्यापक सफाई की। साथ ही कूड़ा उठान एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई भी कराई गई। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने स्वयं अभियान की कमान संभालते हुए सफाई कार्य में हिस्सा लिया और सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान ने पूरे देश में जनजागरूकता पैदा की है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी स्वच्छता को स्वास्थ्य सुरक्षा की पहली सीढ़ी बताया है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका लगातार स्वच्छता के लिए कार्य कर रही है।

अध्यक्ष ने सफाई मित्रों के परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अथक प्रयासों से ही नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने सभी सफाई कर्मियों को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जलभराव, गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए नगर पालिका की टीम पूरी तरह सक्रिय है और नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। अभियान के दौरान सभासद प्रवीण कुमार सिंह, श्याम साहा, बलवंत सिंह 'गोलू', अनिल जायसवाल, रामाश्रय गौतम सहित अनिल मौर्य, अरुण सिंह, घनश्याम, दयाशंकर, भास्कर पाठक, अनूप गोंड, आकाश वर्मा, मंथन सिंह तथा नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झाड़-फूंक के बहाने महिला के आभूषण हड़पने का आरोप, पीपीगंज पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** अंधविश्वास का फायदा उठाकर झाड़-फूंक के नाम पर महिला के आभूषण हड़पने के आरोप में पीपीगंज पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष पीपीगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना पीपीगंज पर दर्ज मुकदमा संख्या 274/2026 से संबंधित आरोपी विजय गौड़ को हिरासत में लिया। आरोपी विजय गौड़ पुत्र रामसेवक गौड़, गंगी बाजार भवानीपुर, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका पुत्र लंबे समय से बीमार चल रहा था। इसी दौरान लगभग एक माह पहले आरोपी विजय गौड़ ने उससे संपर्क कर दावा किया कि यदि उसके घर में किसी प्रकार की बाधा या समस्या है तो वह झाड़-फूंक और तांत्रिक विधि से उसके पुत्र को ठीक कर सकता है। अपने झांसे और मीठी बातों से आरोपी ने महिला का विश्वास जीत लिया। आरोप है कि झाड़-फूंक की प्रक्रिया के दौरान आरोपी ने महिला से उसके सोने-चांदी के आभूषण ले लिए। जब महिला ने बाद में अपने आभूषण वापस मांगे तो आरोपी ने उन्हें लौटाने से इनकार कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी आभूषण वापस न मिलने पर पीड़िता ने पीपीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) एवं 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पीपीगंज पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। यदि जांच में अन्य तथ्य सामने आते हैं तो उन्हें भी विवेचना में शामिल किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी बीमारी या समस्या के समाधान के नाम पर झाड़-फूंक अथवा अंधविश्वास फैलाने वाले व्यक्तियों के झांसे में न आएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या धोखाधड़ी की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## कल्कि बायोटेक पर छापा, दो दवाओं के नमूने जांच के लिए भेजे



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को बड़हरा चौराहा स्थित कल्कि बायोटेक पर छापेमारी कर निरीक्षण किया। इस दौरान दो संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए। औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में फर्म के अभिलेखों और दवाओं की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों की रिपोर्ट सहायक आयुक्त (औषधि), गोरखपुर मंडल को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद यदि दवाएं मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती हैं तो संबंधित फर्म के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में दवाओं की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा को देखते हुए औषधि प्रतिष्ठानों की नियमित जांच और निगरानी आगे भी जारी रहेगी।

## गोला का पड़ौली बाजार बना हरे पेड़ों के अवैध कटान का अड्डा, ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतिबंधित वृक्षों की कटाई का आरोप, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार/गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र का पड़ौली बाजार इन दिनों प्रतिबंधित हरे पेड़ों के कथित अवैध कटान को लेकर चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से पीपल, बरगद, पाकड़, महुआ और आम जैसे पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों की बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी रोक नहीं लगी तो क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच सकती है।

**कटान के बाद दूर-दराज तक पहुंचाई जा रही लकड़ी**

ग्रामीणों के अनुसार कटान के बाद लकड़ी को स्थानीय स्तर पर एकत्र कर गोरखपुर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ आसपास के सीमावर्ती जनपदों तक पहुंचाया जाता है। लोगों का दावा है कि यह कारोबार लंबे समय से सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

**संरक्षण मिलने की चर्चा, आधिकारिक पुष्टि नहीं** स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार को संरक्षण देने के लिए संबंधित विभागों और प्रशासनिक तंत्र तक धन पहुंचाए जाने की चर्चा क्षेत्र में आम है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही संबंधित विभागों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है।

**पर्यावरण पर मंडरा रहा गंभीर खतरा**

पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों का कहना है कि लगातार हो रही हरे पेड़ों की कटाई से वन संपदा, जैव विविधता, भूजल संरक्षण और स्थानीय जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उनका कहना है कि पीपल, बरगद और पाकड़ जैसे वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इनके संरक्षण के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए।

**ग्रामीण बोले- रातों-रात साफ हो रहे बाग और जंगल**

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के कुछ




लकड़ी कारोबारी रातों-रात बागों और जंगलों को साफ कर देने की क्षमता रखते हैं, जिससे लोगों में भय और नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध कटान में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

**वन विभाग ने दिया जांच का भरोसा**

वन क्षेत्राधिकारी सर्वजीत सिंह ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में हरे पेड़ों के अवैध कटान की पुष्टि होती है तो इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जिलाधिकारी का जनता दर्शन बना त्वरित समाधान का मंच

एक दिन में आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड और वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जनता दर्शन में बुधवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की संवेदनशील पहल से तीन पात्र लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। एक 96 वर्षीय बुजुर्ग महिला का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, एक श्रमिक को लेबर कार्ड जारी किया गया और एक वृद्ध की वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कर दी गई। तरकुलवा ब्लॉक के सिमरी गांव की 96 वर्षीय बुचना पांडेय ने आयुष्मान कार्ड बनवाने की गुहार लगाई। डीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल उनका आयुष्मान कार्ड बनाकर सौंप दिया। वहीं भलुअनी ब्लॉक के सुराहा निवासी महेंद्र प्रसाद का श्रमिक कार्ड भी मौके पर बनवाया गया, जिससे वे भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

इसी जनता दर्शन में गौरी बाजार ब्लॉक के पानन कुंडा निवासी महेंद्र शर्मा ने वृद्धावस्था पेंशन की मांग की। डीएम के निर्देश पर जिला स्तरीय समिति ने उनकी पेंशन स्वीकृत कर दी। अधिकारियों के अनुसार बजट उपलब्ध होते ही उन्हें नियमित पेंशन मिलने लगेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनाए जाएं तथा कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। लाभार्थियों ने त्वरित कार्रवाई पर जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## 45 दिवसीय एफएमडी टीकाकरण अभियान शुरू, डीएम ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देवरिया।** कलेक्ट्रेट परिसर से बुधवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने 45 दिवसीय खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी विवेक कुमार सिंह तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीनिवास प्रसाद भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने टीमों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान घर-घर पहुंचकर रोस्टर के अनुसार पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाए। ग्राम प्रधानों और जागरूक पशुपालकों के सहयोग से अभियान को सफल बनाने तथा प्रत्येक टीकाकरण का रियल टाइम डाटा भारत पशुधन एप पर पशुपालकों से ओटीपी प्राप्त कर ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति, डॉ. विनोद कुमार सिंह सहित विभिन्न विकासखंडों के पशु चिकित्सा अधिकारी, एलईओ और पैरावेट्स उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से सुरक्षित रखना और पशुधन की उत्पादकता बढ़ाना है।

## लकड़ी लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, 28 कुंतल यूकेलिप्टस और बाइक बरामद, एक गिरफ्तार



**देवरिया।** जिले की भटनी पुलिस ने यूकेलिप्टस की लकड़ी लूटने की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर लूटी गई 28 कुंतल यूकेलिप्टस की लकड़ी (166 बोटा) तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सल्लहपुर आमबाग से सल्लहपुर निवासी 30 वर्षीय संजय यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने साथियों के साथ 18 जुलाई की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली रोककर चालक का मोबाइल छीनने और लकड़ी उतरवाने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर सल्लहपुर मंदिर के पास से लूटी गई लकड़ी बरामद कर ली गई। मामले में बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी कारोबारी विमल अग्रवाल की तहरीर पर पहले ही मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल तीन अन्य आरोपितों शिव यादव, विकास यादव और श्रीराम यादव की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। कार्रवाई उपनिरीक्षक देवेंद्र बाटव व भटनी पुलिस टीम ने की।

## गोरखपुर :वाहन चोर गिरोह का बड़ा खुलासाः स्कॉर्पियो चोरी के तीन शातिर दबोचे, बिहार तक फैला नेटवर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** गोरखपुर पुलिस ने वाहन चोरी के एक सक्रिय अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना शाहपुर पुलिस, एसओजी और एंटी थेफ्ट टीम की संयुक्त कार्रवाई में तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी की गई एक स्कॉर्पियो, वारदात में प्रयुक्त मारुति स्विफ्ट कार तथा वाहन चोरी में इस्तेमाल होने वाले कई विशेष उपकरण बरामद किए गए हैं। मामले का खुलासा पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सिटी निमिष पाटील ने किया। एसपी सिटी ने बताया कि जनपद में अपराध नियंत्रण और वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को यह महत्वपूर्ण सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के सिवान जनपद निवासी दिलीप कुमार चौहान, मुन्ना हासनी और दीपक यादव के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में तीनों ने संगठित तरीके से वाहन चोरी करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस के अनुसार, 12 जुलाई 2026 को थाना शाहपुर क्षेत्र से एक स्कॉर्पियो चोरी होने की घटना सामने आई थी, जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान चोरी की स्कॉर्पियो, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार और लॉक तोड़ने व वाहन स्टार्ट करने में इस्तेमाल होने वाले विशेष टूल्स बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि चोरी के वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर उन्हें बिहार ले जाया जाता था, जहां उनका उपयोग प्रतिबंधित शराब की तस्करी सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में किया जाता था। इस खुलासे के बाद पुलिस अब गिरोह के व्यापक नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है। मुख्य आरोपी दिलीप कुमार चौहान का आपराधिक रिकॉर्ड भी लंबा बताया जा रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न जनपदों में चोरी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई से न केवल वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा, बल्कि प्रदेश से बाहर तक फैले अपराधियों के नेटवर्क का भी खुलासा होने की संभावना है।

## गोरखपुरः जलभराव किसी हाल में बर्दाश्त नहीं, सभी इंतजाम करेंः सीएम योगी

विकास, बाढ़ बचाव और जलनिकासी तैयारियों की समीक्षा में अधिकारियों को सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान एनेक्सी भवन में विकास कार्यों, बाढ़ बचाव, जलनिकासी व्यवस्था और जनसुविधाओं की व्यापक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर में जलभराव की स्थिति किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में आम जनता को परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। यदि कहीं लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने नगर निगम, सिंचाई, लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी प्रमुख नालों और नालियों की समयबद्ध सफाई कराई जाए तथा जलनिकासी के लिए लगाए गए पंपिंग स्टेशनों को पूरी क्षमता के साथ संचालित रखा जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर जलभराव की संभावना अधिक रहती है, वहां विशेष निगरानी रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन पहले से तैयार रहें। साथ ही नालों पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने, नियमित फागिंग कराने तथा मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई बेहतर होनी चाहिए ताकि लोगों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, गोवंश संरक्षण केंद्रों और डॉग शेल्टर की व्यवस्थाओं की भी उन्होंने समीक्षा की तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक



दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों की आशंका को देखते हुए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय तैनाती बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बाढ़ बचाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने तटबंधों की लगातार निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता और राहत एवं बचाव सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग पूरी सक्रियता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि गोरखपुर में विकास कार्यों के साथ नागरिक सुविधाएं भी बेहतर बनी रहें।

## घर में खाना बनाने के कुछ देर बाद छात्रा की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा, गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मकरहट में मंगलवार शाम एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। गांव की 16 वर्षीय छात्रा खुशबू प्रजापति का शव घर के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटका मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान खुशबू प्रजापति पुत्री ओरी प्रजापति के रूप में हुई है। वह कक्षा नौ की छात्रा थी और पढ़ाई में रुचि रखने वाली बताई जा रही है। घटना के समय उसके पिता किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गए हुए थे। परिजनों के अनुसार, पिता के लौटने पर खुशबू ने सामान्य ढंग से सब्जी काटी, परिवार के लिए भोजन तैयार किया और किसी तरह की परेशानी या तनाव के संकेत भी नहीं दिए। इसी कारण कुछ ही देर बाद उसके घर के अंदर मृत मिलने की घटना ने सभी को हैरान कर दिया।

बताया जाता है कि शाम करीब साढ़े आठ बजे जब परिजनों ने उसे कमरे में देखा तो वह दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। परिजन तुरंत उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सहजनवा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य जुटाने के साथ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पड़ोसी और ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं तथा परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

## निबंध प्रतियोगिता से बच्चों को फाइलेरिया से बचाव की दी जानकारी

देवरिया। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत पथरदेवा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजरिया और प्राथमिक विद्यालय बघोच घाट में फाइलेरिया जागरूकता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। रोगी हितकारी मंच (पीएसपी) के सहयोग से हुए कार्यक्रम में बच्चों को फाइलेरिया के कारण, लक्षण और बचाव की जानकारी दी गई तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सीएचओ अजय शर्मा और अनुराधा ने बताया कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाला गंभीर रोग है, जिसके लक्षण कई वर्षों बाद दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि साल में एक बार परिवार के सभी सदस्य फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बघोच घाट में अनन्या प्रथम, हिमांशी द्वितीय, रोहन तृतीय और नागेश्वर चतुर्थ रहे। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजरिया में इल्मा फलक प्रथम, पलक पांडेय द्वितीय, आरती मद्देशिया तृतीय और सुजीत गुप्ता चतुर्थ स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, शिक्षक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पीएसपी सदस्य तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## विश्व शांति और जनकल्याण का संदेश लेकर साइकिल से भारत भ्रमण पर निकला उमेश कृष्ण, ग्रामीणों ने दी भव्य विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी टोला नौडिहवा निवासी उमेश कृष्ण गौड़ बुधवार को विश्व शांति और जन कल्याण की भावना के साथ साइकिल द्वारा भारत भ्रमण पर रवाना हो गया है। नौडिहवा चौराहे से यात्रा की शुरुआत करते हुए उमेश ने देश के सभी 28 राज्यों की यात्रा करने का संकल्प लिया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों के दर्शन करने के साथ-साथ दुनिया में शांति का संदेश फैलाना है। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व स्थानीय समाजसेवियों और ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। उमेश कृष्ण गौड़ ने अपनी इस प्रेरणा के बारे में बात करते हुए बताया कि अखबारों में जब भी वह अन्य लोगों को साइकिल से भारत भ्रमण पर निकलते देखता था तो उसके मन में भी देश सेवा और जनकल्याण के लिए कुछ करने की इच्छा जागृत होती थी। इसी प्रेरणा के फलस्वरूप उन्होंने साइकिल से पूरे देश को नापने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान वह भारत के सभी 28 राज्यों के प्रमुख तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण करेगा, वहां की संस्कृति को समझेगा और विश्व शांति का प्रचार करेगा। अपनी यात्रा के पहले दिन वह परसामलिक थाने के चौराहे से होते हुए ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र में स्थित मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध पंचमुखी शिव मंदिर पहुंचा, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन कर रात्रि विश्राम का निर्णय लिया। इस विदाई के मौके पर संतोष गुप्ता, ज्ञान चंद यादव, राकेश, दीपू, अख्तर, बिपुल यादव, अमन, राजेश, रमेश यादव और मुख्तार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर उमेश का




हौसला बढ़ाया और उनकी इस साहसिक व कल्याणकारी यात्रा की सफलता की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### शिवराज पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग छात्रा ने की आत्महत्या



**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना शिवराज पुर क्षेत्र अंतर्गत गांव शाह निवादा में मंगलवार देर रात एक नाबालिग छात्रा ने आत्महत्या कर ली,,दशवी की छात्रा पूर्णिमा 16 वर्ष ने अपनी मां की साड़ी का फंदा बनाकर घर के अंदर छत के कुंडे से लटक कर जान दे दी,,छात्रा के पिता चंद्रशेखर ने बुधवार सुबह लगभग आठ बजे शिवराज पुर थाने में घटना की जानकारी दी, परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब पांच बजे उन्हें पूर्णिमा के फांसी के फंदे से लटके होने का पता चला, उन्होंने उसे फंदे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी,, पूर्णिमा क्षेत्र के रामसहाय इंटर कालेज में दशवी की छात्रा थी, उसके बड़े भाई अनिरुद्ध और एक छोटा भाई आर्यन हैं पिता खैती किसानी कर परिवार का जीवन यापन करते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक विक्रांत कुमार व सुनील कुमार व अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंची,शव को फंदे से उतारा हुआ पाया गया, है साक्ष्य संकलन के पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएंगी,, आत्महत्या के कारणों का की जांच पड़ताल जारी है।

### पहली बारिश में बह गया विकास, लाखों की सड़क बनी भ्रष्टाचार की निशानी!

**लखीमपुर-खीरी, फूलबेहड़।** सांच को आंच नहीं 'और 'समय से बड़ा कोई न्यायाधीश नहीं होता' ये कहावतें उस समय चरितार्थ होती दिखीं, जब लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित ग्राम लौकिहा से इब्राहिमपुर संपर्क मार्ग पहली ही बरसात में जगह-जगह धंस गया। जिस सड़क को ग्रामीणों के लिए विकास की नई राह बताया गया था, वही अब खतरे का रास्ता बन चुकी है।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता की घोर अनदेखी की गई। सड़क की डामर परत उखड़ गई, किनारे धंस गए और नीचे की मिट्टी खुलकर बाहर आ गई। तस्वीरें इस बात की गवाही देती हैं कि निर्माण कार्य में कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही हुई है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।चोर की दाढ़ी में तिनका ', 'ऊँची दुकान, फीका पकवान ', और हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और' जैसी कहावतें ग्रामीणों की जुबान पर हैं। उनका कहना है कि कागजों में सड़क मजबूत दिखाई गई, लेकिन हकीकत पहली बारिश में ही सामने आ गई।

### बेटी-पुत्रवधू से दुष्कर्म का दोषी अंतिम सांस तक रहेगा जेल में

**फिरोजाबाद।** अपनी ही बेटी और पुत्रवधू से दुष्कर्म करने वाले को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मंगलवार को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा सुनाई है। विरोध करने पर वह पीड़िताओं और परिवार के अन्य लोगों को धमकाता था। उस पर एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला थाना दक्षिण में मई 2024 का है। 11 मई को दोषी राम स्वरूप गोस्वामी ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी, बेटा, बहू, बेटियां और उनके बच्चे गायब हो गए हैं। पूरा परिवार गायब होने की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई। खोजबीन करने पर गायब स्वजन को अलीगढ़ से बरामद कर लिया। पत्नी ने पुलिस को बताया कि रामस्वरूप अपनी बेटी और बहू के साथ जबरन दुष्कर्म करता है। विरोध पर जान से मारने की धमकी देता है। उसकी करतूत से परेशान होकर पूरा परिवार अलीगढ़ चला गया था। पीड़िताओं ने भी न्यायालय में यही बयान दिए। इसके बाद रामस्वरूप और उसके बेटे विकास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच के बाद विवेचक ने मामले में दुष्कर्म, धमकी, साजिश समेत अन्य धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

# मीर गांव में पड़ा हरे रंग का खतरनाक मलवा

## महाराज पुर थाना क्षेत्र के पुरवा मीर गांव में पड़ा हरे रंग का मलवा खतरनाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत पुरवमीर गांव में खुले में क्रोमियम युक्त ज़हरीला मलवा फेंके जाने से हड़कंप मच गया, प्रदूषण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मलवे और पानी के सैंपल जांच के लिए भेज दिया, अधिकारियों के मुताबिक यह मलवा मानव स्वास्थ्य और भूजल के लिए बेहद घातक है जिसे लेकर प्रशासन सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है,, इसके बाद रात में कुछ लोग डंपर और जेसीबी लेकर मलवा उठाने गए, तों ग्रामीणों ने खदेड़ दिया प्रदूषण विभाग के डाक्टर रजनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची, डॉ रजनीश ने जांच के बाद बताया कि फेंका गया केमिकल बेहद ख़तरनाक है उन्होंने पास ही फ़ार्म हाउस और आसपास घर बना कर रह रहे लोगों से अपील की कि सीसीटीवी कैमरे लगवाए, इससे भविष्य में इस तरह कोई फिर ऐसा करें तों उसे पकड़ा जा सके,साथ ही महाराज पुर थाने की पुलिस को पत्र भेजकर तत्काल कार्यवाही करने के लिए कहा गया है, रजनीश ने कहा कि इस क्षेत्र में इस तरह की कोई फैक्ट्री संचालित नहीं है, आशंका है कि यह ज़हरीला मलवा फतेहपुर की ओर से लाकर अंधेरे में फेंका गया हो,इसे लेकर जिला प्रशासन को भी पत्र लिखा गया है,, प्रदूषण विभाग ने एनएचएआई को भी पत्र लिखने की बात कही, डॉ रजनीश ने कहा कि हाइवे पर लगें सीसीटीवी कैमरे के फुटेज लेकर पता किया जाएगा कि किसके वाहन से मलवा लाकर पुरवा मीर गांव में फेंका गया है ग्रामीणों ने प्रदूषण विभाग की जांच पर राहत जताई है,, उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके।

### फिरोजाबाद में शिक्षक की लापरवाही: छात्र को स्कूल में बंद कर गए

**नारखी (फिरोजाबाद)।** रजावली क्षेत्र के गांव सेवला रामपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में शिक्षकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। पेट दर्द से कराहते कक्षा आठ के छात्र को दवा दिलवाए बिना उसे कक्षा में सुला दिया। दोपहर में अवकाश होने पर वे उसे सोते हुए छोड़ गए। कुछ देर बाद उसकी आंख खुली तो वह बदहवास हालत में स्कूल के गेट के पास आकर रोने लगा। ग्रामीण ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने ताला तोड़ कर छात्र को बाहर निकाला। पिता ने मामले की शिकायत बीएसए से करने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। सेवला रामपुर निवासी धीरज कठेरिया का 12 वर्षीय पुत्र प्रशांत गांव में ही स्थित जूनियर हाईस्कूल में पढ़ता है। मंगलवार दोपहर 12 उसके पेट में दर्द होने लगा। उसने यह बात शिक्षक को बताई। शिक्षक ने उसे दवा दिलवाने या घर भेजने की बजाय कक्षा में ही लेट जाने को कहा। छात्र कक्षा में ही सो गया। दोपहर डेढ़ बजे अवकाश हुआ तो शिक्षक स्कूल के गेट पर ताला लगाकर चले गए। इसके 15 मिनट बाद छात्र की नींद खुली तो गेट बंद देखा।

## बेटे की मौत से दुखी पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ ने कानपुर में खुद को गोली से उढ़ाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** मौत किसी न किसी बहाने से इंसान को अपने साथ ले जाती है। कुछ ऐसा ही हुआ छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष के साथ, जिन्हें मौत बेटे के गम के बहाने अपने साथ ले गई। उन्होंने कानपुर में खुद को गोली से उड़ा दिया। यह घटना यहां के हनुमंत विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंत विहार में हुई। परिवार के अनुसार, आलोक सिंह कल मंगलवार शाम अपने कमरे में गए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। जानकारी के मुताबिक आज बुधवार सुबह जब देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा. बिस्तर पर उनका खून से लथपथ शव पड़ा मिला। इस दौरान पुलिस द्वारा कीगई प्रारंभिक जांच में पता चला कि आलोक सिंह ने अपनी लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से सिर में गोली मारी। फिलहाल कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच यह भी पता चला है कि ट्रांसपोर्ट व्यवसाई भी रहे आलोक सिंह की पत्नी विनीता पिछले दो वर्षो से दोनों बेटियों के साथ लखनऊ में रह रही थीं। परिजनों का कहना है कि बेटे की मौत के बाद पारिवारिक दूरी और तनाव के कारण आलोक सिंह शराब का अधिक सेवन भी करने लगे थे। वहीं दूसरी हनुमंत विहार थाना प्रभारी ने प्रारंभिक जांच में घटना आत्महत्या ही प्रतीत होने की संभावना जताते हुए आलोक सिंह की लाइसेंसी बंदूक को कब्जे में लेने और घटना की जांच किए जाने की बात कही है।

## लड़कियों को राजस्थान लेजाकर बेचने वाले गैंग की शातिर महिला गिरफ्तार

### शादी कराने के वास्ते राजस्थान लेजाकर बेच देते थे लड़कियों को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** सीधी-सादी लड़कियों को बहला फुसलाकर राजस्थान लेजाकर पैसे लेकर शादी कराने के बहाने फंसाने वाले गैंग की एक शातिर 25 हजार की इनामी वांछित महिला को नौबस्ता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि एक माधुरी नाम की अन्य महिला अभियुक्ता फरार है जिसको पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। यह जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि इस वांछित महिला पलक सिंह उर्फ सोनाली अवस्थी पर 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था। यह सोनाली अवस्थी नाम की महिला बर्रा क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि थाना नौबस्ता पुलिस एवं सर्विलांस सेल दक्षिण जोन की संयुक्त टीम ने 25,000 की इनामी वांछित अभियुक्ता पलक सिंह उर्फ सोनाली अवस्थी को बर्रा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। अभियुक्ता मु0अ0सं0 131/2025 में बीएनएस एवं पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं में वांछित थी। अभियुक्ता लंबे समय से फरार चल रही थी, सटीक सूचना एवं सर्विलांस के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत की गई। अभियुक्ता के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने बताया कि यह पांच लोगों का गैंग था। यह लोग इस क्षेत्र की सीधी-सादी लड़कियों को बहला फुसलाकर शादी कराने के के वास्ते राजस्थान लेजाकर पैसे लेकर बेच देते थे जब लड़कियां फंस जातीं थीं तब वह किसी फ़ोरम के माध्यम से शिकायत करतीं थीं उसी के तहत यह मुकदमा दर्ज किया गया था।

### श्रावण मास के दृष्टिगत श्री आनन्देश्वर मंदिर परमट का निरीक्षण



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, अतुल कुमार श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, डॉ. अर्चना सिंह द्वारा आगामी श्रावण मास के दृष्टिगत आनन्देश्वर मंदिर, परमट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, सीसीटीवी, ड्यूटी प्वाइंट तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही गंगा के बढ़ते जलस्तर का भी निरीक्षण कर संभावित परिस्थितियों के मद्देनज़र आवश्यक सतर्कता बरतने एवं सुरक्षा के समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त ने निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

## भाजपा ने किया माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र स्तरीय बूथ सम्मेलन

### विधायक समेत वरिष्ठ नेताओं ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में किया ऊर्जा का संचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**कोंच(जालौन)-** आगामी करीब सात माह बाद संभावित उत्तर प्रदेश विधानसभा के आम चुनाव को फ़तह करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा सहित अन्य सभी विपक्षी दल अलग-अलग कार्यक्रमों के जरिए कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार करने में जुट गए हैं। इसी क्रम में भाजपा ने बुधवार को पड़री स्थित अभिलाषा पैलेस में माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र स्तरीय बूथ सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में बूथ स्तर पर अध्यक्ष सहित समूची टीम को सक्रिय कर संगठन को मजबूत करने के जहां टिप्स दिए गए वहीं संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने चुनावी तैयारियों का प्रत्यक्ष आकलन भी किया। सम्मेलन की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष झांसी हेमंत परिहार सहित क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने पार्टी के प्रेरणास्त्रोतों के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की, तदोपरांत कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सम्मेलन में शामिल माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 557 बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हेमंत परिहार ने कहा कि भाजपा की चुनावी सफलता का सबसे मजबूत आधार बूथ स्तर का संगठन है।

उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष, बूथ समिति और पन्ना प्रमुख मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र व उप्र सरकार के विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं, किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक मतदाता तक संपर्क स्थापित करने का आह्वान किया। विधायक मूलचंद्र ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और निश्चित रूप से कार्यकर्ताओं की दम पर माधोगढ़ विधानसभा में लगातार तीसरी बार भाजपा का विधायक बनेगा। विधायक ने स्वयं के द्वारा क्षेत्र में कराए गए सड़कों से लेकर अन्य तमाम विकास कार्यों के बारे में भी मंच से बताया। सम्मेलन के दौरान बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क अभियान और संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में अशोक राठौर, शीतल कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, आकाश गहोई, रामलखन महाराज, अमित निरंजन, नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सोनू पटेल बोहरा, अनुराग खरे, महेश पतराही, आशु निरंजन, सत्येंद्र निरंजन शीलू, अवधेश पटेल, दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, दीपक तिवारी, शिवसिंह कुशवाहा, राजेंद्र द्विवेदी, बाबूराम पाल, नरेंद्र विश्वकर्मा, अनिल कपूर, विकास पटेल, गौरी चबोर समेत सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

## मायके वालों ने महिला की मौत पर ससुरालियों के विरुद्ध दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** गुजरात प्रांत में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिलने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव जब कोंच क्षेत्र के ग्राम भेड़ लाया गया तो अंतिम संस्कार से पहले मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा करते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना माधौगढ़ क्षेत्र के ग्राम मिझोना निवासी मुन्नालाल ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री संतोषी का विवाह करीब 27 माह पहले कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ निवासी अजय कुशवाहा के साथ किया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे और इसी बात को लेकर संतोषी का उत्पीड़न किया जाता रहा। परिजनों के अनुसार, करीब एक-दो माह पहले संतोषी अपने पति अजय, ससुर प्रेम सिंह और सास रेखा देवी के साथ गुजरात के आनंद जिले में रोजगार के सिलसिले में रहने चली गई थी। आरोप है कि 19 जुलाई को ससुराल पक्ष ने संतोषी की हत्या कर उसके शव को फंदे पर लटका दिया। देर शाम घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग गुजरात पहुंचे, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया।

पोस्टमार्टम के बाद शव जब ग्राम भेड़ लाया गया तो अंतिम संस्कार से पहले मायके पक्ष के लोगों ने विरोध जताते हुए हत्या का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में समझा-बुझा कर अंतिम संस्कार कराया गया। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में मायके पक्ष की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। गुजरात की घटना बताई गई है। गुजरात पुलिस से भी घटना की शिकायत की गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया था और अंतिम संस्कार हो गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**कमरे से मिला कथित सुसाइड नोट, जांच के घेरे में लिखावट**

संतोषी की मौत के मामले में कमरे से एक हस्त लिखित कथित सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आई है। नोट में परिवार के सदस्यों का जिक्र करते हुए किसी को परेशान न करने और अपनी मर्जी से यह कदम उठाने जैसी बातें लिखी गई हैं। हालांकि मायके पक्ष ने इस नोट की सत्यता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि यह संतोषी की लिखावट नहीं है और ससुराल पक्ष ने अपने बचाव के लिए इसे तैयार कराया है। परिजनों ने नोट की हस्त लेखन एवं फोरेंसिक जांच कराने की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सुसाइड नोट की प्रामाणिकता भी जांच का विषय बनी हुई है।

## कोतवाली में दिलायी गई जल संरक्षण के प्रति शपथ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** राष्ट्रीय जल मिशन के तहत बुधवार को कोतवाली परिसर में जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जल को बचाने तथा बारिश के जल के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल पुलिस कर्मियों ने सामुहिक रूप से शपथ लेते हुए कहा कि वह वह जल की एक-एक बूंद का महत्व समझेंगे, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे और जल संरक्षण के प्रति लोगों को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि बारिश के जल संचयन को बढ़ावा देंगे तथा केंद्र सरकार के 'जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगे। प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। बढ़ती आबादी, भूजल स्तर में गिरावट और जल स्त्रोतों के लगातार कम होने के कारण भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है, ऐसे में हर नागरिक को पानी की एक-एक बूंद बचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि यदि आज से ही जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास किए जाएं तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि घरों और सार्वजनिक स्थानों पर जल की बर्बादी रोकें। इस मौके पर एसएसआई विमलेश कुमार, उप निरीक्षक सुमित पांडेय, अजय कुमार, अशोक कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### घाटमपुर भीतरगांव क्षेत्र में तीन दिन में आवारा कुत्तों ने 30 लोगों को काटा



**घाटमपुर(कानपुर।** भीतरगांव क्षेत्र के कई गांवों में पिछले तीन दिनों से आवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है,, कुत्तों के हमलें में छोटे बच्चों और स्कूली छात्रों समेत करीब 30 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, आक्रोशित ग्रामीणों ने एक कुत्ते को मार डाला, जबकि विशेषज्ञों के अनुसार फन्गल इंफेक्शन के कारण कुत्ते आक्रमक हो रहें हैं, ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ते एक के बाद एक कई लोगों को काटते हैं,,पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ लाल प्रताप बताते हैं कि बारिश से भीगने पर नमी और गीलेपन के कारण कुत्तों को पिसुआ फन्गल इन्फेक्शन दाद की शिकायत बहुत ज्यादा होती है, लगातार खुजली और जलन उन्हें बेहद चिड़चिड़ा और आक्रमक बना देती है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूलता मिला युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव अभयपुर मुल्लापुर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में मृतक के पिता ने हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता ने पुलिस को दिए लिखित शिकायती पत्र में कहा कि रुपये के लेनदेन को लेकर आरोपी युवक लगातार बेटे का मानसिक उत्पीड़न कर रहा था और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर मुल्लापुर निवासी प्रेमपाल पुत्र मेवाराम ने थाना क्योलड़िया में दी तहरीर में बताया कि उनका 28 वर्षीय पुत्र अमित कुमार मजदूरी करता था। करीब छह माह पहले थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने किसी काम के लिए अमित को 18 हजार रुपये दिए थे। आरोप है कि दिए गए 18 हजार रुपये के बदले में आरोपी युवक उनके बेटे अमित से तीन गुना रुपये देने का दबाव बनाने लगा। जिसके लेकर कई बार पंचायत भी हुई। पीड़ित पिता का आरोप है कि 21 जुलाई को भी आरोपियों ने अमित को रास्ते में रोककर अभद्रता की और रुपये न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस घटना के बाद अमित काफी तनाव में था। इस बीच बुधवार सुबह करीब सात बजे अमित का शव खेत पर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं तहरीर देते हुए मृतक के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना क्योलड़िया पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बूथ सम्मेलन मे गर्जी आगरा की मेयर दिवाकर कुशवाहा बूथ अध्यक्षों को किया सबोधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**बरेली/** नवाबगंज विधानसभा में आयोजित बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि एवं प्रभारी आगरा की महापौर श्रीमती हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने नवाबगंज में आयोजित बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए बूथ अध्यक्षों का हौसला अफजाई करते हुए कहा मेरा बूथ सबसे मजबूत के साथ उन्होंने देश व प्रदेश के सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को संबोधित करते हुए कहा। प्रदेश में यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में आज सबका साथ सबका विकास धरातल पर दिखाई दे रहा है उन्होंने जोर देते हुए कहा भाजपा एक ऐसा दल है जिसमें किसी के भी साथ भेदभाव नहीं किया जाता जिसके चलते देश व प्रदेश की सरकार विश्व में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ सम्मेलन में उपस्थित बूथ अध्यक्षों को अपनी और सत्य निष्ठा के साथ लोगों से जुड़े रहने का आवाहन किया और कहा भाजपा की सरकार में ही सबका हित है इसलिए कड़ी मेहनत करके विरोधियों की जमानत जप्त करने का काम जनता सप्ताह इसके विधानसभा चुनाव में करेगी यहां पर किसी भी एक समुदाय का वर्चस्व कायम नहीं होता है जैसा के अन्य राजनीतिक दलों में देखने को मिला है। इस मौके पर भदपुरा विकासखंड के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के द्वारा इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया इस कार्यक्रम को नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने भी संबोधित किया यहां यहां पर पालिका अध्यक्ष पति पूर्व जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौड़ उपस्थित 393 बूथ अध्यक्षों के साथ ही मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी के साथ भाजपा के नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार विशाल गंगवार भुजेंद्र गंगवार भाजपा भुवनेश गंगवार साथ ही भारी संख्या में भाजपा के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे इसका संचालन भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने किया।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान केवल कागजों तक सीमित

**लखीमपुर खीरी-** विकास खंड बेहजम में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा गांवों में लाखों रुपये खर्च किए जाने और व्यापक साफ-सफाई कराने के दावे किए जाते हैं। लेकिन क्षेत्र के कई गांवों में न तो दवा का छिड़काव कराया गया, न ही फॉगिंग की गई और न ही सड़कों के किनारे खड़ी झाड़ियों की सफाई कराई गई। ऐसे में अभियान की जमीनी हकीकत पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार हो रही बारिश के बीच संक्रामक और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा भेजा गया बजट तो खर्च दिखा दिया गया, लेकिन गांवों में साफ-सफाई और बचाव संबंधी कार्य केवल कागजों तक ही सीमित रह गए।

### बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फत्तेपुर में भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन संपन्न

**लखीमपुर खीरी-** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सम्मेलन में शक्ति केंद्र संयोजकों एवं बूथ अध्यक्षों को संगठन सशक्तिकरण और बूथ मजबूती का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान फत्तेपुर चौकी प्रभारी दिलीप कुमार राय पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, जिला महामंत्री ब्रजेश सिंह, सर्बेश सिंह, अमित सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजीव वर्मा, सीताराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष मन्ना लाल राठौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## आकाशीय बिजली के चपेट में आए ट्रांसफार्मर



**अहरौरा मिर्जापुर/**विद्युत सब स्टेशन अहरौरा से संबंधित तीन स्थानों पर मंगलवार आधी रात को आकाशीय गिरने से तीन ट्रांसफार्मर जल गए जिसके कारण सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अहरौरा विद्युत सब स्टेशन के जे ई पंचधारी सिंह ने बताया की अहरौरा फीडर पर स्थित दुर्गा जी मंदिर के पास 10 के वी , पटटी कला25 के वी ,व जीयो टावर पटटी कला पर 25 के वी का ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली के चपेट में आने से जल गया । जिससे नगर क्षेत्रो की विद्युत सप्लाई ठप हो गया है । अवर अभियंता पंचधारी सिंह ने बताया की ट्रांसफार्मर जलने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है जल्द ही ट्रांसफार्मर बदलवाया जाएगा। नगर क्षेत्र में मंगलवार अर्ध रात्रि से रुक-रुक कर हो रहे आंधी पानी के बीच वज्रपात हो रहा है इसके चपेट में आने से विभिन्न स्थानों के ट्रांसफार्मर जल गए। उन लोगों के लिए विकट समस्या उत्पन्न हो गई है जो खराब मौसम में अंधेरे में बिताना पड़ेगा,जीव जंतुओं का भी भय बना हुआ है।

## भूजल सप्ताह का समापन, जल संरक्षण के लिए निकाली गई जनजागरूकता रैली’



**मीरजापुर-** शासन के निर्देशानुसार जनपद में 'भूजल सप्ताह' के अंतर्गत ‘जल संरक्षण करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प’ अभियान का समापन को जनजागरूकता रैली के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा ने विकास भवन, से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में जल संरक्षण का संदेश देते हुए ‘जल है तो कल है’, ‘जल ही जीवन है’ तथा ‘जल संरक्षण करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प’ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को भूजल संरक्षण एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। रैली में सहायक अभियंता महेश कुमार वर्मा, अवर अभियंता विजय कुमार, उमेश मिश्रा, अधिशासी अभियंता विपिन कुमार यादव, बृजेश कुमार, सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पैसों के लेनदेन के विवाद में ट्रक चालक मोबाइल टावर पर चढ़ा, चार घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा

### एनएच-19 पर लगा लंबा जाम, कार्रवाई के आश्वासन पर नीचे उतरा चालक

**गोपीगंज (भदोही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित जंगीगंज बाजार की फकीरान बस्ती में बुधवार को पैसों के लेनदेन के विवाद के बाद एक ट्रक चालक करीब 80 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। चालक के इस कदम से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और एनएच-19 पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, टावर पर चढ़ने वाले चालक की पहचान सुल्तानपुर निवासी सुरेंद्र पांडेय के रूप में हुई है। उसकी ससुराल कोइरौना थाना क्षेत्र के नगरदह गांव में है। चालक का आरोप है कि पैसों के लेनदेन के विवाद में तीन लोगों ने उसके साथ मारपीट की और नकदी भी छीन ली। इसी से आहत होकर वह न्याय की मांग करते हुए हाईवे पर ट्रक खड़ा कर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे, नायब तहसीलदार जयराम प्रजापति, पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने टावर के नीचे सुरक्षा घेरा बनाकर चालक को शांतिपूर्वक नीचे उतारने का प्रयास शुरू किया। साथ ही हाईवे पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। करीब चार घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान चालक लगातार कार्रवाई की मांग करता रहा। अंततः प्रशासन ने आरोपियों के विरुद्ध जांच कर आवश्यक कार्रवाई और गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद सुरेंद्र पांडेय सुरक्षित नीचे उतर आया। नीचे उतरने के बाद चालक ने अधिकारियों को अपने साथ हुई कथित मारपीट और पैसों के लेनदेन के विवाद की जानकारी दी। पुलिस ने उसकी शिकायत के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# नगर में मिट्टी डालकर बंद करने से क्षेत्र में जलजमाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** चुनार तहसील क्षेत्र के बरेवां और भरेठा गांव की सीमा से गुजर रही मानिकपुर माइनर टेल नहर को मिट्टी डालकर बंद कर दिए जाने से क्षेत्र में जलप्लावन की समस्या गहरा गई है। इसको लेकर ग्राम बरेवां की प्रशासक किरन देवी ने बुधवार कोउपजिलाधिकारी अनेग सिंह को पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।दिए गए पत्र में किरन देवी ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते नहर के बड़े हिस्से को कुछ दबंग कास्तकारों ने पाट दिया है। एक कास्तकार ने तो नहर को पूरी तरह बांध दिया है, जिससे नहर का स्वरूप ही बदल गया है और पानी पटरी तोड़कर बहने लगा है। उन्होंने बताया कि नहर को जिस स्थान पर बांधा गया है, उसी जगह गांव और बारिश के पानी की निकासी के लिए नीचे सायफन बना है। नहर बंद होने के कारण पानी ओवर होकर उसी सायफन से गांव के अंदर घुस रहा है। इससे खेतों के साथ-साथ आबादी वाले इलाकों में भी पानी भरने लगा है। प्रशासक ने आरोप लगाया कि इस संबंध में सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध रूप से बांधी गई नहर को तुरंत खुलवाया जाए और जल निकासी की व्यवस्था बहाल नगर में मिट्टी डालकर बंद करने से क्षेत्र में जलजमाव चुनार, मीरजापुर। चुनार तहसील क्षेत्र के बरेवां और भरेठा गांव की सीमा से गुजर रही मानिकपुर माइनर टेल नहर को मिट्टी डालकर बंद कर दिए जाने से क्षेत्र में जलप्लावन की समस्या गहरा गई है। इसको लेकर ग्राम बरेवां की प्रशासक किरन देवी ने बुधवार कोउपजिलाधिकारी अनेग सिंह को पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।दिए गए पत्र में किरन देवी ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते नहर के बड़े हिस्से को कुछ दबंग कास्तकारों ने पाट दिया है। एक कास्तकार ने तो नहर को पूरी तरह बांध दिया है, जिससे नहर का स्वरूप ही बदल गया है और पानी पटरी तोड़कर बहने लगा है।

उन्होंने बताया कि नहर को जिस स्थान पर बांधा गया है, उसी जगह गांव और बारिश



के पानी की निकासी के लिए नीचे सायफन बना है। नहर बंद होने के कारण पानी ओवर होकर उसी सायफन से गांव के अंदर घुस रहा है। इससे खेतों के साथ-साथ आबादी वाले इलाकों में भी पानी भरने लगा है।प्रशासक ने आरोप लगाया कि इस संबंध में सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध रूप से बांधी गई नहर को तुरंत खुलवाया जाए और जल निकासी की व्यवस्था बहाल की जाए, ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके। की जाए, ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

# अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं को बालू घाट पक्का पुल से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सपा कार्यकर्ताओं ने बेलबीर स्थित नसीम खान के आवास पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बालू घाट पक्का पुल पर पहुंचे। कार्यकताओं ने वहां जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा रोके जाने के वावजूद प्रदर्शनकारी कोतवाली पहुंच गए और मुख्य गेट पर बैठ कर धरना देते हुए नारेबाजी करते रहे। यह प्रदर्शन दिल्ली में अखिलेश यादव के गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। अखिलेश यादव को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में प्रधानमंत्री आवास की



ओर मार्च के दौरान हिरासत में ले लिया गया था जिससे क्षुब्ध होकर नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को देखते हुए चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह ने धरना प्रदर्शन कर रहे सभी सपा कार्यकर्ताओं को समझाकर बुझाकर धरना प्रदर्शन को शान्त कराया। धरना प्रदर्शन करने वाले में मुख्य रूप से नरेंद्र यादव, अनिल यादव, नसीम खान, निज़ाम भाई, सन्तोष गुप्ता, परवेज आलम, विकास गुप्ता विक्की, नन्हे यादव मुहम्मद शरीफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कहानी संग्रह बावन पत्ते का हुआ लोकार्पण

**बरहज, देवरिया।** बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज, आश्रम बरहज के बाबा राघवदास सभागार में वरिष्ठ लेखक एवं मनोवैज्ञानिक हरिशरण ओझा की कहानी संग्रह बावन पत्ते का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि परमहंस आश्रम के पीठाधीश्वर आंजनेय दास महाराज ने पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। ‘बावन पत्ते’ ग्रामीण जीवन, लोक परंपराओं और मानवीय रिश्तों की संवेदनाओं को सहेजने वाली महत्वपूर्ण कृति है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य ने करते हुए कहा कि पुस्तक सामाजिक यथार्थ और मानवीय संबंधों का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. ओ.पी. शुक्ला ने कहा कि कहानी संग्रह गांव, समाज और मनोविज्ञान के विविध पक्षों को प्रभावी ढंग से सामने लाता है। लेखक हरिशरण ओझा ने बताया कि पुस्तक की प्रेरणा उन्हें समाज और लोकजीवन के अनुभवों से मिली।

# स्ट्रॉबेरी की खेती कर किसान हो रहे मालामाल, सरकार दे रही भारी अनुदान

### प्रति एकड़ 12-14 लाख रुपए होता है शुद्ध लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार पारंपरिक खेती के साथ-साथ बागवानी को भी लगातार बढ़ावा दे रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं और अनुदान का लाभ उठाकर जनपद मीरजापुर के किसान अब स्ट्रॉबेरी की खेती की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। कम समय में अधिक मुनाफा देने वाली इस फसल ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने बताया कि जनपद मीरजापुर में वर्तमान समय में 190 किसान 100 एकड़ से अधिक भूमि पर स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। वर्ष 2026-27 में स्ट्रॉबेरी की खेती का रकबा बढ़ाकर 150 एकड़ करने का लक्ष्य है। बताया कि किसानों को इस फसल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रति हेक्टेयर 90 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इससे किसानों पर शुरुआती लागत का बोझ कम हो रहा है और अधिक से अधिक किसान बागवानी फसलों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रॉबेरी की खेती




करने करने वाले किसान एक फसल में प्रति एकड़ 12 से 14 लाख की आय अर्जित कर रहे हैं।

**लगातार बढ़ रहा स्ट्रॉबेरी का रकबा**

उन्होंने बताया कि स्ट्रॉबेरी एक नकदी फसल है, जिसकी बाजार में पूरे वर्ष अच्छी मांग बनी रहती है। मीरजापुर की जलवायु और मिट्टी इस फसल के लिए अनुकूल साबित हो रही है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में स्ट्रॉबेरी की खेती का रकबा लगातार बढ़ा है। किसान पारंपरिक फसलों की तुलना में स्ट्रॉबेरी से कई गुना अधिक लाभ अर्जित कर रहे हैं। उद्यान अधिकारी ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तायुक्त पौधों की उपलब्धता तथा आधुनिक खेती की जानकारी भी दी जा रही है। विभाग समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत करा रहा है। इससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो रही है।

**बाजार में है स्ट्रॉबेरी की भारी मांग**

स्ट्रॉबेरी की खेती से न केवल किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। फसल की तुड़ाई, पैकिंग और विपणन कार्यों में स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसके अलावा मीरजापुर की स्ट्रॉबेरी अब आसपास के जिलों के साथ-साथ बड़े शहरों के बाजारों तक पहुंच रही है। योगी सरकार की बागवानी प्रोत्साहन नीति और उद्यान विभाग के प्रयासों का ही परिणाम है कि मीरजापुर के किसान आधुनिक और लाभकारी खेती को अपनाकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। स्ट्रॉबेरी की खेती किसानों के लिए आय का नया स्रोत बनकर उभरी है और आने वाले समय में इसके विस्तार की व्यापक संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।

# भूजल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर, विकास भवन में कार्यशाला आयोजित



### जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी ने वर्षा जल संचयन और जल बचत अपनाने का किया आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भूजल सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को विकास भवन सभागार में जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी ने की। कार्यशाला का उद्देश्य भूजल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपायों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी ने कहा कि लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए जल संरक्षण को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनभागीदारी का अभियान बनाना होगा। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से वर्षा जल संचयन अपनाने, जल के अनावश्यक दोहन को रोकने तथा उपलब्ध जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की। इस दौरान विशेषज्ञों ने वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग), भूजल पुनर्भरण, तालाबों एवं जलाशयों के संरक्षण, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन तथा जल बचत के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्षा जल का अधिकतम संचयन कर भूजल स्तर में सुधार किया जा सकता है, जिससे भविष्य में पेयजल और सिंचाई संबंधी समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव होगा। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भूजल सप्ताह के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं जनजागरूकता अभियानों की जानकारी साझा की तथा जल संरक्षण के लिए समन्वित प्रयासों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने और जल की प्रत्येक बूंद बचाने का संकल्प लिया। साथ ही भूजल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई।

## बनकटा के पांच विद्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, बीईओ को कारण बताओ नोटिस

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बुधवार को विकासखंड बनकटा के पांच विद्यालयों और एक आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था, छात्र उपस्थिति और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में पर्यवेक्षण में शिथिलता मिलने पर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र सोहनपुर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोहनपुर, प्राथमिक विद्यालय इंगुरी बाजार, उच्च विद्यालय रामपुर बुजुर्ग तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप छापर का निरीक्षण किया। अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम मिलने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पंजीकृत 110 छात्राओं के सापेक्ष केवल 70 छात्राएं उपस्थित मिलीं। डीएम ने छात्राओं से पाठ पढ़वाकर उनकी शैक्षणिक दक्षता भी परखी और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन के निर्देश दिए। साथ ही सभी विद्यालयों में डिजिटल उपस्थिति प्रणाली का शत-प्रतिशत अनुपालन कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नियमित छात्र उपस्थिति शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भविष्य के निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर, 24 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ द्वारा 24 जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कटरा रोड प्रतापगढ़ परिसर में किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में लर्नरन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वेस्टर्न रेफ्रिजरेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए ट्रेनी पद पर चयन किया जाएगा। इस पद के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल/इंटर/आईटीआई निर्धारित है तथा चयनित अभ्यर्थियों को 19,000 से 23,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसी प्रकार उड़ान मैनपावर एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा सेफएक्सप्रेस/ओम लॉजिस्टिक्स के लिए ऑपरेटर असिस्टेंट पद पर भर्ती की जाएगी।

# पुराने मामले में फरार चल रही दो महिला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में दबिश देकर गैर जमानती वारंट में लंबे समय से वांछित चल रही दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत शीशमहल के टोला परसहवा निवासिनी सरीफुन पत्नी नियामत और ग्राम पंचायत रेहरा निवासिनी शीला पत्नी मंटू उर्फ राममिलन के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने के मामले में धारा 323, 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में न्यायालय द्वारा बार-बार समन और नोटिस जारी होने के बावजूद दोनों महिलाएं अदालत में हाजिर नहीं हो रही थीं, जिसके बाद कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। वारंट जारी होने के बाद से ही दोनों आरोपी महिलाएं पुलिस को चकमा देकर फरार चल रही थीं। बुधवार को मुखबिर से मिली सटीक




सूचना के आधार पर उप निरीक्षक रामजीत व अशोक कुमार, कांस्टेबल बृजेश यादव, नीतीश कुमार और महिला कांस्टेबल रेनू की संयुक्त टीम ने दोनों गांवों में उनके छिपने के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। घेराबंदी कर पुलिस ने दोनों महिला वारंटियों को उनके घरों से दबोच लिया। थाने लाकर आवश्यक कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि दो वारंटी महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदम-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर-** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी एवं ठोस कदम उठाए जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, ब्लैक स्पॉट्स, यातायात प्रबंधन, सड़क संकेतकों की उपलब्धता, अवैध अतिक्रमण, वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों के पालन तथा जनजागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग नियमित निरीक्षण करें तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को यातायात नियमों के पालन के




लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने एन0एच0आई0 एवं टोल प्लाजा संचालकों को निर्देषित करते हुए कहा कि सभी सी0सी0टी0वी0 कैमरे सक्रिय रहे एवं टोल प्लाजा के आस पास भारी वाहनों को न खड़ा करने दिया जाए इससे सम्बन्धित समय-समय पर टोल कर्मियो के द्वारा एनाउंस भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में चलाए जा रहे स्कूली वाहनों का सत्यापन करे। उन्होंने कहा कि क्षेत्राधिकारी नगर, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी तीन दिन में संयुक्त रूप से स्कूलों की जांच करे स्कूलो में चल रहे वाहनो की सूची ले तथा देखे कि वाहन नियमानुसार संचालित है अथवा नही नियमानुसार नहीं होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही कार्यवाही करें। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को निर्देषित करते हुए जनपद में डग्गामार वाहनों पर कार्यवाही करे जिन वाहनों के परमिट नियमानुसार सहीं है उन्ही का संचालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में दुर्घटना होने वाली सड़को/स्थलों की सूची उपलब्ध कराएं।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। ओवरस्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाने, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विषाल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित, क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# भदोही पुलिस ने लौटाई 19.26 लाख की खुशियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भदोही पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 107 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत 19 लाख 26 हजार रुपये बताई गई है। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन ज्ञानपुर सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सुपुर्द किए। लंबे समय बाद अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताते हुए भदोही पुलिस और जनपदीय पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर गुम मोबाइलों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सभी थानों के कंप्यूटर ऑपरेटरों को सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) पोर्टल, जनसुनवाई और डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। शिकायत मिलते ही मोबाइल का आईएमईआई नंबर पोर्टल पर दर्ज कर उसकी लोकेशन और सिम संबंधी जानकारी का विश्लेषण करते हुए लगातार फॉलो-अप किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 107 मोबाइल बरामद किए गए। थानावार बरामद मोबाइलों की संख्या में ज्ञानपुर 24, गोपीगंज 16, कोईरौना 7, भदोही 13, चौरी 8, औराई 15, ऊंज 4, सुरियावां 17 तथा दुर्गागंज 3 मोबाइल, कुल 107 मोबाइल बरामद हुए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने लोगों को सीईआईआर पोर्टल की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल गुम होने पर पोर्टल के माध्यम से उसे तुरंत ब्लॉक कराया जा सकता है, जिससे उसका दुरुपयोग रोका जा सके। साथ ही उन्होंने लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने तथा अपने परिवार और परिचितों को भी जागरूक करने की अपील की।

## गौरा विधानसभा में रईस अहमद के नेतृत्व में दिया गया धरना प्रदर्शन

**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के गिरफ्तारी की खबर सुनते ही सपा के लोग गौरा विधान सभा के विकास खण्ड छपिया में यादव कांप्लेक्स के पास इकट्ठा हुए और धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे हमारे नेता को रिहा करो छात्रों का उत्पीड़न बंद करो धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो हर जोर जुलम के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है हमारे नेता को रिहा करो रिहा करो।इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रईस अहमद नेतृत्व किया देर रात तक यह कार्यक्रम चलता रहा जब अखिलेश यादव को रिहा कर दिया गया और अपील जारी हो गई कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता नेता धरना प्रदर्शन समाप्त करें तब जाकर यह धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ इस धरने में सपा नेता हाफिज मलिक भी शामिल हुए इस अवसर पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विजय यादव यूजन सभा के प्रदेश सचिव राहुल यादव लोहिया वाहिनी के जिला सचिव महेश वर्मा लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष किशन पासवान, मुलायम यादव शंकर यादव, सुरेश सोनकर, सोनू सोनकर सूरज भारती धरना प्रदर्शन के समाप्ति पर सपा के वरिष्ठ नेता महेश वर्मा ने लोगों को जलपान कराकर अपने-अपने घर जाने की अपील किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# महिला जनसुनवाई शिविर में 13 शिकायतें, तीन का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या नीलम प्रभात की अध्यक्षता में बुधवार को राजकीय गेस्ट हाउस, भदोही में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शिविर में महिलाओं से संबंधित 13 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 10 मामलों को संबंधित विभागों और पुलिस को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई कर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, महिला उत्पीड़न, भरण-पोषण सहित विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान नीलम प्रभात ने कहा कि पीड़ित महिलाओं को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाना राज्य महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को महिला उत्पीड़न, दहेज




प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, संपत्ति विवाद एवं भरण-पोषण से जुड़े मामलों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

साथ ही महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के अपनी शिकायत दर्ज कराएं। बैठक के दौरान महिला सुरक्षा एवं महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा भी की गई। वहीं, महिला कल्याण विभाग की ओर से नगर पंचायत नई बाजार में ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ’, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जनजागरूकता चौपाल एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा, विधवा पेंशन एवं स्पॉन्सरशिप योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात सेवा, 1076 मुख्यमंत्री जनसुनवाई, 102 प्रसव सेवा और 108 एम्बुलेंस सेवा के बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, महिला कल्याण विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# झूलते बिजली के तार और झुके पोल बने हादसे का सबब, जिम्मेदार बेखबर

» बगल में छोरा गांव में ढिंढोरा वाली कहावत चरितार्थ होती नजर आती है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** शहर में विद्युत व्यवस्था की बदहाल तस्वीरें बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं। कई मोहल्लों में झुके हुए बिजली के पोल, अव्यवस्थित ढंग से झूल रहे बिजली के तार और वर्षों से लटकी पुरानी 11 हजार वोल्ट की लाइन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कासिमनगर स्थित शीतला माता मंदिर के सामने सरकारी ट्यूबवेल के पास लगा लोहे का बिजली पोल काफी झुक चुका है। वहीं सिटी पावरहाउस से सटी हुई ओमान स्वीट वाली गली में बिना पोल के लकड़ी की बल्लियों के सहारे बिजली के तार लटक रहे हैं। हालत यह है कि तार राहगीरों के सिर तक पहुंच रहे हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां तत्काल नया बिजली पोल लगाए जाने की आवश्यकता है।

इतना ही नहीं, क्षेत्र में पुरानी 11 हजार वोल्ट लाइन के दो तार कई वर्षों से निर्जीव अवस्था में लटके हुए हैं। इन तारों के स्थान पर विद्युत विभाग पहले ही नई केबल लाइन डाल चुका है, इसके बावजूद पुराने तारों को हटाने की जहमत नहीं उठाई गई। समय के साथ ये निर्जीव तार काफी नीचे झुक गए हैं और राहगीरों के सिर तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि इन तारों में कई बार करंट जैसा अहसास भी होता है, जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहता है। यदि इन्हें शीघ्र नहीं हटाया गया तो किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं से बिल वसूली के लिए तो घर-घर पहुंच जाता है, लेकिन जर्जर विद्युत ढांचे की मरम्मत, झुके पोल बदलने और अनुपयोगी तारों को हटाने के मामले में उदासीन बना हुआ है।

लोगों ने सवाल उठाया कि जब जनता नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रही है, तो उन्हीं पैसों से जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विभाग आखिर क्यों पीछे हट रहा है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि झुके हुए पोल को तत्काल बदला जाए, ओमान स्वीट वाली गली में नया पोल लगाया जाए तथा वर्षों से लटके निर्जीव 11 हजार वोल्ट के तारों को तत्काल हटाकर संभावित दुर्घटना को टाला जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धार्थनगर में दर्दनाक हादसाः निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरा, घायल युवक की मौत

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कमसार गांव में बुधवार सुबह नव निर्मित मकान का छज्जा गिरने से एक युवक की मृत्यु हो गई। प्रकाश मौर्य (40)पुत्र राजाराम मौर्य सुबह आठ बजे अपने नवनिर्मित मकान के छज्जे से प्लाई खोल रहे थे कि अचानक प्लाई खुलते ही छज्जा युवक के ऊपर गिर गया । इससे वह गंभारी रूप से घायल हो गया। स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।इस घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतक के पास चार बच्चे हैं जिनमें जो बड़ी लड़की का शादी हो चुका है।और बच्चे दो बालिक है एक नाबालिक है।घटना की जानकारी होते ही पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने मृतक के घर पहुंच कर ढ़ाढस बधाया और आर्थिक मदद देकर, हर संभव सरकारी मदद का भी आश्वासन दिया।

### बूथ अध्यक्षों ने सशक्त बूथ बनाने का लिया संकल्प



**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र 302 शोहरतगढ़ के नगर पंचायत शोहरतगढ़ में बुधवार को एक मैरिज हाल में भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी 2027 विधानसभा चुनाव एवं संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री तथा प्रदेश उपाध्यक्ष (गो सेवा प्रकोष्ठ) महेश शुक्ला ने कहा कि बूथ ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के परिश्रम से ही संगठन निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है। सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष के समीक्षा व समस्याओं पर भी चर्चा हुआ। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, सुनील अग्रहरि, रवि अग्रवाल, शिव शक्ति शर्मा, नंदू गौड़, मेजर सिंह चौहान, सूर्य प्रकाश पांडेय, विनीत कमलापुरी, लाल जी त्रिपाठी, दालसिंगार दुबे, कृष्ण पाल चौधरी, राजेश पाठक, अरविंद चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

### समाजसेवी के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया शोक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजसेवी के निधन पर लोगों ने शोक जताया है। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ के खैरा पूरे छेमी, खपराही गांव निवासी समाजसेवी गणेश प्रसाद द्विवेदी 78 का मंगलवार को लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। समाजसेवी के निधन की जानकारी होने पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुः,ख जताया है।क्षेत्र के सुरेन्द्र नाथ शुक्ल, आनन्द पाण्डेय, रमाकांत द्विवेदी, बलराम शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, अशोक पाण्डेय, विनोद तिवारी, डॉ0 राजकुमार मिश्र, वाचस्पति तिवारी आदि ने भी गहरी संवेदना जताई है।

### सोशल मीडिया पर खबर वायरल करने को लेकर मिल रही धमकी




**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर खबर वायरल किये जाने की रंजिश में पीड़ित को जानलेवा धमकी मिल रही है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम गांव निवासी योगेन्द्र सिंह पुत्र राजवंत सिंह ने उदयपुर थाने पर बुधवार को दी गई तहरीर में कहा है कि तीन दिन पूर्व खानीपुर उदयपुर गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी को लेकर उसके द्वारा सोशल मीडिया पर खबर चलायी गयी थी। पीडित का आरोप है कि इसी रंजिश में एक व्यक्ति द्वारा उसे जानलेवा धमकी दी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जहरीले जन्तु के काटने से नौ वर्षीय बेटी सोचिनी की मौत

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम फूस की मड़ई में रखी लकड़ियां लाने गई किशोरी को किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। जबतक उसके परिजन उसे सीएचसी पहुंचाते उसकी मौत हो गई। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे ठाकुर मजरे टीसाखानापुर गांव निवासी जानकी प्रसाद की नौ वर्षीय बेटी सोचिनी मंगलवार देर शाम खाना बनाने के लिए घासफूस से बनी झोपड़ी में रखी लकड़ियां लाने गई थी। इसी दौरान उसके हाथ में किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। कुछ देर बाद सोचिनी अचेत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजन उसे सीएचसी अमांवा लेकर पहुंचे जहां किशोरी ने दम तोड दिया। किशोरी के पिता जानकी प्रसाद का कहना है कि बंगले में लकड़ी लेने के दौरान उनकी बेटी को जहरीले सांप ने काट लिया था। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया पंचनामे की कार्यवाही की गई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम से मना कर दिया।

## साईबर अपराध के रोकथाम के लिए लोटन कस्बे में लोगों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** साईबर जागरूकता अभियान के तहत कस्बा लोटन में बुधवार को लोगों को वर्तमान मे हो रहे पैसो की धोखाधडी,साईबर फ्राड व सोशल मीडिया व्हाट्स एप्प फेसबुक,ट्वीटर जैसे सोशल प्लोटफार्म पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारियों के दुरूपयोग जैसे अपराधो और साईबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें तमाम लोग उपस्थित होकर उसके बचाव के बारीकियों को जाना। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में साईबर अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन एवं हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष लोटन के नेतृत्व में साइबर सेल टीम के द्वारा बुधवार को कस्बा लोटन में गांव के लोगों को साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी। अपराधो के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और एनसीआरपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग निर्देशो से अवगत कराया गया। इसके साथ ही निम्न बिन्दुओं के बारे में भी बताया गया ।किसी भी संदिग्ध ईमेल, कॉल या संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक न करें या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। यदि आवश्यक हो, तो सीधे संगठन की आधिकारिक वेबसाइट से संपर्क करें। इस दौरान उ0नि0 रवींद्र यादव,क0आ0 गौरव कांत,हे0 का0 अंकित सिंह,का0 संजीत गुप्ता,म0 का0 पूजा वर्मा,रि0म0 कीर्ती आदि सहित तमाम कस्बावासी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला युवती का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चेतिया टोला मदरहिया गांव में मंगलवार की रात 25 वर्षीय युवती रुक्मणी उर्फ रेनू ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। रुक्मणी मंगलवार रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। कुछ देर बाद जब उसकी छोटी बहनें रूप (16) और अंशिका (12) कमरे में पहुंचीं, तो उन्होंने रुक्मणी को कमरे की छत में लगी कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ पाया। बहनों के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि रात अधिक होने के कारण घटना की सूचना तत्काल पुलिस को नहीं दी जा सकी। बुधवार सुबह स्थानीय चेतिया चौकी पुलिस को जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

मृतका के माता-पिता, सीता और कैलाश ने बताया कि रुक्मणी की शादी बांसी थाना क्षेत्र के गोनहाताल गांव निवासी नेवास पुत्र नंदलाल के साथ तय हुई थी। उन्होंने बताया कि बेटी पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रहती थी और अक्सर अपने होने वाले पति से मोबाइल फोन पर बातचीत करती थी। घटना वाली रात भी उसकी फोन पर बात हुई थी, जिसके बाद वह कमरे में सोने चली गई और यह कदम उठा लिया। रुक्मणी अपने चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी। उसका बड़ा भाई लक्ष्मण मुंबई में रहकर मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। उसके बाद रुक्मणी, फिर रूप और सबसे छोटी अंशिका हैं। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जहरीले जन्तु के काटने से नौ वर्षीय बेटी सोचिनी की मौत

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम फूस की मड़ई में रखी लकड़ियां लाने गई किशोरी को किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। जबतक उसके परिजन उसे सीएचसी पहुंचाते उसकी मौत हो गई। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे ठाकुर मजरे टीसाखानापुर गांव निवासी जानकी प्रसाद की नौ वर्षीय बेटी सोचिनी मंगलवार देर शाम खाना बनाने के लिए घासफूस से बनी झोपड़ी में रखी लकड़ियां लाने गई थी। इसी दौरान उसके हाथ में किसी जहरीले जन्तु ने काट लिया। कुछ देर बाद सोचिनी अचेत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजन उसे सीएचसी अमांवा लेकर पहुंचे जहां किशोरी ने दम तोड दिया। किशोरी के पिता जानकी प्रसाद का कहना है कि बंगले में लकड़ी लेने के दौरान उनकी बेटी को जहरीले सांप ने काट लिया था। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया पंचनामे की कार्यवाही की गई है। परिजनों ने पोस्टमार्टम से मना कर दिया।

## राहुल-प्रियंका की हिरासत लोकतंत्र पर चोटः मोना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रतियोगी परीक्षाओं मे पारदर्शिता की मांग को लेकर दिल्ली समेत देश भर में जायज मांगो को लेकर छात्रों के आंदोलन पर पुलिस की बबर्रता को पूरी तरह अमानवीय करार दिया है। उन्होने कहा कि युवाओं व छात्रों की मांग पर जबाबदेही के लिए संसद में विपक्ष ने सरकार से चर्चा की मांग रखी। उन्होने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने इस मांग को अनसुनी करते हुए पेपरलीक से मुंह मोड़ने का प्रयास किया। बुधवार को रामपुरखास के दौरे पर पहुंची विधायक मोना ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा सांसद प्रियंका गांधी के संसद में विपक्ष की अनदेखी को लेकर युवाओं को न्याय दिलाने के लिए लोकतांत्रिक ढंग से विरोध की आवाज को दबाने के लिए सरकार ने पार्टी के शीर्ष नेताओं को जबरिया हिरासत में लेने की हिंसक कार्रवाई की भी पराकाष्ठा की। उन्होने कहा कि युवाओं तथा छात्रों की जायज मांग को सरकार को फौरन स्वीकार करना चाहिए। वहीं सीएलपी नेता मोना ने निष्पक्षतापूर्वक परीक्षाएं न करा पाने तथा पेपरलीक की नैतिक जिम्मेदारी लेकर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से फौरन इस्तीफे की मांग पर भी जोर दिया।

उन्होने कहा कि बिजली के बिल अनियमित हैं और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल है। विधायक मोना ने खरीफ की फसल के समय भी किसानों को यूरिया व डीएपी खाद उपलब्ध न करा पाने को लेकर भी घेराबंदी की। उन्होने कहा कि सरकार का हर वायदा खोखला साबित हुआ है। विधायक मोना का ननौती सीमा पर कार्यकर्ताओं ने ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू तथा पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव की अगुवाई में गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक मोना ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेकते हुए यहां सांसद प्रमोद तिवारी एवं स्वयं द्वारा स्वीकृत करायी गयी पर्यटन विकास से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर लोगों की समस्याओं की भी सुनवाई की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, रामकृपाल पासी, केडी मिश्र, इन्द्रसेन सिंह, बृजकिशोर त्रिपाठी, राजू मिश्र, त्रिभु तिवारी, रामबोध शुक्ला, रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी, महेन्द्र सिंह, नीरज सिंह, आशुतोष मिश्र, प्रभात ओझा, शिवभीख सिंह, मनीष सिंह, विनोद मिश्र, अवधेश सिंह, सोनू सिंह, लाल गजेन्द्र प्रताप सिंह, दिलीप तिवारी, राकेश यादव आदि रहे।

## बूथ अध्यक्ष संगठन की रीति व सरकार की नीति हर व्यक्ति तक पहुंचाने का आधार स्तंभ- शंकर गिरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जनपद की सातों विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन अपने निर्धारित स्थान पर प्रारंभ हुआ। सभी स्थानों पर दीनदयाल उपाध्याय प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और वंदे मातरम गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज विधानसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद विनोद सोनकर, सदर विधानसभा में राम विलास पाल, रानीगंज विधानसभा में पूर्व महा नगर अध्यक्ष रणजीत सिंह कुशवाहा, बाबागंज विधानसभा में राजेंद्र मिश्रा प्रयाग, कुंडा में भदोही पूर्व जिलाध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, पट्टी विधानसभा में प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी, रामपुर खास में संतबक्श सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।सम्मेलन में बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर तक सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं।शंकर गिरी ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पार्टी का आधार स्तंभ है और संगठन की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने जनहित में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने और आगामी चुनावों में प्रत्येक बूथ को विजय का केंद्र बनाने का दायित्व बूथ अध्यक्षों का है।जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष नियमित रूप से बूथ पर सक्रिय रहें, नए मतदाताओं से संपर्क स्थापित करें, लाभार्थियों से संवाद बढ़ाएँ तथा संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करें। राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि मजबूत बूथ ही भाजपा की विजय का सबसे मजबूत आधार है।प्रमुख रूप से सदर विधायक राजेंद्र मौर्य पूर्व मंत्री मोती सिंह धीरज ओझा पूर्व विधायक सिंधुजा मिश्रा, पवन गौतम राजेश मिश्र राजन राजेश सिंह पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिभा सिंह, प्रेमलता सिंह, उदय शंकर पाण्डे, अंशुमान सिंह जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, सभी जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

## तहसील परिसर में जलभराव को लेकर वकीलों ने किया समाधान की मांग



**लालगंज, प्रतापगढ़।** इधर पिछले तीन दिनों से बारिश के चलते तहसील परिसर में जलजमाव की समस्या को लेकर बुधवार को वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को परेशान देखा गया। तहसील के तीनों गेटों से प्रवेश के लिए लोगों को पानी के चलते खासी मशक्कत उठानी पड़ रही है। समस्या के समाधान न होने को लेकर वकीलों में गुस्सा भी देखा गया। इसके चलते न्यायिक कामकाज भी बुधवार को प्रभावित हुआ दिखा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी व महामंत्री शिवरंजन यादव ने डीएम से तहसील में कामकाज के वातावरण को लेकर जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर मांग पत्र भी एसडीएम के माध्यम से भेजवाया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्मित होने के बाद तहसील के अंदर बनी सड़क की सतह निचली हो गयी है। इसके चलते परिसर में जमा बारिश के पानी का निकास नहीं हो पा रहा है।

## 11 अगस्त से शुरू होगा छात्र-छात्राओं का आनलाइन आवेदन




**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में पूर्वदशम/दशमोत्तर (कक्षा 11 एवं 12) छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन की कार्यवाही 22 जुलाई से 5 अगस्त तक की जाएगी। इसके साथ ही विद्यालयों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत कर उनका परीक्षण कराया जाएगा तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र के आधार पर नवीन संस्थाओं को मास्टर डाटा में सम्मिलित किया जाएगा। मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाओं को भरने एवं अपलोड करने की कार्यवाही भी निर्धारित समयावधि में की जाएगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 से 12 के अन्तर्गत नवीनीकरण कक्षा 10 व 12 छात्रवृत्ति के लिए छात्र-छात्राओं द्वारा 11 से 25 अगस्त तक आवेदन पत्र का नवीनीकरण कर हार्डकॉपी सम्बन्धित संस्था में जमा की जाएगी। विद्यालयों द्वारा छात्र-छात्राओं का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्राप्तांक, पूर्णांक एवं उपस्थिति दर्ज करने के साथ ही अपात्र छात्र-छात्राओं का डाटा निरस्त कर पात्र छात्रों का डाटा ऑनलाइन सत्यापित अग्रसारित किया जाएगा, यह प्रक्रिया 11 से 30 अगस्त तक चलेगी। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्र-छात्राओं का सत्यापन 31 अगस्त से 10 सितम्बर तक किया जाएगा।

इसी प्रकार कक्षा 9 से 12 के अन्तर्गत नवीन कक्षा 9 व 11 के छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन की प्रक्रिया 11 अगस्त से 21 सितम्बर तक निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र का फाइनल प्रिंट 30 सितम्बर तक निकाला जा सकेगा। आवेदन पत्र की हार्डकॉपी व आवश्यक संलग्नकों को विद्यालय में जमा करने की प्रक्रिया 12 अगस्त से 5 अक्टूबर तक होगी।पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित कर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के लिए अग्रसारित किए जाएंगे, यह कार्य 13 अगस्त से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा।इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्र-छात्राओं का सत्यापन 16 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक किया जाएगा।

## भू-गर्भ जल संरक्षण के लिये गोष्ठियों व जागरूकता रैलियों से ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**प्रतापगढ़।** भू-जल सप्ताह के अन्तर्गत जनपद में भू-गर्भ जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, मृदा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भूमि संरक्षण विभाग प्रथम व द्वितीय द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में कृषक गोष्ठियों, जागरूकता बैठकों एवं रैलियों का आयोजन किया गया। भूमि संरक्षण इकाई प्रथम द्वारा 21 जुलाई को ग्राम पंचायत रतनमई तथा 22 जुलाई को ग्राम पंचायत ढिढुई में जागरूकता अभियान चलाया गया। आयोजित बैठकों में कृषकों को वर्षा जल संचयन एवं मृदा संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। कृषकों से अपील की गई कि वर्षा जल के संरक्षण के लिए रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण कराया जाए तथा प्रत्येक खेत में मेड़बंदी का कार्य कराया जाए, जिससे वर्षा का जल खेत में ही संरक्षित हो सके।

गोष्ठी के उपरान्त प्राथमिक विद्यालय ढिढुई के छात्र-छात्राओं एवं कृषकों के साथ जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को भू-गर्भ जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। रैली में दिनकर अवर अभियंता, गौरव श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप, ध्रुव कुमार, श्री लाल कुंवर तिवारी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी तथा प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी प्रेमनाथ वर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।22 जुलाई को भूमि संरक्षण इकाई द्वितीय द्वारा विकास खण्ड मंगरौरा के ग्राम पंचायत नरहरपुर में कृषक गोष्ठी एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह ने विभागीय योजनाओं, खेत तालाब योजना तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के माध्यम से कराए जा रहे वर्षा जल संचयन एवं मृदा संरक्षण कार्यों की जानकारी कृषकों को दी। उन्होंने कृषकों को प्रोत्साहित किया कि वर्षा जल के अधिकतम संचयन के लिए नहर के पास रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण कराया जाए तथा प्रत्येक खेत की मेड़ को मजबूत एवं निर्धारित ऊंचाई तक बनाया जाए, ताकि वर्षा का जल खेत में ही संरक्षित हो सके। गोष्ठी के बाद प्राथमिक विद्यालय नरहरपुर के छात्र-छात्राओं एवं कृषकों द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्राथमिक विद्यालय नरहरपुर से प्रारम्भ होकर ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए पंचायत भवन नरहरपुर पर समाप्त हुई।

## निर्माणाधीन मकान के बाहर रखे जनरेटर से अल्टरनेटर चोरी



**अतरौली (हरदोई)।** अतरौली थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। मंगलवार रात भरावन-अतरौली मार्ग पर चंदन मार्केट के सामने स्थित एक निर्माणाधीन मकान के बाहर रखे जनरेटर का अल्टरनेटर चोर खोल ले गए। बाद में उसका कॉपर तार निकालकर अल्टरनेटर के टुकड़े करीब 100 मीटर दूर पीपल के पेड़ के पास फेंक दिए। पीड़ित अरुण पुत्र ब्रजकिशोर, निवासी ग्राम मांझगांव, ने अतरौली थाने में दी गई तहरीर में बताया कि भरावन-अतरौली रोड पर चंदन मार्केट के सामने उनका मकान निर्माणाधीन है। मंगलवार रात वह खाना खाने अपने घर चले गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं आए। बुधवार सुबह करीब 6 बजे निर्माण स्थल पर पहुंचे तो जनरेटर का अल्टरनेटर गायब मिला। खोजबीन करने पर करीब 100 मीटर दूर पीपल के पेड़ के पास अल्टरनेटर के टूटे हुए अवशेष पड़े मिले। चोर अल्टरनेटर से कॉपर तार निकालकर ले गए और बाकी हिस्सा वहीं फेंक दिया। पीड़ित के अनुसार चोरी से करीब 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं, चंदन मार्केट की दुकानों के बाहर लगे बल्ब भी फोड़ दिए गए तथा शटर तोड़ने का प्रयास भी किया गया। थाना प्रभारी शिवकांत पाण्डेय ने बताया कि जनरेटर वाले का लेनदेन का मामला है। जांच की जा रही है।

## मुडिली-कपियां खडन्जा मार्ग बदहाल, आवागमन में दिक्कत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** विकास खण्ड लोटन अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडिली -कपिया खडन्जा मार्ग काफी बदहाल हालत में है।इसके मरम्मत के लिए कई बार ग्राम प्रधान से लेकर सांसद, विधायक तक ग्रामीणों ने बनाए जाने की मांग की। लेकिन आज तक उक्त मार्ग पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। लिहाजा ग्रामीणों को राशन लेने के लिए लम्बा सफर तय कर कपियां गांव में बनी दुकान पर जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत मुडिली अंतर्गत कुल चार अन्य राजस्व गांव जोड़ी गई है। जिसमें मुडिली, केनवनिया, बघेला, दर्जीपुर एंव कपियां शामिल हैं। राजस्व ग्राम कपिया में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन की दुकान बनाई गई है। जहां पर जाना उक्त चारों गांवों के राशन धारकों की मजबूरी है।हालत यह है कि मुडिली निवासी मोहर के घर से कपिया गांव तक लगभग छः से सात सौ मीटर है। लेकिन उक्त मार्ग दशको पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा बनवाया गया था।जो जीर्णशीर्ण अवस्था में अपने हालत पर आंसू बहा रहा है। लोगों की? माने तो बरसात के इस समय में उक्त मार्ग से पैदल भी चलना मुश्किल हो गया है। लिहाजा लोग उक्त मार्ग को छोड़कर लम्बी दूरी तय करते हुए पननी अथवा बघेली गांव से होकर राशन लेने दुकान पर जा रहें हैं। जिसमें लोगों को काफी समय का नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं सर्वर की समस्या व दुकानदार की अनुपस्थिति में कई-कई बार दुकान का चक्कर काटना पड़ता है।ऐसे में लगभग सात सौ मीटर की उक्त सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। आने जाने में राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता।

इस संबंध में युवा समाज सेवी पूर्व ग्राम प्रधान लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि सड़क की दुर्दशा के संबंध में कई बार संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है। परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।उन्होंने कहा कि लगभग 5000 से ज्यादा आबादी को मुख्य मार्ग पर आने के लिए इस संपर्क मार्ग को नए तरीके से बनाने की आवश्यकता है। इसी रास्ते पर चलकर ही लोटन जाने के लिए एनएच मार्ग मिलता है।इसी रास्ते से ही तमाम छात्र पढ़ने के लिए लोटन जाते है। उक्त रास्ते से ही लोग बड़े वाहन पकड़कर दवा आदि कराने के लिए गोरखपुर अथवा जिला मुख्यालय जाते हैं। लेकिन रास्ता खराब होने के कारण आए दिन लोग चोटिल हो जाते हैं। गांव निवासी जगतनरायन ने कहा की सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है सब ईट का खड़ंजा है। जिस पर सूखे मौसम में दिन में चलना मुश्किल है,तो बारिश में क्या स्थिति होगी। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके मरम्मत हेतू लोगों को अवगत कराया गया है लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। ग्रामवासी पल्लू पटेल, घीसन, खुईला देवी, संतोष, ठेले, सुदामा, बैजनाथ, मागरु डिग्री, गनेश आदि लोगों ने जिम्मेदार लोगों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त खडन्जा मार्ग के अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## ऑनलाइन सट्टेबाजी पर लगेगी रोक, जुआ खेलने में साथ देने पर भी होगी कार्रवाई; विधानसभा में नया बिल पेश

**पटना।** सरकार अब जुआ खेलने वालों के अतिरिक्त सहयोग करने वालों पर भी शिकंजा कसेगी। विधान परिषद में बुधवार को सात विधेयक पारित हुए। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने बिहार जुआ प्रतिषेध विधेयक-2026 को पटल पर रखा। उन्होंने कहा सरकार के लिए यह विधेयक को लाना बहुत जरूरी हो गया था। 1876 में बने कानून के तहत कार्रवाई हो रही थी, लेकिन उस वक्त जुआ के नाम पर तास व पासा था, लेकिन आज जुआ खेलने का तौर-तरीका बदल गया है। एजेंसियां आनलाइन के माध्यम से सहयोग कर रही है। यहां तक की बैंक भी इसमें सम्मिलित है। मंत्री ने बताया कि नए नियम के तहत अब जुआ खेलने और उसके खेलने में सहयोग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने का प्रविधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेम, मोबाइल सहित अन्य माध्यमों से होने वाले जुआ पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाएगा। वहीं, परिषद में बिहार माल और सेवा संशोधन विधेयक, बिहार कृषि भूमि गैर कृषि प्रयोजनों के लिए सम्परिवर्तन निरसन विधेयक 2026, बिहार भूमि दाखिल-खारित संशोधन विधेयक 2026, बिहार चिकित्सा संशोधन विधेयक 2026, बिहार नर्सेज पंजीकरण संशोधन विधेयक 2026 और बिहार चीनी उपक्रम अर्जन संशोधन विधेयक 2026 पारित किया गया।

## औरंगाबाद में नेपाल की महिला से सामूहिक दुष्कर्म, नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी स्थित खंडहरनुमा मकान में नेपाल की 20 वर्षीय महिला के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना मंगलवार शाम की है, लेकिन पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने पति को रात में जानकारी दिया। बुधवार को पति-पत्नी के साथ नगर थाना जाकर पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने आरोपितों की पहचान की, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में महुआ शहीद मोहल्ला निवासी जीतू उर्फ पाली और अभिषेक कुमार शामिल हैं, जबकि एक आरोपित नाबालिग है। अभिषेक और जीतू शहर में टेंपो चलाते हैं। पीड़िता के अनुसार, मंगलवार शाम को नाबालिग ने उसके बच्चों को घूमाने का झांसा देकर उसे साथ ले जाने का प्रस्ताव दिया। पीड़िता अपने दो छोटे बच्चों के साथ गई, जहां नाबालिग ने उसे एक आटो में बैठाया, जिसमें जीतू उर्फ पाली और अभिषेक पहले से मौजूद थे। तीनों ने पीड़िता को पहले बाजार घुमाया और फिर खंडहरनुमा मकान में ले जाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की। आरोपितों ने बच्चों का ध्यान भटकाने के लिए उन्हें मोबाइल दे दिया था। घटना के बाद, तीनों आरोपितों ने पीड़िता को नगर थाना के पास पानी की टंकी के पास छोड़ दिया और 100 रुपये देकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

## बरात में नहीं पहुंचा बैंड, संचालक पहुंच गया सलाखों के पीछे

**औरंगाबाद।** शादी समारोह के लिए बुकिंग (साटा) लेने के बावजूद तय तारीख पर बैंड उपलब्ध नहीं कराना एक बैंड संचालक को महंगा पड़ गया। औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत राय ने मामले में आत्मसमर्पण करने पहुंचे आरोपित की जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। यह मामला नगर थाना क्षेत्र का है। परिवादी जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता कमाख्या नारायण सिंह ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। इसमें बताया कि उन्होंने अपने पुत्र के विवाह समारोह के लिए सदर अस्पताल के समीप स्थित न्यू मिलन बैंड के संचालक मो. नौशाद से बैंड-बाजा उपलब्ध कराने की बुकिंग कराई थी। बुकिंग के समय अग्रिम राशि भी दी गई थी और तय समय पर बैंड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। परिवादी के अनुसार, विवाह की निर्धारित तिथि पर काफी इंतजार के बावजूद बैंड नहीं पहुंचा। कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन न तो संतोषजनक जवाब मिला और न ही बैंड उपलब्ध कराया गया। अचानक बैंड नहीं मिलने से बारात और विवाह की तैयारियां प्रभावित हुईं। परिजनों को अंतिम समय में वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए भागदौड़ करनी पड़ी, जिससे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव और सामाजिक असहजता का भी सामना करना पड़ा। घटना के बाद अधिवक्ता कमाख्या नारायण सिंह ने न्यायालय में परिवाद दायर कर आरोप लगाया कि बैंड संचालक ने जानबूझकर अपने वादे का पालन नहीं किया और उनके साथ आपराधिक विश्वासघात किया। उन्होंने अदालत से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# नेशनल हाइवे पर दिनभर रेंगते रहे वाहन

## वाहनों की कतार, एनएचएआई की लापरवाही और बदहाल सड़क बनी वजह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** नेशनल हाइवे पर सड़क चौड़ीकरण एवं अंडरपास निर्माण कार्य के बीच बुधवार को रसोईया धमना मोड़ अंडरपास से पंचमाधव तक कई किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक छोटे-बड़े वाहन रेंगते रहे, जिससे यात्रियों, निजी वाहन चालकों और मालवाहक वाहनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएचएआई की लापरवाही और निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के कारण यह समस्या लगातार बनी हुई है। सड़क चौड़ीकरण और अंडरपास निर्माण के लिए कई स्थानों पर सड़क को खोद दिया गया है, जबकि निर्माण सामग्री और मिट्टी भी सड़क पर फैली हुई है। ऐसे में आवागमन पहले से ही प्रभावित था, वहीं लगातार हो रही बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। बारिश के कारण सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लग पा




रहा है। गड्ढों से बचते हुए वाहन बेहद धीमी गति से चलने को मजबूर हैं, जिसके कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। कई वाहन घंटों तक एक ही स्थान पर फंसे रहे और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी देर हुई। जाम की सूचना मिलने पर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु बनाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने वाहनों को व्यवस्थित तरीके से निकालने की कोशिश की, लेकिन सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों, कीचड़ और निर्माण कार्य के चलते यातायात सामान्य नहीं हो सका। यात्रियों और स्थानीय लोगों ने कहा कि एनएच-19 पर लंबे समय से निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन इसकी गति बेहद धीमी है। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत, गड्ढों की भराई और निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो आने वाले दिनों में बारिश के दौरान स्थिति और भी विकट हो सकती है। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई से निर्माण कार्य में तेजी लाने, सड़क को तत्काल आवागमन योग्य बनाने तथा जलजमाव और गड्ढों की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों को जाम और दुर्घटनाओं के खतरे से राहत मिल सके।

## एकेएफआई कबड्डी ऑफिशियल परीक्षा में सफल हुए दुमका के सुमंत कुमार

**दुमका, झारखंड:-** दुमका जिले के नोनीहथवारी गांव निवासी सुमंत कुमार ने ऑल इंडिया कबड्डी फेडरेशन (एकेएफआई) द्वारा आयोजित कबड्डी ऑफिशियल कोर्स की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह ऑफिशियल कोर्स एवं परीक्षा 5 से 8 जुलाई के दौरान बोकारो में आयोजित की गई थी। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सुमंत कुमार ने खेल नियमों एवं तकनीकी ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इसके साथ ही वे अब आधिकारिक रूप से कबड्डी प्रतियोगिताओं में रेफरी एवं ऑफिशियल के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए पात्र हो गए हैं। सुमंत कुमार की इस उपलब्धि पर दुमका जिला कबड्डी एसोसिएशन के संयोजक हैदर हुसैन ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता जिले के खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल करना पूरे दुमका के लिए गर्व की बात है। सुमंत कुमार की इस सफलता पर उनके गांव नोनीहथवारी सहित पूरे जिले के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।

# जेल में बिगड़ी हिस्ट्री शीटर की हालत

## इलाज के दौरान उसकी उर्सला अस्पताल मौत हो गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जेल अधीक्षक के मुताबिक सीने में दर्द की शिकायत हुई थी, युवक की हत्या के आरोप में जेल में बंद था,आपको बताते चलें कि हत्या के आरोप में पांच साल से जेल में बंद विचाराधीन बंदी और नौबस्ता थाने का हिस्ट्रीशीटर विक्की सोनी 42 वर्ष,की मंगलवार देर रात तबियत बिगड़ी, उसे आनन फानन में उर्सला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, वहीं परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया, है वहीं जेल अधीक्षक राकेश पाण्डेय ने बताया कि बंदी को अचानक सीने में दर्द उठने की दिक्कत पर उर्सला अस्पताल भर्ती कराया गया था,मौत की बजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी,, नौबस्ता गल्ला मंडी निवासी विक्की सोनी पिछले पांच सालों से जिला कारागार में बंद था,उस पर वर्ष 2015 में पनकी थाना क्षेत्र से रोहित नाम के युवक की हत्या का आरोप था, नौबस्ता थाना प्रभारी निरीक्षक बहादुर सिंह ने बताया कि विक्की सोनी के खिलाफ आठ गंभीर मुकदमे दर्ज थे,और



वह थाने का हिस्ट्रीशीटर था, विक्की के भतीजे दीपांकर ने बताया कि वह मंगलवार को चाचा से मिलने जेल गया था , लेकिन जेल प्रशासन ने अंदर नहीं जाने दिया,, बाद में अधिवक्ता के माध्यम से उसकी मौत की खबर हुई,,जेल प्रशासन की ओर से रात तक मौत की कोई सूचना नहीं दी गई,, वहीं जेल अधीक्षक ने परिजनों के आरोप को गलत बताया,,जेल अधीक्षक ने बताया कि विक्की पर अई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं,वह2021 में पकड़ा गया था। विक्की पर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम भी घोषित था,, पुलिस ने उसे हाफ एनकाउंटर कर पकड़ा था।

## बिहार में डेंगू से बचाव के लिए जल्द मिलेगी जापानी वैक्सीन

**पटना।** बिहार में डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द ही जापान में विकसित नई वैक्सीन उपलब्ध होगी। WHO के बाद भारत सरकार से मान्यता मिलने के बाद देश के डेंगू प्रभावित प्रदेशों में इसे देने के लिए जल्द गाइडलाइन जारी हो सकती है। आदेश व वैक्सीन मिलते ही टीकाकरण शुरू किया जा सके इसके लिए पीएमसीएच में तैयारी शुरू हो गई है। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार डॉक्टरों की सलाह पर पात्र लोगों का टीकाकरण किया जाएगा। यह वैक्सीन चार से 60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन डेंगू वायरस के सभी चार स्ट्रेन (डीईएनवी-1, 2, 3 और 4) से सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। इससे डेंगू के गंभीर रूप, विशेषकर डेंगू हैमरेजिक फीवर (डीएचएफ) और उससे होने वाली मौत के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

## आदर्श लक्ष्य निर्विरोध अखिल झारखंड ठेकेदार संघ के अध्यक्ष हुए निर्वाचित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड:-** देवघर के वार्ड संख्या-18 स्थित पंडित बी. एन. झा रोड के एक बैंक्वेट हॉल में बुधवार को अखिल झारखंड ठेकेदार संघ की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी सदस्यों ने आदर्श लक्ष्य को निर्विरोध अखिल झारखंड ठेकेदार संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया। नई कार्यकारिणी में रांची के हरि नारायण मिश्रा एवं जमशेदपुर के आशीष सिंह को उपाध्यक्ष, धनबाद के कामेश्वर प्रसाद सिंह को महासचिव, बोकारो के विक्रम सिन्हा एवं दुमका के कौशल आनंद को सचिव, कोडरमा के विमल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, हजारीबाग के आलोक वर्मा को संगठन सचिव तथा गुमला के अमर नाथ गुप्ता एवं गढ़वा के सिकंदर सिंह को




कार्यकारी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने, ठेकेदारों के हितों की रक्षा करने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि संघ राज्यभर के ठेकेदारों के अधिकारों की रक्षा, पारदर्शी कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने तथा सरकार के समक्ष उनकी समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। बैठक का समापन नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

# युवाओं पर लाठीचार्ज, किसानों को डीएपी-बीज की कमी और स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने आरोप लगाया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवा शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं के समर्थन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर सरकार ने संवाद करने के बजाय गिरफ्तारी की कार्रवाई की, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने तथा देश के युवाओं से माफी मांगने की मांग की। किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए पाठक ने कहा कि धान की रोपाई के महत्वपूर्ण समय में प्रदेश के कई जिलों में डीएपी खाद और बीज की भारी कमी बनी हुई है। इससे किसानों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की मांग की। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में उपभोक्ताओं के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में बढ़ोतरी की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने सरकार से स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपकर युवाओं, किसानों और बिजली उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर राजनाथ पाण्डेय, उषा सिंह, संतोष चौबे,



सत्य प्रकाश, मुन्ना उपाध्याय, सागर सिंह, राहुल, अबुल फैज, राजेंद्र सिंह गामा, पारस वर्मा, विनोद सिंह, कोकिल राम, अरुण कुमार, रवि प्रकाश उपाध्याय, आनंद पाण्डेय, बबलू शर्मा, वंश बहादुर भारती, शिव नारायण निषाद, संग्राम तिवारी, महान उपाध्याय, अंजनी राम, लल्लन प्रसाद, सिद्धनाथ तिवारी, राजेंद्र चौधरी, आवेश, असगर हाशमी, इस्लाह रहमान, अजीत मिश्रा, अवनीश तिवारी, मदन यादव, हीरा राम, महाप्रसाद चौबे, शशिकांत मिश्रा, रामेश्वर तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपायुक्त हेमंत सती ने परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में परिवहन विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में वाहन निबंधन, कर वसूली, सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, अवैध परिवहन तथा प्रवर्तन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध कोयला परिवहन, ओवरलोड वाहनों, टैक्स डिफॉल्टरों एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी और निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध कोयला परिवहन एवं ओवरलोड वाहनों के संचालन पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वाहन निबंधन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अब तक पंजीकृत वाहनों की अद्यतन जानकारी ली तथा 15 अगस्त तक बिना निबंधन वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों से समय पर अपने वाहनों का निबंधन कराने की अपील करते हुए कहा कि वाहन की फिटनेस भी निर्धारित समय पर कराना आवश्यक है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रदूषण जांच (पीयूसी) की सुविधा उपलब्ध होना अनिवार्य है। जिन पेट्रोल पंपों पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, वे 15 अगस्त से पहले आवश्यक उपकरण स्थापित करें। साथ ही निर्देश दिया गया कि वैध पीयूसी प्रमाण-पत्र नहीं रखने वाले वाहनों को ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाए। टैक्स डिफॉल्टर वाहनों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी बकायेदार वाहन स्वामियों को शीघ्र नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व की क्षति किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। निर्धारित समय तक कर जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) को नियमित जुर्माना वसूली अभियान चलाने तथा बिना फिटनेस और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि बरही क्षेत्र में एनडीपीएस से जुड़े मामलों एवं अवैध पशु परिवहन की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने परिवहन विभाग को अन्य संबंधित



विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर ऐसे मामलों में संयुक्त कार्रवाई करने तथा प्रत्येक कार्रवाई की रिपोर्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उपायुक्त ने रोड सेफ्टी टीम को जिले के दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करने, सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को परिवहन नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने, राजस्व संग्रह बढ़ाने तथा सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के आम नागरिकों से वाहन निबंधन, फिटनेस, कर भुगतान एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सभी नियमों का पालन कर सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

# बिहार में सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने अपने कार्यकाल के गुरुवार को 100 दिन पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवधि में सुशासन, सुधार के त्वरित निर्णय एवं विकास कार्यों की गति बढ़ाने के रूप में प्रस्तुत कर रही है। 100 दिनों के दौरान सरकार ने रोजगार, आर्थिक समृद्धि, बुनियादी ढांचे, कृषि, शिक्षा एवं औद्योगिक विकास से जुड़े कई फैसले लिए। सड़क, पुल और राज्य राजमार्गों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि आधारित स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए नई पहल शुरू की गई। विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को कृषि स्टार्टअप से जोड़ने की योजना भी इसी अवधि में आगे बढ़ी। सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल के माध्यम दूरगामी संदेश देने का भरसक प्रयास जारी है। शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने, तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में कई घोषणाएं की गई। कई नए विधि खोलने की घोषणा भी इसमें सम्मिलित है। उद्योग और निवेश को आकर्षित करने के लिए भी विभिन्न स्तरों पर पहल की गई।



ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रत्येक माह अंतिम रविवार को ग्राम सभाओं की अनिवार्य बैठक कर पंचायत सरकार को अधिक सक्रिय बनाने, रोजगार सृजन और पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई कदम उठाए गए। मानसून को देखते हुए प्रशासनिक तैयारियों की लगातार समीक्षा की गई। महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों और जीविका से जुड़ी महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने पर भी सरकार ने विशेष ध्यान दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए डेयरी, मत्स्य पालन, पशुपालन और अन्य कृषि आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में योजनाओं को गति दी गई।राजनीतिक स्तर पर भी सरकार ने संगठन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने लगातार समीक्षा बैठकों के माध्यम से विभागों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## बांकीपुर उपचुनाव से पहले प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के दफ्तर पर छापा

**पटना।** बांकीपुर उपचुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग की टीम ने जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर से जुड़े ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। पटना के वार्ड नंबर 25 स्थित पार्टी के मुख्य कार्यालय और प्रशांत किशोर के करीबी सहयोगी रवि नारायण सिंह के होटल परिसर में आयकर अधिकारियों ने पहुंचकर जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने पार्टी कार्यालय में मौजूद दस्तावेजों, खातों और वित्तीय रिकॉर्ड को खंगाला। आयकर विभाग की टीम ने जन सुराज पार्टी के कार्यालय में मौजूद कागजातों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान कार्यालय में मौजूद लोगों से भी पूछताछ किए जाने की जानकारी सामने आई है। अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की पड़ताल की। दूसरी ओर, प्रशांत किशोर के करीबी सहयोगी रवि नारायण सिंह के होटल परिसर में भी आयकर अधिकारियों की टीम पहुंची। यहां वित्तीय लेनदेन और व्यावसायिक कागजात की जांच की गई। छापेमारी को लेकर अभी तक आयकर विभाग की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपाकर दारोगा बना खिलाड़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** मेडल लाओ, नौकरी पाओ (बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधी भर्ती नियमावली, 2023) योजना का अनुचित लाभ उठाकर नौकरी हासिल करने का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। ड्रैगन बोट खेल में प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले प्रकाश कुमार सिंह ने अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मुकदमों और जेल में बिताए गए दिनों की जानकारी सरकार से छिपाकर पुलिस विभाग में अवर निरीक्षक का पद पा लिया। मामले में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने धोखाधड़ी का संज्ञान लेते हुए खुलासा किया है। इस पत्र में आरोपित दारोगा के खिलाफ तथ्यों को छिपाने और अनुचित लाभ लेने के आरोप में सख्त कार्रवाई का आग्रह किया गया है। आरोपित प्रकाश कुमार सिंह ने ड्रैगन बोट स्पर्धाओं में अपनी खेल उपलब्धियों के आधार पर 22 मई 2023 को जारी भर्ती विज्ञापन के तहत आवेदन किया था। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 14 दिसंबर 2023 को जारी अनुशंसा के बाद गृह विभाग के अंतर्गत उसे सब-इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया था। वर्तमान में वह नालंदा जिले के कई परसुराय थाने में तैनात है। खेल प्राधिकरण द्वारा दस्तावेजों की स्क्रूटनी के दौरान पता चला कि आवेदन के समय प्रकाश ने अपने आपराधिक अतीत को छिपा लिया था। जांच में पाया गया कि एक एफआईआर के मामले में वह 31 जुलाई 2022 से लेकर 14 अक्टूबर 2022 तक (कुल 75 दिन) मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस सेंट्रल जेल में बंद था। इतने लंबे समय तक जेल में रहने जैसी बात को उसने आवेदन पत्र में जानबूझकर नहीं बताया था। दूसरा मामला भी सामने आया है। इसके पहले नालंदा समाहरणालय में निम्न वर्गीय लिपिक (क्लर्क) पद पर तैनात सुधांशु कुमार को निलंबित किया गया था। उसने वर्ष 2022 में पाटलिपुत्र खेल परिसर में संपन्न जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में अपना प्रतिभा दिखाया था, जबकि सुधांशु का नाम केवल कागजों में था। असल में उसकी जगह गोल्डन कुमार नाम के खिलाड़ी ने मैदान पर मैच खेला था। इसके बाद बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की अनुशंसा पर सुधांशु कुमार को निलंबित कर दिया गया था।

# डिजिटल मायाजाल और मानसिक स्वास्थ्य: आभासी चमक में धुंधलाता बचपन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मधुपुर, देवघर, झारखंड:-** आज तकनीक ने वैश्विक दूरियां भले ही मिटा दी हों, लेकिन हमारे घरों के भीतर एक अत्यंत शांत मगर गंभीर संकट पैदा कर दिया है–शैशव यानी बचपन की सहजता का असमय खो जाना। गलियों और मैदानों में जो धूल भरी बेफिक्री हुआ करती थी, वह अब पाँच इंच की मोबाइल स्क्रीन की नीली रोशनी में सिमट कर रह गई है। मनोरंजन और सुरक्षा के नाम पर परोसी जा रही आभासी दुनिया आज हमारे नौनिहालों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। भारतीय मनीषा ने बाल्यकाल को जीवन रूपी वृक्ष की सबसे कोमल और महत्वपूर्ण जड़ माना है। चाणक्य नीति का यह कालजयी श्लोक प्रतिपादित करता है कि उस के किस पद्धत में बच्चों को कैसा वातावरण मिलना चाहिए:-

लालयेत् पञ्च वर्षाणि दश वर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥

अर्थ: प्रथम पाँच वर्ष तक बालक का केवल स्नेहपूर्वक लालन-पालन करना चाहिए, अगले दस वर्ष उसे कड़े अनुशासन और सदाचार की मर्यादा में रखना चाहिए। तदोपरांत, सोलहवें वर्ष में प्रवेश करते ही उसके साथ मित्र के समान व्यवहार करना चाहिए। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवनशैली में इस पारंपरिक व्यवस्था का संतुलन बिगड़ गया है। अभिभावक अपनी व्यस्तताओं के कारण या बच्चों को शांत रखने के लिए अत्यंत आरंभिक अवस्था में ही उनके हाथों में स्मार्टफोन थमा देते हैं। यही क्षणिक सुविधा आगे चलकर एक मानसिक लत बन जाती है। बतौर शिक्षक, हम कक्षाओं में यह साफ देख पा रहे हैं कि बच्चों की एकाग्रता का स्तर तेजी से घट रहा है। रील्स और शॉर्ट्स के प्रभाव में उनका मस्तिष्क गहरे चिंतन से विमुख हो रहा है, जिसके कारण उनमें अनिद्रा, स्वभाव में चिड़चिड़ापन और अवसाद के लक्षण उभर रहे हैं। मनुस्मृति में भटकाने वाले आकर्षणों से मन को सुरक्षित रखने की अनिवार्यता को बेहद सुंदर उपमा के जरिए रेखांकित किया गया है:

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेष्वपहारिषु।
संयमे यत्नमातिष्ठेद् विद्वान् यन्तेव वाजिनाम्॥

अर्थ: मन को मुग्ध करने वाले बाहरी विषयों की ओर भागने वाली चंचल इंद्रियों को रोकने के लिए मनुष्य को वैसा ही निरंतर प्रयास करना चाहिए, जैसे एक दक्ष सारथी अपने शक्तिशाली घोड़ों को लगाम के सहारे नियंत्रण में रखता है। वर्तमान में इंटरनेट वही अनियंत्रित और चंचल रथ बन चुका है, जिस पर हमारी नई पीढ़ी बिना किसी सतर्क 'डिजिटल पैरेंटिंग' के सवार है। इस लत ने बच्चों को समाज से काटकर चारदीवारी में समेट दिया है। शारीरिक शून्यता के कारण बाल-मोटापा और आंखों की कमजोरी जैसी बीमारियां तो बढ़ ही रही हैं, साथ ही वे आपसी संवाद और सामाजिक सामंजस्य का व्यावहारिक हुनर भी भूलते जा रहे हैं। इस समस्या का समाधान किसी कानून से नहीं, बल्कि घर और विद्यालय के सामूहिक दायित्व से ही निकलेगा। परिवारों को 'डिजिटल डिटॉक्स' की नीति अपनानी होगी, जहाँ भोजन और विश्राम के समय मोबाइल का उपयोग पूरी तरह वर्जित हो। हमें बच्चों को गैजेट्स का विकल्प देकर उन्हें प्रकृति,



रचनात्मक साहित्य और मैदानी खेलों से जोड़ना होगा। इसके साथ ही, विद्यालयों में भी केवल किताबी ज्ञान के बजाय योग, खेल और नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के अनुरूप समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है। निष्कर्ष:- बचपन वह उर्वर भूमि है जहाँ रोपे गए संस्कार ही कल के समर्थ राष्ट्र का निर्माण करेंगे। यदि आज हमने इस कोमल पीढ़ी को स्क्रीन के मायाजाल से बाहर नहीं निकाला, तो हम एक वैचारिक रूप से अपंग समाज की ओर बढ़ जाएंगे। आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि अपने बच्चों को आभासी दुनिया के भ्रम से मुक्त कर उन्हें एक जीवंत, संवेदनशील और प्राकृतिक बचपन लौटाएंगे।

# संक्षिप्त खबरें

## हेलमेट फैक्ट्री में लगी आग, एक शव बरामद

**दिल्ली।** बवाना इलाके में एक हेलमेट बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग चार मंजिला इमारत में लगी, जिसे बुझाने के लिए दमकल विभाग की 23 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। लगभग 4 घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर करीब 2:10 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। जानकारी के अनुसार, बवाना थाना अंतर्गत पुठखुर्द स्थित वीर धाम कांटा के समीप हेलमेट निर्माण फैक्ट्री में बुधवार सुबह करीब 9:50 बजे आग लगने की सूचना मिली। आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई, जिसके चलते पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें और पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने लगातार करीब चार घंटे तक राहत एवं बचाव अभियान चलाकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद फैक्ट्री की तलाशी के दौरान एक जला हुआ शव बरामद हुआ। शव की पहचान अभी नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर इलाके को घेर लिया और भीड़ को नियंत्रित किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और संबंधित एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं।

## दोस्त का सिर काटकर हत्या करने वाले को उम्रकैद

**मोहाली।** बकरी के कारोबार में 40 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दोस्त की सिर काटकर हत्या करने के मामले में स्थानीय अदालत ने मुख्य आरोपित को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। साथ ही मृतक की पत्नी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के माध्यम से मुआवजा देने की सिफारिश की है। मामले में साक्ष्य के अभाव में दो अन्य आरोपितों को बरी कर दिया गया। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज विक्रांत कुमार की अदालत ने जागीर सिंह उर्फ घोला को हत्या का दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। अदालत ने 17 जुलाई को आरोपित को दोषी ठहराया था। सजा पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उसे उम्रकैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटार्नी हरदीप सिंह रोमाना ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार 12 जून 2021 को सिसवां में जागीर सिंह और सुच्चा सिंह साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान बकरियों की खरीद-फरोख्त से जुड़े 40 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर जागीर सिंह ने तलवार से हमला कर सुच्चा सिंह का सिर धड़ से अलग कर दिया। वारदात के बाद आरोपित ने बिना सिर वाले शव को तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सिसवां स्थित फार्महाउस के पास दफना दिया, जबकि सिर को दूसरी जगह फेंक दिया। मामले का खुलासा 21 जून 2021 को उस समय हुआ, जब मृतक का पालतू कुत्ता बार-बार स्वजन को एक स्थान पर ले जाने लगा। शक होने पर पुलिस ने खुदाई करवाई तो बिना सिर का शव बरामद हुआ। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर हत्याकांड का पर्दाफाश किया। अदालत ने अपने फैसले में माना कि मुख्य आरोपित के खिलाफ हत्या के पर्याप्त साक्ष्य पेश किए गए हैं। वहीं, सह-आरोपित सतनाम सिंह उर्फ सनी और देशराज उर्फ देसा की संलिप्तता संदेह से परे साबित नहीं होने के कारण उन्हें बरी कर दिया गया।

## वादे अपार जनता बेहाल: फत्तेपुर सैधरी के प्रकाश नगर में कीचड़ और जलभराव से नारकीय हुए हालात

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत फत्तेपुर सैधरी का मोहल्ला 'प्रकाश नगर' इन दिनों अपने नाम के विपरीत अंधकारमय व्यवस्था से जूझ रहा है। मानसून की बारिश आते ही इस पूरे इलाके की सूरत बिगड़ चुकी है। अत्यधिक जलभराव और कच्चे-कीचड़ से सने रास्तों के कारण स्थानीय निवासियों, विशेषकर महिलाओं और स्कूली बच्चों का जीना मुहाल हो गया है। मोहल्ले की मुख्य सड़क कच्ची मिट्टी की होने की वजह से इस समय भारी कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। चिकनी मिट्टी होने के कारण यहां आए दिन लोग फिसल कर गिर रहे हैं। सबसे बुरा असर छोटे-छोटे स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। राह चलते बच्चे आए दिन कीचड़ में गिरकर चोटिल हो रहे हैं और उनकी स्कूली ड्रेस खराब हो जाती है।

हालत यह है कि इस समस्या के चलते कई बच्चे दिनों-दिन स्कूल तक नहीं जा पा रहे हैं, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है।स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि इस मोहल्ले में करीबन 500 से ज्यादा पंजीकृत वोटर हैं। चुनावी समय में हर नेता और प्रधान प्रत्याशी के लिए यह मोहल्ला अहम हो जाता है, लेकिन चुनाव बीतते ही विकास के दावों की हवा निकल जाती है। भारी तादाद में आबादी होने के बावजूद इस हिस्से को पूरी तरह से उपेक्षित छोड़ दिया गया है।

# अनशन तोड़ने के लिए वांगचुक ने रखी शर्त

## केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर एक नई शर्त रखी है अन्यथा अनशन जारी रखने की बात कही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ अनशन पर बैठे सामाजिक एवं जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह को बुधवार को पत्र लिखकर उनके अस्पताल पहुंचने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही, अनशन समाप्त करने के लिए एक नई शर्त रखी है।

**पत्र में अपनी पुरानी शर्तों की दिलाई याद**

बुधवार को जारी किए गए पत्र में वागचुक ने मंत्रियों को मेदांता अस्पताल में आने और अनशन तोड़ने की अपील करने के लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने बैठक के दौरान दिए गए आश्वासनों की याद दिलाते हुए पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा और संसद में जवाबदेही सुनिश्चित करने पर चर्चा व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की बात कही है।

**65 सांसदों ने अनशन तोड़ने की अपील की**

वांगचुक ने 20 जुलाई को हुए 'चलो संसद' मार्च की शांतिपूर्ण प्रकृति की सराहना की, भले ही पुलिस द्वारा 'अत्याचार और खेद जताने वाला बल प्रयोग' किया गया हो। उन्होंने लिखा, 'मैं आशा करता हूं कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में इस विश्वास को आगे कानूनी मामलों, उत्पीड़न या भाग लेने वालों के खिलाफ बदले की कार्रवाई से कमजोर नहीं किया जाएगा।' वांगचुक ने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दलों के लगभग 65 सांसदों ने उनसे संपर्क किया है और अनशन समाप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वे जीना चाहते हैं और अपने छात्रों, शिक्षा तथा राष्ट्र सेवा के कार्य में वापस लौटना चाहते हैं, लेकिन प्रभावित युवाओं की कीमत पर नहीं।

**अनशन समाप्त करने की शर्त**

सोनम वांगचुक के पत्र का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा युवा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ किसी भी दंडात्मक या प्रतिशोधी कानूनी कार्रवाई न करने का स्पष्ट आश्वासन मांगना है।

उन्होंने लिखा, 'यदि ऐसा आश्वासन दिया जाता है, तो मैं पूर्ण विश्वास के साथ अपना अनशन समाप्त कर दूंगा कि सरकार ने न केवल मेरी अपील सुनी है बल्कि लाखों युवा भारतीयों की आकांक्षाओं को भी सुना है। यदि यह आश्वासन नहीं मिलता, तो मुझे अनशन को अनिश्चितकाल तक जारी रखना पड़ेगा।' उन्होंने सरकार से आंदोलन को दबाने के लिए अत्यधिक पुलिस बल का और प्रयोग न करने की भी अपील की।

**पत्र के अंत में लोकतांत्रिक मूल्यों की चर्चा**

वांगचुक ने पत्र के अंत में लोकतंत्र और युवाओं के अधिकार पर जोर देते हुए कहा, 'हमारे लोकतंत्र का भविष्य इस पर निर्भर नहीं करता कि वह उन लोगों के साथ कैसा व्यवहार करता है जो उससे सहमत हैं, बल्कि इस पर निर्भर करता है कि वह अपने युवा नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है जब वे साहस, आशा और आस्था के साथ बोलने का साहस करते हैं।' पेपर लीक घोटाले से उपजे संकट के बीच छात्रों, विपक्षी दलों और अब सत्ताधारी गठबंधन के कुछ सांसदों की ओर से सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार की ओर से वांगचुक की नई मांगों पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। आने वाले घंटों में यह तय होगा कि सोनम वांगचुक अपना अनशन समाप्त करते हैं या जारी रखते हैं।

# जर्जर सड़क की अनदेखी

## लोक शिकायत विभाग के पोर्टल पर दर्ज की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शासन की मंशा है की 'हर गली पक्की, और हर गांव विकसित हो ' लेकिन विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत सिरैचा मे इसका उल्टा नजारा देखने को मिल रहा है 7 यहां ग्राम प्रधान ही नही बल्कि ग्राम सचिव भी कर रहे राजनीति जहा सरकारी धन का दुरुपयोग कर सिर्फ अपने चहेतों की गलियों में इंटरलॉकिंग करने और मुख्य मार्ग को नजर अंदाज करने का आरोप लगा है ग्राम निवासी अमित कुमार सिंह ने प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के पोर्टल पर पूरे मामले को लेकर शिकायत दर्ज कर जल्द से जल्द समस्या समाधान हेतु उचित कार्रवाई की मांग की है ***क्या है पूरा मामला*** ग्राम सिरैचा गांव के बीच से गुजरने वाला लगभग 100 या 150 मी0 का मुख्य खडंजा मार्ग पूरी तरह जर्जर और क्षतिग्रस्त है 7 बरसात में इस मार्ग पर भारी कीचड़ और जल भराव हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है इस समस्या को लेकर अमित सिंह ने पूर्व में संबंधित विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन आरोप है कि बिना मौके पर जांच किये और बिना सड़क बनवाये ही अधिकारियों द्वारा शिकायत को बंद कर दिया गया पीड़ित ने पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे द्वारा कई बार शिकायत की गई मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है ग्राम पंचायत सिरैचा का यह जो मुख्य मार्ग है इसी कीचड़ और जल भराव से अधिकारी कर्मचारी भी गुजरते हैं जिसके बावजूद भी उनकी नजर नहीं पड़ रही है पीड़ित शिकायत कर्ता ने बंद शिकायत को तत्काल प्रभाव से री ओपन कर खंड विकास अधिकारी नकहा या जिला पंचायत राज अधिकारी लखीमपुर खीरी जिले स्तर से टीम गठित करते हुए ग्राम पंचायत में निष्पक्ष जांच व स्थलीय भौतिक सत्यापन की मांग की है वही ग्रामीणों का कहना है यदि समय रहते इस मुख्य मार्ग की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले समय में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है अब देखना होगा कि शिकायतकर्ता की अपील पर प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।बिना शिकायतकर्ता से मिले मनमानी तरीके से दफ्तर में ही बैठ करके शिकायत का निस्तारण कर रिपोर्ट लगा दी गई है जिससे मुख्यमंत्री की जीरो टालरेंस की नीति को पलिता लगाया जा रहा है।

# पटियाला में विशेष जांच, 28 वाहनों के चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटियाला।** राज्य परिवहन आयुक्त, पंजाब, चंडीगढ़ के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) के सचिव ने 21 जुलाई को विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़कों पर चल रहे वाहनों की जांच की गई तथा मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन करने पर 28 वाहनों के चालान किए गए। इन चालानों की कुल राशि 7.82 लाख रुपये रही। सचिव ने बताया कि 23 फरवरी 2026 से 21 जुलाई 2026 तक कुल 939 चालान किए जा चुके हैं, जिनसे 2.97 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण ने सभी वाहन चालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज, जैसे पंजीकरण प्रमाणपत्र, फिटनेस प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, वैध बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, परमिट और कर संबंधी अभिलेख अद्यतन रखें। दस्तावेजों के अभाव या मोटर वाहन नियमों के उल्लंघन पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। विद्यालय बस चालकों को भी सुरक्षित विद्यालय वाहन नीति के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। नीति का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को बिना अनुमति वाले ऑटो, रिक्शा अथवा अन्य वाहनों से विद्यालय न भेजें। बच्चों को केवल वैध विद्यालय परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों से युक्त विद्यालय वाहनों में ही भेजें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू

**जालंधर।** जिला प्रशासन ने 15 अगस्त को स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में उपायुक्त वरजीत वालिया ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय कीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने बताया कि समारोह में आकर्षक मार्चपास्ट, विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक शारीरिक प्रदर्शन तथा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। वहीं संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल और प्रमुख चौराहों की सफाई, सजावट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन दल की तैनाती तथा चिकित्सकीय दल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# करोल बाग में बहुमंजिला इमारत में लगी आग

## पीजी में रह रहे दो छात्र सुरक्षित निकाले गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** करोल बाग थाना क्षेत्र में सोमवार को एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया। राहत की बात यह रही कि इमारत की ऊपरी मंजिल पर संचालित पीजी (पेइंग गेस्ट) में रह रहे दो छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इमारत की निचली मंजिल पर चमड़े के जूते बनाने की एक छोटी विनिर्माण इकाई संचालित होती है, जबकि ऊपरी मंजिल पर पीजी चल रहा है। आग लगने के बाद इमारत से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कराया और राहत कार्य शुरू कराया। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दमकल विभाग की पांच गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ताकि आग अन्य हिस्सों में न फैल सके। पुलिस ने भी मौके पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं और लोगों को सुरक्षित दूरीबनाए रखने की सलाह दी है। घटनास्थल पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस और दमकल विभाग आपसी समन्वय के साथ पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। अधिकारियों का कहना है कि आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद विस्तृत जांच की जाएगी। इसके बाद ही आग लगने के कारणों और संपत्ति को हुए नुकसान का सही आकलन किया जा सकेगा। पुलिस ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और पूरे मामले पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।



# स्मार्टपुर परियोजना की वार्षिक प्रदर्शनी एवं क्षमता विकास कार्यशाला का सफ़ल समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**असम धेमाजी।** धेमाजी जिले के कृषि विज्ञान केंद्र सिमेन छापरी में सोमवार को REACHA के तत्वावधान तथा Nokia के सहयोग से 'Smartpur Impact & InsightsÑ Annual Showcasing and Capacity Building Workshop' विषय पर वार्षिक प्रदर्शनी एवं क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य स्मार्टपुर परियोजना के तहत गत एक वर्ष में हुए कार्यों, उपलब्धियों और अनुभवों की समीक्षा करना तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं को अधिक प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ड. गुंजन गोगोई, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. घनकांत दले, RSETI के घनकांत बसुमतारी, REACHA के सौरभ शाह, मेदिनी ताशा एवं नबा कामन, IIE के धेमाजी जिला समन्वयक विजय दत्त, DCPU के प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी (DCPO) भुवन ताये, उप-विभागीय मत्स्य विकास अधिकारी जयंत मिली तथा REACHA के धर्मराज कार्की सहित स्मार्टपुर परियोजना के सभी कर्मचारी और विभिन्न केंद्रों की प्रबंधन समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को शिक्षा, रोजगार, सरकारी सेवाओं और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना स्मार्टपुर परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। प्रतिभागियों ने परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए अपने अनुभव साझा किए तथा भविष्य में इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी दिए।

# 150 ग्राम हेरोइन संग तीन तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लुधियाना।** पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा के निर्देश पर कमिश्नरेट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 150 ग्राम हेरोइन के साथ तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 हजार रुपये की नशीले पदार्थों की बिक्री से अर्जित राशि भी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, नाकाबंदी के दौरान सूचना मिली थी कि मोहम्मद नसीम, सनी जायसवाल और शिखा पांडे मोटरसाइकिल से हेरोइन की आपूर्ति करने जा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना जमालपुर पुलिस ने बालाजी कॉलोनी के पास घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल के दस्तावेज रखने वाले बॉक्स से 150 ग्राम हेरोइन, एक डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र तथा 25 खाली पारदर्शी मोमी पुड़ियां बरामद हुई। वहीं शिखा पांडे के कब्जे से 10 हजार रुपये नकद मिले, जिन्हें नशीले पदार्थों की बिक्री से अर्जित राशि माना जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना जमालपुर में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उन्हें न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा रिमांड लिया जाएगा, ताकि नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के बारे में पूछताछ की जा सके। बरामदगी में 150 ग्राम हेरोइन, 10 हजार रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल, दो स्कूटर, 15 मोबाइल फोन, एक डिजिटल तौल यंत्र तथा 25 खाली मोमी पुड़ियां शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के बैंक खातों में लगभग 9.13 लाख रुपये संदिग्ध राशि मिली है, जिसे जांच के बाद फ्रीज करने की कार्रवाई की जाएगी।

## जालंधर के दोहरे हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा, पुलिस पर की फायरिंग

**जालंधर।** जालंधर शहर के भार्गव कैंप थाना क्षेत्र में पिछले महीने हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपित शुभम उर्फ गुल्लू को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपित ने पुलिस टीम पर कई राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस दौरान आरोपित के घुटने में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस अब उससे दोहरे हत्याकांड, गैंग कनेक्शन और अन्य आपराधिक मामलों को लेकर पूछताछ करेगी। पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने बताया कि 12 जून को भार्गव कैंप क्षेत्र के तिलक नगर में सिमरनजीत सिंह और सौरभ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के दौरान 24 वर्षीय सिमरनजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गंभीर रूप से घायल 23 वर्षीय सौरभ ने अगले दिन अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।वारदात के बाद से मुख्य आरोपित शुभम उर्फ गुल्लू फरार चल रहा था।

## अबोहर नगर निगम में मेयर नहीं बने हलका इंचार्ज अरुण नारंग, दिया इस्तीफा



**अबोहर।** अबोहर नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बनने के बाद आम आदमी पार्टी में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। पार्टी के हलका इंचार्ज अरुण नारंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने नगर निगम में पार्टी का मेयर नहीं बन पाने की जिम्मेदारी खुद लेते हुए नैतिक आधार पर पद छोड़ने का फैसला किया। अरुण नारंग ने साफ किया कि उनका इस्तीफा केवल हलका इंचार्ज पद से है, पार्टी से नहीं। वह आगे भी आम आदमी पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे। नारंग ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया को ईमेल के माध्यम से भेज दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव में पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी और मेयर पद हासिल नहीं हो पाया। इसलिए उन्होंने इसकी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए पद छोड़ने का निर्णय लिया।

# राहुल गांधी की हिरासत के विरोध में उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी-** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अगुवाई में एवं पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा की मौजूदगी में कांग्रेस भवन पर सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए द्य राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव कर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया द्य शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई द्य तत्पश्चात किसानों की समस्याओं जैसे खाद की किल्लत, स्मार्ट मीटर में हो रहा धन उगाही को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी महोदय को सौंपा द्य उक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा ने केन्द्र सरकार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों की आवाज उठाने वालों पर मराठी चार्ज और आंसु गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए तानाशाही रवैया अपना रही है और जनता की मांग के बावजूद केंद्रीय मंत्री को बचाने का प्रयास कर रही है। साथ ही वर्मा ने यह भी कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं हो जाता हम कांग्रेस जन न चैन से बैठेंगे न ही बैठने देंगे द्य राहुल गांधी ने बार बार उन वर्गो की आवाज उठाई है जिनकी बात सत्ता तक नहीं पहुंची है द्य या दबाई गई है। राहुल जी देश की आम जनता की सबसे मज़बूत आवाज बनकर उभरे हैं द्य जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के बाहर राहुल गांधी का धरना केवल छात्रों के लिए न्याय की मांग नहीं था बल्कि यह संदेश भी था कि लोक तंत्र में जनता की आवाज किसी भी सत्ता से बड़ी होती है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी द्य उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, अमित गुप्ता, रवि तिवारी, देवेंद्र कुमार पंकज,शिव सहाय सिंह, पंकज शुक्ला, गंगा राम राजवंशी, रामजीवन राज, वरुण चौधरी, अन्नू मिश्रा, प्रेम वर्मा, मंजू मिश्रा, किरण पटेल तरुण शालू, अनंत है, राम पाल शाक्य अब्दुल कयूम लतीफ आजम हरगोविंद जी, नंद किशोर सत्ती सरन गौतम जावेद अली एडवोकेट , रसूल अहमद चांद, अदनान अंसारी सुधीर शुक्ला सुभाष वर्मा , मतीन शाह, राजेंद्र गुप्ता , विनय गुप्ता सलमान मंसूरी आदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# श्रीभूमि जिले के पूर्व हरिनगर में पारंपरिक रथयात्रा महोत्सव संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





श्रीभूमि- श्रीभूमि जिले के पूर्व हरिनगर स्थित भुवनेश्वर साधुठाकुर कला क्षेत्र में पारंपरिक उत्तर सिंगला रथयात्रा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष आनिपुर-सिंगला पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण पाँच रथ महोत्सव में शामिल नहीं हो सके। इसके बावजूद विभिन्न गांवों से कुल नौ रथों की भागीदारी के साथ उत्सव भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। गत 21 जुलाई को दोपहर 3 बजे से मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानों, आकर्षक स्टॉलों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों की उपस्थिति से पूरा परिसर जीवंत हो उठा। स्थानीय विधायक विजय मालाकार ने अपने पूर्व वादे अनुसार कला क्षेत्र परिसर के एक हिस्से में ब्लॉक बिछवाने की व्यवस्था कराई, जिससे श्रद्धालुओं ने संतोष व्यक्त किया। विधायक के अन्यत्र व्यस्त रहने के कारण समाजसेवी मनोज नाथ ने उनका प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने सनातन परंपरा की इस रथयात्रा को सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी श्रद्धालुओं के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कला क्षेत्र समिति के अध्यक्ष रुनु सिंह, समाजसेवी संजू शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंदिर एवं कला क्षेत्र परिसर में लायंस क्लब, रामकृष्णनगर शाखा के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की। वहीं मृणाल कांति राजकुमार के सहयोग से भगवान श्रीजगन्नाथ का खिचड़ी महाप्रसाद वितरित किया गया, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। संध्या के समय भगवान श्रीजगन्नाथ की आरती, दशावतार गीत, महिलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव का समापन हुआ। आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे तथा देशवासियों की शांति और कल्याण की कामना के उद्देश्य से आयोजित इस रथयात्रा महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों, पुलिस प्रशासन तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों के प्रति आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह और सचिव नीतु सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखा रहा प्रापर्टी डीलर, राज्य महिला आयोग ने लिया संज्ञान

**लखीमपुर-खीरी।** ब्लाक फूलबहेड, परगना श्रीनगर की ग्राम पंचायत महेवा के ग्राम बुढ़नापुर में प्रापर्टी डीलर द्वारा न्यायालय के आदेश की आड़ में सरकारी भूमि पर कब्जा करने और राजस्व रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले में उ.प्र. राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए शिकायत संख्या 20260022646 दर्ज की है। पीड़ित शारिक हुसैन जैदी ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में प्रापर्टी डीलर मनीष जैन, विनय जैन, लेखपाल पंकज तोमर और वासिर उर्फ नासिर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शारिक का कहना है कि गाटा संख्या 443 राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। इसी जमीन पर उनका 5 कमरे, दो बड़े बरामदे और एक हाल वाला मकान बना है। उनका परिवार यहां पिछले 50 सालों से रह रहा है। आरोप है कि 15 साल पहले मनीष जैन और विनय जैन ने पास के ग्राम पंचायत ओदरहना निवासी वासिर उर्फ नासिर से गाटा संख्या 431 खरीदा था। 431 के पश्चिम में और 443 के एक हिस्से में 34 फीट चौड़ा सार्वजनिक रास्ता है जो गाटा 443 में जाता है। इसी रास्ते को लेकर विवाद शुरू हुआ।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे कुलविंदर नजरबंद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलविन्दर सिंह गिल को पुलिस ने उनके निवास पर नजरबंद कर लिया। ज्ञात हो कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलविन्दर सिंह गिल को आज पुलिस-प्रशासन ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। इस अवसर पर श्री कुलविन्दर सिंह गिल ने कहा कि



लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात रखना और शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी को छात्रों के समर्थन में जाने पर गिरफ्तार करना तथा विरोध जताने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं को घरों में नजरबंद करना सरकार के तानाशाही रवैये को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से लोकतांत्रिक आवाज़ों को दबाया नहीं जा सकता। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'यह तानाशाही रवैया किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगा। श्री गिल ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार किसानों, युवाओं और छात्रों की समस्याओं के समाधान के बजाय उनकी आवाज़ को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसान, युवा और छात्र विरोधी सरकार बन चुकी है तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। अंत में श्री गिल ने कहा कि देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष आगे भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा।

# मंदिर के पास बंद नाला तोड़ने से बढ़ी परेशानी,सड़क पर बह रहा गंदा पानी

## स्थानीय लोगों में नगर निगम के खिलाफ रोष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी स्टेशन रोड स्थित राम जानकी मंदिर के समीप जलनिकासी की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम द्वारा बंद नाले को तोड़ दिया गया, लेकिन इससे समस्या कम होने के बजाय और गंभीर हो गई। पहले जहां बारिश का पानी सड़क पर जमा हो जाता था, वहीं अब नाला तोड़े जाने के बाद पानी तेज बहाव के साथ सड़क पर फैलने लगा है।स्थिति यह है कि सड़क पर लगातार बह रहे पानी के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राम जानकी मंदिर आने-



जाने वाले श्रद्धालुओं को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की टीम कई बार मौके पर पहुंची, निरीक्षण किया और फोटो खींचकर वापस लौट गई, लेकिन आज तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।क्षेत्रवासियों का आरोप है कि नगर निगम की लापरवाही के कारण स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। लोगों में नगर निगम के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त है और उन्होंने जल्द से जल्द प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात के दौरान हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। अब देखना यह है कि नगर निगम इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेकर कब तक प्रभावी कार्रवाई करता है।

# औद्योगिक क्षेत्र में जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, दोनों पक्षों की क्रॉस एफआईआर दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** थाना औद्योगिक क्षेत्र के जी-56 इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन/कारखाने को लेकर हुए विवाद ने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए, जिसके बाद दोनों ओर से एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, कूलर घास कारखाना संचालक निर्मल प्रकाश गुप्ता पुत्र स्वर्गीय चन्द्र किशोर गुप्ता निवासी पानदरीवा ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 21 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 1:43 बजे जेसीबी से तीन लोग उनके कारखाने पहुंचे। आरोप है कि जेसीबी चालक अतुल चक्रवर्ती पुत्र संजीव कुमार निवासी कठौली, मेजा तथा उसके दो अज्ञात साथियों ने कारखाने का गेट और बाउंड्रीवाल तोड़कर जबरन अंदर घुसने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके ऊपर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की। बचाव में पत्थर चलाने पर आरोपी जेसीबी लेकर भाग निकले। शिकायत के अनुसार पीछा करने पर रास्ते में पहले से घात लगाए लोगों ने उनकी चारपहिया वाहन का शीशा तोड़ दिया और उन्हें वाहन से उतारकर मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।वहीं, जेसीबी चालक अतुल चक्रवर्ती ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया कि वह किसी कार्य से औद्योगिक क्षेत्र जा रहा था, तभी निर्मल गुप्ता, अरुण मिश्रा एवं अन्य लोगों ने उनकी जेसीबी रोक ली। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद उन्हें जबरन जेसीबी से उतारकर एक कमरे में ले जाया गया, जहां लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की गई। इस हमले में उनका सिर फट गया तथा शरीर पर कई चोटें आईं। उन्होंने बताया कि डायल-112 पुलिस के पहुंचने पर उनकी जान बच सकी।

# कीचड़ से भरी सड़क पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने जताया विरोध

## ग्राम प्रधान और सचिव पर लगाये विकास में उपेक्षा के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कीचड़ भरी सड़क से ग्रामीणों का गुजरना मुहाल है। लंबे समय से ग्रामीण उक्त सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। लेकिन जिम्मेदारों के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर विकास में उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जल भराव सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध दर्ज कराया है। विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम महंदखास के ग्रामीणों ने जर्जर और कीचड़युक्त मार्ग पर धान की रोपाई कर ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का



आरोप है कि होली चौराहे से समीप माइनर तक जाने वाला मुख्य मार्ग पिछले कई वर्षों से बदहाल पड़ा है।बरसात में सड़क पर जलभराव और कीचड़ होने से गांव के लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम प्रधान से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि प्रधान ने चुनावी रंजिश और जातिगत भावना से प्रेरित होकर सड़क निर्माण नहीं कराया। विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क नहीं बनी तो आंदोलन किया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर तिरंगे को किया नमन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय ध्वज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तिरंगा ध्वज के समक्ष विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी तिवारी एवं छात्र नयनदीप मिश्र ने अपने ओजस्वी भाषणों के माध्यम से देश के वीर स्वतंत्रता



सेनानियों एवं बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सतीश शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, तिरंगे के तीनों रंगों तथा अशोक चक्र के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय ध्वज के गौरव के साथ-साथ देश के अमर क्रांतिकारियों के योगदान को याद करते हुए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# विधायक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** क्षेत्रीय भाजपा विधायक की अध्यक्षता में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद रहे पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष आदि ने सभी बूथ अध्यक्षों का मार्गदर्शन करते हुए बूथों को और अधिक मजबूत करने का मंत्र देते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प दिलाया। 129, विधानसभा विधायक बाबू राम पासवान ने बताया कि बुधवार का दिन पार्टी कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और ऊर्जा को समर्पित रहा। विधायक बाबूराम पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एक बैंकट हाल में भव्यता



के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय दुर्विजय सिंह शाक्य तथा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य रहे। उन्होंने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सभी बूथ अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और आगामी चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के लिए बूथों को और अधिक मजबूत करने का मंत्र दिया गया। सम्मेलन के दौरान पार्टी की रीढ़ बूथ अध्यक्षों को डायरी, पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। यहां कहा गया कि कार्यकर्ता आगामी चुनाव में ऐतिहासिक जीत की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों और कर्मठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालक जिला महामंत्री महादेव गाईन ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 दलजीत कौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, जिला मंत्री सृष्टि गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अतेंद्र पाल सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, गन्ना विकास समिति अध्यक्ष नितिन दीक्षित, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पाण्डेय, हर्षित चौधरी, पूरनपुर नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, घुंघचिहाई मण्डल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, कलीनगर मण्डल अध्यक्ष भगवती सिंह, सुल्तानपुर मण्डल अध्यक्ष मनोज वर्मा, रामनगर मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह सहित सभी पार्टी पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 24 घंटे के भीतर गुमशुदा बालक सकुशल बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बहरिया/प्रयागराज।** बहरिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर एक गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी माध्यमों की सहायता से बालक को सिकंदरा तिराहे से खोज निकाला और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### पढ़ाई छोड़ने की जिद में घर से निकला था बालक

पुलिस जांच में सामने आया कि 21 जुलाई को जौनपुर निवासी तौआब उर्फ तौफीक ने अपने बड़े बेटे के गुम होने की




सूचना दी थी। बालक 20 जुलाई की सुबह पढ़ाई के लिए महारानी कौशल्या देवी इंटर कॉलेज, धमौर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में जानकारी मिली कि बालक ने अपनी किताबें 1100 रुपये में बेच दी थीं और कहीं चला गया था। बरामदगी के बाद पूछताछ में बालक ने बताया कि उसका पढ़ाई में मन नहीं लगता था और वह पहले भी इस बारे में घरवालों को बता चुका था। जब उसकी बात नहीं मानी गई तो उसने अपनी किताबें बेच दीं और ऑटो से फूलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां से ट्रेन पकड़कर प्रयागराज जंक्शन आ गया, जहां वह पूरे समय स्टेशन के आसपास घूमता रहा। अगले दिन घर लौटने का मन होने पर वह ऑटो से सिकंदरा तिराहे पहुंचा, जहां घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे सकुशल बरामद कर लिया।

# झूंसी में 59.40 लाख रुपये की स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नारकोटिक्स टास्क फोर्स (अपराध शाखा) और थाना झूंसी पुलिस की संयुक्त टीम ने 59 लाख 40 हजार रुपये कीमत की स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 297 ग्राम स्मैक, बिक्री से प्राप्त नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट



के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार संयुक्त टीम ने 22 जुलाई 2026 को झूंसी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनौटी में कार्रवाई करते हुए राजा यादव (24 वर्ष), पुत्र वीरेंद्र सिंह यादव, निवासी ग्राम सोनौटी, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 297 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जो भुरभुरे तथा कुछ ठोस एवं पाउडरनुमा रूप में थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत 59 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है।

# संकुल स्तरीय शिक्षक मासिक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** संकुल स्तरीय शिक्षक मासिक संगोष्ठी संकुल रघुनाथपुर और भगवंतापुर व माधोटांडा के विद्यालयों में आयोजित हुई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय खमरियापट्टी में शिक्षक संगोष्ठी में स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों के नवीन नामांकन बढ़ाने, विद्यालयों को निपुण बनाने व छात्रों की उपस्थित शतप्रतिशत बढ़ाने पर विशेष बल दिया। संकुल रघुनाथपुर के प्राथमिक विद्यालय खमरियापट्टी में बुधवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों के शैक्षिक उन्नयन हेतु संकुल स्तरीय शिक्षक मासिक संगोष्ठी खण्ड



शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह एवं संकुल भगवंतापुर के प्राथमिक विद्यालय पताबोझी में नोडल शिक्षक सूर्यप्रकाश गंगवार की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों के नवीन नामांकन बढ़ाने, विद्यालयों को निपुण बनाने व छात्रों की उपस्थित शतप्रतिशत बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि कैच अप शिक्षण हेतु रणनीतियां तैयार करने, विद्यालयों में पठन पाठन संस्कृति को प्रभावी बनाने, दस प्रभावी शिक्षण व्यवहार को सभी अध्यापक पूरी लग्न व निष्ठा से विद्यालयों को निपुण बनाने एवं विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत बढ़ाने सहित शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष बल दिया। सभी शिक्षकों को बुनियादी दक्षताएं प्राप्त कराते हुए निपुण विद्यालय बनाने की शपथ दिलाई और निपुण भारत मिशन पर सभी शिक्षकों से अपने विद्यालयों के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने एवं छात्रों की उपस्थिति बढाने पर विशेष बल दिया। संगोष्ठी में शिक्षकों द्वारा गणित एवं विज्ञान किट का प्रदर्शन करते हुए उसके सदुपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा साझा की और विद्यालय में छात्रों के उपस्थिति बढ़ाने सम्बंधित आदि कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई और उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक पीटीएम/ एसएमसी की मासिक बैठकें करने, स्कूलों में बच्चों को समाचार पत्र और तकनीकी सूचनाएं पढ़ने पर बल देना, प्रेरणा पोर्टल व यूडाइस पोर्टल पर बच्चों के बराबर नामांकन करने, छात्रों की पोर्टल पर ऑनलाइन उपस्थिति प्रतिदिन दर्ज करने, विभाग से प्राप्त टीएलएम की धनराशि समस्त स्टॉफब्के शिक्षकों को उपलब्ध कराने, विद्यालय में शौचालय साफ सुथरा करने, परिसर की साफ सफाई करने, मार्च महीने में कम्पोजिट ग्रांट की व्यय की धनराशि से रंगाई पुताई कराने, प्रत्येक महीने में समस्त स्कूलों में तिथि भोजन करने के निर्देश दिए।

# भू जल सप्ताह के अंतर्गत इफको फूलपुर में जल संरक्षण पर प्रबंधन की बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 'भूजल सप्ताह' के अंतर्गत इफको फूलपुर इकाई में जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंध पी. के. सिंह, प्रमुख (अनुरक्षण) पी. के. पटेल, महाप्रबंधक श्री रत्नेश कुमार,अनिल कुमार गुप्ता, संयुक्त महाप्रबंधक संतोष कुमार सिंह, आर पी यादव, संजय कुमार, गोयल, एवं आशीष कुमार प्रमुख (कार्मिक एवं प्रशासन) शंभू शेखर, विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि




जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल एवं घरों में जल के विवेकपूर्ण उपयोग, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा जल संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए भूजल संसाधनों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

**इफको फूलपुर इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंध पी. के. सिंह, प्रमुख (अनुरक्षण) पी. के. पटेल, महाप्रबंधक श्री रत्नेश कुमार,अनिल कुमार गुप्ता, संयुत महाप्रबंधक संतोष कुमार सिंह, आर पी यादव, संजय कुमार, गोयल, एवं आशीष कुमार प्रमुख (कार्मिक एवं प्रशासन) शंभू शेखर, विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं बड़ी संया में कर्मचारी उपस्थित रहे।**

# पुलिस को चकमा देकर दिल्ली पहुँचे सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ समाजवादी नेता राजकुमार राजू अपने समर्थकों के साथ नई दिल्ली पहुँचे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। समर्थकों ने प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। राजकुमार राजू का दावा है कि उन्हें दिल्ली जाने से रोकने के लिए पूरनपुर स्थित उनके आवास पर पुलिस की निगरानी लगाई गई थी, लेकिन वह समर्थकों के साथ वहां से निकलकर दिल्ली पहुँचने में सफल रहे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि



विपक्ष की आवाज़ दबाने के लिए पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उनका कहना था कि शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन को रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी युवजन सभा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा गिरफ्तारियों और पुलिस पहरे से समाजवादी विचारधारा को नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि अन्याय और दमन के खिलाफ पार्टी का लोकतांत्रिक संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी और समाजवादी युवजन सभा के कई पदाधिकारी व समर्थक मौजूद रहे।

# अमेरिका बातचीत को तैयार ईरान गंभीर नहीं, फिलहाल उसकी हालत काफी खराबः रूबियो



**मनीला (एजेंसी)।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका अब भी ईरान के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वो इसे लेकर गंभीर नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूएस-इजरायल हमले की वजह से ईरान काफी परेशानी में है। रूबियो ने यह बयान बुधवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान दिया। उन्होंने कहा, 'अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे बातचीत को लेकर गंभीर नहीं हैं। अगर वे संजीदा होंगे, तो हम भी होंगे। अगर नहीं, तो हम अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए जो आवश्यक होगा, वह करेंगे।' होर्मुज पर हुकूमत को लेकर भी रूबियो ने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'उनका (ईरान) ये व्यवहार कि होर्मुज पर हम ही काबिज रहेंगे गलत उदाहरण पेश करता है। उनकी सोच कि हमें टोल दो नहीं तो तुम्हारे जहाज को उड़ा देंगे बेहद खतरनाक है। हो सकता है कि भविष्य में दुनिया के अन्य इलाकों में ऐसी ही चीजों को दोहराया जाए, ये फ्री नेविगेशन के लिए जरूरी है।' रूबियो के अनुसार, ईरान की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, 'ईरान इस समय काफी मुश्किल स्थिति में है। अमेरिका-इजरायल के साथ हुए संघर्ष में ईरान की अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है।' बाद में, अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की संख्या को लेकर पूछे गए सवाल पर रूबियो ने कहा कि किसी भी संघर्ष क्षेत्र में जाने पर खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा, 'जब भी आप किसी युद्ध क्षेत्र में होते हैं, तो उससे जुड़े खतरे होते हैं। तेहरान की जवाबी हमला की क्षमता पर कहा कि मौजूदा स्थिति इस बात को साबित करती है कि पिछले 20 वर्षों में ईरान ने अपने संसाधनों का निवेश इसी दिशा में किया है। उन्होंने कहा, 'यह वास्तव में इस बात को साबित करता है कि ईरान पिछले 20 वर्षों से अपने पैसे का इस्तेमाल इसी उद्देश्य के लिए करता रहा है।'

**रूबियो ने यह बयान बुधवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान दिया। उन्होंने कहा, 'अभी हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे बातचीत को लेकर गंभीर नहीं हैं। अगर वे संजीदा होंगे, तो हम भी होंगे। अगर नहीं, तो हम अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए जो आवश्यक होगा, वह करेंगे।' होर्मुज पर हुकूमत को लेकर भी रूबियो ने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'उनका (ईरान) ये व्यवहार कि होर्मुज पर हम ही काबिज रहेंगे गलत उदाहरण पेश करता है। उनकी सोच कि हमें टोल दो नहीं तो तुहारे जहाज को उड़ा देंगे बेहद खतरनाक है।**

# देहरादून के निजी स्कूल में छात्र से दुष्कर्म का आरोप, प्रिंसिपल गिरफ्तार

## 15 वर्षीय छात्र की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज, पुलिस कर रही मामले की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल में 15 वर्षीय छात्र के साथ कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्र के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने स्कूल के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य डॉ. सार्थक वोहरा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 20 जुलाई को पीड़ित छात्र के परिजनों ने प्रेमनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने बताया कि उनका बेटा पौंधा स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ता है। पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से परेशान और गुमसुम रहने लगा था। लगातार पूछताछ करने पर छात्र ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य उसके साथ अश्लील हरकतें करते थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है तथा सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि घटना 28 जून की बताई जा रही है। आरोप है कि छात्र के माता-पिता जब उससे मिलने स्कूल पहुंचे थे, तब आरोपी ने उन्हें भरोसे में लेकर बच्चे को अपने पास ही रुकने के लिए कहा। परिजनों की सहमति के बाद रात में भोजन के उपरांत छात्र अपने कमरे की ओर जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान प्रधानाचार्य ने उसे रोक लिया, अपने कमरे में सुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद छात्र भयभीत और मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। बाद में उसने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# झूंसी में विधानसभा बूथ सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का लिया संकल्प



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। झूंसी स्थित पैराडाइज़ में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी फूलपुर विधानसभा का बूथ सम्मेलन उत्साह एवं संगठनात्मक जोश के साथ आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभव नाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत बूथ संगठन है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने आगामी चुनावी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# डीजी के तबादले के बाद फायर विभाग में प्रशासनिक फैसलों पर उठे सवाल

## मुख्यालय में बैकडोर तैनाती और नियमों की अनदेखी के आरोप, शासन से निष्पक्ष जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सूत्रों के अनुसार, विभाग में कई अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले, मुयालय से संबद्धीकरण (अटैचमेंट), निलंबन तथा स्पष्टीकरण जैसी प्रशासनिक कार्रवाइयां की गई हैं। आरोप है कि फायर विभाग की नियमावली के अनुसार ऐसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय डीजी स्तर पर किए जाने चाहिए। यह भी आरोप लगाया गया है कि पूर्व डीजी सुजीत पाण्डेय द्वारा मुयालय से हटाए गए कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को दोबारा मुयालय में तैनाती दी गई है।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग में पूर्व महानिदेशक (डीजी) सुजीत पाण्डेय के केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद विभागीय प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विभाग के कुछ अधिकारियों और सूत्रों के हवाले से आरोप लगाए जा रहे हैं कि वर्तमान में डीजी का कार्यभार संभाल रहीं एडीजी पदमजा चौहान के कार्यकाल में प्रशासनिक नियमों की अनदेखी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में कई अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले, मुख्यालय से संबद्धीकरण (अटैचमेंट), निलंबन तथा स्पष्टीकरण जैसी प्रशासनिक कार्रवाइयां की गई हैं। आरोप है कि फायर विभाग की नियमावली के अनुसार ऐसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय डीजी स्तर पर किए जाने चाहिए। यह भी आरोप लगाया गया है कि पूर्व डीजी सुजीत पाण्डेय द्वारा मुख्यालय से हटाए गए कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को दोबारा मुख्यालय में तैनाती दी गई है। साथ ही एक सेवानिवृत्त गोपनीय सहायक को भी पुनः कार्य में लगाए जाने की चर्चा है। विभागीय सूत्रों का दावा है कि पूर्व डीजी द्वारा नियुक्त किए गए कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध विशेष रूप से कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि गाजियाबाद और नोएडा में लंबे समय से तैनात कुछ अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया गया, जबकि अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई। इससे विभाग में पक्षपात की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि एक वरिष्ठ अधिकारी, जो वर्तमान में एक जिले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) के पद पर तैनात हैं, मुख्यालय में रहकर प्रशासनिक निर्णयों को प्रभावित कर रहे हैं। इन आरोपों के बीच विभागीय कर्मचारियों में असंतोष की चर्चा है। आरोप लगाने वालों का कहना है कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से विभाग की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है तथा राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही इस संबंध में अग्निशमन विभाग या संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आई है। विभागीय सूत्रों ने शासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा नियमित डीजी की शीघ्र नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे और कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# हाईकोर्ट ने स्वीकार की विधायक की माफी, नसीहत भी दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज ।** मप्र हाईकोर्ट ने विजय राघौगढ़ विधायक संजय सतेंद्र पाठक की बिना शर्त माफी को स्वीकार करते हुए उनके विरुद्ध चल रही 'आपराधिक अवमानना' की कार्यवाही समाप्त कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पाठक की माफी इसलिए स्वीकार की जा रही है क्योंकि उनके कृत्य से न्याय के प्रशासन में कोई गंभीर बाधा पैदा नहीं हुई है। लेकिन कोर्ट ने पाठक को नसीहत देते हुए कहा कि - चूंकि आप निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं, इसलिए आपसे उम्मीद की जाती है कि भविष्य में सतर्क रहेंगे और ऐसी गलती नहीं दोहराएंगे। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डबल बेंच ने बुधवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में पिछले अदालती निर्णयों के उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा है कि - न्याय की गरिमा केवल दंड देने में नहीं, बल्कि गलती स्वीकार करने और पश्चाताप वाले को क्षमा करने में भी है। बेंच ने फैसले में स्पष्ट किया है कि किसी भी मामले से जुड़े व्यक्ति को न्यायाधीश से संपर्क, फोन या मैसेज करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। न्यायालय ने यह निष्कर्ष निकाला कि पाठक द्वारा फोन करना और परिचय का संदेश भेजना 'आपराधिक अवमानना' की परिभाषा के अंतर्गत आता है। गौरतलब है कि 15 जुलाई को कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख दिया था। यह पूरा विवाद उस घटना से जुड़ा हुआ है, जो पिछले साल 1 सितंबर 2025 को हुई थी। तब संजय पाठक और उनके परिवार से जुड़ी खनन कंपनियों पर 1200 करोड़ के जुर्माने से जुड़े केस में सुनवाई कर रहे जस्टिस विशाल मिश्रा ने अपने एक आदेश में उल्लेख किया था कि संजय पाठक ने उस मामले पर चर्चा करने के लिए उन्हें फोन करने का प्रयास किया था। इसी आधार पर जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को इस केस की सुनवाई से अलग कर लिया था।

### पाठक की दलील - शिष्टाचारवश भेजा था संदेश

**पाठक की ओर से कोर्ट में तर्क दिया गया था कि फोन कॉल गलती से लग गई थी और उसे उन्होंने तुरंत काट दिया गया था, जिसके बाद केवल शिष्टाचारवश एक संदेश भेजा था, जिसमें न्यायालय के प्रति श्रद्धा व्यत करते हुए माफी मांगी थी।**

# सुरवल में चलती कार के इंजन में लगी आग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय रीवा राजमार्ग पर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नारीबारी क्षेत्र के सुरवल चंदेल स्थित रिलायंस सीएनजी पंप के समीप चल रही एक कार के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते उसमें आग लग गई। घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। हालांकि चालक की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन राष्ट्रीय रीवा राजमार्ग से गुजर रहा था। सुरवल चंदेल स्थित रिलायंस सीएनजी पंप के पास पहुंचते ही इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ने तत्काल वाहन रोककर उसमें सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही क्षणों में इंजन से आग की लपटें उठने लगीं, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी।

**घटना के दौरान सड़क पर मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। हालांकि चालक की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन राष्ट्रीय रीवा राजमार्ग से गुजर रहा था।**

# छोटा चाका में युवक पर पत्थर से हमला, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी,प्रयागराज ।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के छोटा चाका गांव में मंगलवार को एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर नैनी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटा चाका निवासी शिवम शर्मा पुत्र शैलेंद्र शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही अंकुश शर्मा उर्फ रिशान्त शर्मा पुत्र सुधीर कुमार शर्मा तथा सूरज शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए विवाद किया। आरोप है कि दोनों ने उसे अकेला पाकर उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।पीड़ित का यह भी आरोप है कि घटना के बाद दोनों आरोपी गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।तहरीर में शिवम शर्मा ने यह भी उल्लेख किया है कि आरोपी अंकुश शर्मा उर्फ रिशान्त शर्मा के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।पीड़ित की शिकायत के आधार पर नैनी कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक में योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में बुधवार को दो महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित हुई। पहली बैठक में उपचारित जल के सुरक्षित पुनः उपयोग नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई, जबकि दूसरी बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर केंद्रित रही। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को अपने उपविधियों में संशोधन कर उपचारित जल के सुरक्षित पुनः उपयोग के प्रावधान शामिल करने तथा विभागवार पुनः उपयोग योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और जल उपयोग केंद्रों का जीआईएस आधारित मानचित्रण कराने पर बल दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) से प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के लिए शहर स्तर की पुनः उपयोग कार्ययोजना तैयार करने का अनुरोध करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य स्तर पर उच्चाधिकार प्राप्त समिति, तकनीकी समिति, जिला स्तरीय पुनः उपयोग समिति तथा विवाद समाधान समिति गठित करने का भी प्रस्ताव रखा गया। बैठक में नोएडा, मथुरा, कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी सहित विभिन्न शहरों में उपचारित जल के सफल उपयोग के उदाहरण प्रस्तुत किए गए। लखनऊ और वाराणसी में प्रस्तावित पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्कों के लिए एसटीपी के उपचारित जल के उपयोग की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि उपचारित जल की गुणवत्ता और मात्रा दोनों की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि औद्योगिक एवं अन्य उपयोगकर्ताओं का विश्वास बढ़े और जल संरक्षण को बढ़ावा मिले। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का औपचारिक शुभारंभ 26 जुलाई को आगरा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके साथ ही सभी जिलों में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सहायता प्राप्त एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के अधिकतम शिक्षकों को योजना से जोड़ा जाए तथा प्रत्येक जिले में कम से कम 20 लाभार्थियों को कैशलेस कार्ड वितरित किए जाएं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में कार्यरत सभी एन्यूमरेटर, सुपरवाइजर एवं अन्य कार्मिकों का मानदेय और प्रशिक्षण भत्ता 31 जुलाई तक उनके खातों में अनिवार्य रूप से हस्तांतरित किया जाए। बैठक में गोसंरक्षण की समीक्षा करते हुए 100 से कम गोवंश वाले गोआश्रय स्थलों के पशुओं को बड़े गोसंरक्षण केंद्रों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गोवंश की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त शेड, चबूतरे, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।

# राजकुमार सिंह फुलपुर व विवेक यादव बने कर्नलगंज के नए एसीपी।

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त के आदेश पर जारी प्रशासनिक फेरबदल के तहत नवागत एसीपी राजकुमार सिंह को




कर्नलगंज से हटाकर फुलपुर का सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बनाया गया है। वहीं एसीपी विवेक यादव, जो अब तक फुलपुर का कार्यभार संभाल रहे थे, उन्हें कर्नलगंज का नया एसीपी नियुक्त किया गया है।